e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 22
बुधवार
22.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
स्वीकार करने की हिम्मत और सुधार की नियत हो तो इंसान दुनिया में कुछ भी कर सकता है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के दुष्कर्मी को मिले मौत की सजा : ममता

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म और हत्या मामले में संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया है। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग करते हुए न्यायमूर्ति देबांगशु बसाक की खंडपीठ में याचिका दायर की है। मामले को दायर करने की अनुमति दे दी गई है। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार को सियालदह कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति दे दी, जिसमें आरजी कर अस्पताल के डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या मामले में संजय रॉय को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने मामले में एकमात्र दोषी रॉय को मृत्युदंड देने की मांग करने के लिए न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में अपील दायर करने का अनुरोध किया। इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने असंतोष जाहिर किया था। उन्होंने कहा था कि यह दुर्लभतम अपराध था, इसमें दोषी को फांसी की सजा सुनाई जानी चाहिए थी।

### भारत-म्यांमार सीमावर्ती इलाके में ऑपरेशन के दौरान असलहा बरामद

**कांगपोकपी (मणिपुर)** : उग्रवादी गतिविधियों की विश्वस्त सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने भारत-म्यांमार के सीमावर्ती इलाकों में जोरदार अभियान चलाया। अभियान के दौरान सीमावर्ती कांगपोकपी जिले के माओहिंग गांव (कांगपोकपी थाना क्षेत्र) में इस अभियान के दौरान भारी मात्रा में असलहा बरामद किए गए।बरामद सामग्रियों में एक देशी तोप (पम्पी), एक डबल बैरल बोर गन, एक .303 राइफल और मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल (देशी) और मैगजीन, दो नंबर 36 हैंड ग्रेनेड (बिना डेटोनेटर), चार 16 बोर की जिंदा गोलियां तथा सात 7.7 एमएम की खाली गोलियां शामिल हैं।इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### असम, मेघालय और पश्चिम बंगाल में 4.1 तीव्रता का आया भूकंप

**शिलांग** : मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में मंगलवार दोपहर को भूकंप के झटका महसूस किया गया। इस भूकंप की तीव्रता 4.1 तीव्रता रही। मेघालय के अलावा असम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। इससे किसीतरह के नुकसान की सूचना फिलहाल नही है।राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में दोपहर 12 बजकर 34 मिनट 02 सेकेंड पर आए इस भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का एपीक सेंटर मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स जिले में 25.34 उत्तरी अक्षांश तथा 91.17 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

### असम राइफल्स ने अगरतला में 12 करोड़ के याबा टेबलेट के साथ दो को पकड़ा

**अगरतला:** असम राइफल्स ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अपने अभियान के तहत पश्चिम त्रिपुरा के अगरतला के सालबागान क्षेत्र में 60 हजार याबा टेबलेट जब्त की हैं। असम राइफल्स ने मंगलवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत 12 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में बामुटिया गांव के कनाई दास (36) और रंगुटिया गांव किशन कुमार सरकार (32) को गिरफ्तार किया गया। जब्त टेबलेट और गिरफ्तार व्यक्तियों को आगे की कार्रवाई के लिए राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सौंप दिया गया है।असम राइफल्स ने क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।

### फिल्म अभिनेता सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिली

**मुंबई** : फिल्म अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार को दोपहर में लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई। इसके बाद सैफ अली खान अपनी पत्नी, फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर के साथ बांद्रा स्थित आवास पर पहुंचे। सैफ अली खान पर 16 जनवरी को उनके आवास पर हुए चाकू हमले के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सूत्रों के अनुसार सैफ अली खान का डिस्चार्ज पेपर सोमवार रात में ही तैयार कर लिया गया था। डॉक्टरों ने सैफ अली खान को घर पर एक महीने तक आराम करने सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि रीढ़ की हड्डी में लगा घाव गहरा है और उसे भरने में कम से कम एक माह का वक्त लग सकता है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |



कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्तावों पर लगी मुहार

## राज्यकर्मियों को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी।बैठक में राज्यकर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने की मंजूरी दी गई है। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत अनुसंधानकर्ता को 25 हजार तक का मोबाईल फोन उपलब्ध कराया जायेगा। इसी प्रकार द नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसस एक्ट के तहत दर्ज वादों को संज्ञान लेने एवं त्वरित निष्पादन के लिए विचारण के लिए चतरा में जिला न्यायाधीश स्तर के एक विशेष न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी गई है।यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। इन प्रस्तावों को मिली मंजूरीःस्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत झारखंड पारा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति।वित्तीय वर्ष 2024-2025 में झारखंड उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निर्बंधित अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए छह हजार रुपये वार्षिक प्रिमियम के रूप में कुल अनुदान राशि नौ करोड़ रुपये का भुगतान किये जाने के लिए, 65 वर्ष से अधिक उम्र के अधिवक्ता लाइसेंस प्रत्यर्पित करने वाले इच्छुक अधिवक्ताओं को पेंशन के रूप में प्रतिमाह सात हजार रुपये की दर से कुल एक करोड़ साठ लाख रुपये का अनुदान राशि भुगतान करने के लिए एवं नए अधिवक्ताओं को प्रथम तीन वर्ष की अवधि के दौरान वृत्तिका भत्ता के रूप में पांच हजार रुपये प्रतिमाह की दर से 50 प्रतिशत की समतुल्य राशि राज्य सरकार की ओर से प्रदान किये जाने के लिए कुल अनुदान राशि एक करोड़ पचास लाख रुपये यानी कुल बारह करोड़ दस लाख रुपये का उपबंध झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम के रूप में कराने की स्वीकृति।राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों, सदर अस्पतालों, अनुमण्डलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए वरीय अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक एवं आईटी एक्जक्यूटिव का पद सृजन की स्वीकृति।वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति।

छत्तीसगढ़ व ओडिशा फोर्स ने नक्सलियों के खिलाफ किया जॉइंट ऑपरेशन

# 20 नक्सली ढेर


### जॉइंट ऑपरेशन में मारा गया एक करोड़ का इनामी नक्सली

**एजेंसी**

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ और ओडिशा फोर्स द्वारा चलाए गए जॉइंट ऑपरेशन में एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया। वह नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी का मेंबर बताया जा रहा है।सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 20 माओवादियों के मारे जाने का दावा किया है. हालांकि पुलिस ने 14 संदिग्ध माओवादियों के शव बरामद किए हैं.मारे गए नक्सलियों में माओवादियों के सीनियर कैडर शामिल हैं। एनकाउंटर में एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह से कुल्हाड़ीघाट के भालुडिग्गी की पहाड़ियों पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चलते रहा. गरियाबंद मुठभेड़ पर आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं. एके 47, एसएलआर, इंसास और अन्य ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं.

### अंतिम सांस ले रहा है नक्सलवाद अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि नक्सलवाद को एक और करारा झटका. नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में हमारे सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है.ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने संयुक्त अभियान में नक्सलियों को ढेर कर दिया. नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है.



### मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा छत्तीसगढ़ सीएम

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से जारी मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा।



### सुरक्षाबलों की 10 टीम मुठभेड़ में शामिल

मुठभेड़ के बाद कि गई सर्चिंग के दौरान सबसे पहले दो नक्सलियों के शव मिले थे. इस दौरान एक घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया. छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सुरक्षाबलों की कुल 10 टीमें नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन को अंजाम दे रही है. सर्चिंग के दौरान और भी नक्सलियों के शव मिलने की संभावना जताई गई है. जो नक्सली मारे गए हैं, फिलहाल उनके शवों की पहचान की जा रही है.

### ओडिशा और छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना

### नक्सलियों की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों का एक्शन

ओडिशा और छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर कुल्हाड़ी घाट के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी. इस सूचना के मिलने के बाद ओड़िशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने एक साथ नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त ऑपरेशन लांच किया. कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट के घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया.

## सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की याचिका को किया खारिज

### सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रखा बरकरार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी से जुड़े मामले में झारखंड सरकार की याचिका को खारिज कर दी है.मामला 2022 में देवघर हवाई अड्डे पर एटीएस मंजूरी से जुड़ा है.दरअसल देवघर एयरपोर्ट पर एटीएस मंजूरी को लेकर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी को रद्द करने का आदेश झारखंड हाईकोर्ट ने दिया था. इसी आदेश को चुनौती देते हुए झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी. बता दें कि देवघर एयरपोर्ट पर कथित रूप से सुरक्षा नियमों का उल्लंघन को उड़ान भरने के मामले को लेकर दर्ज प्राथमिकी को झारखंड हाईकोर्ट ने इस आधार पर रद्द की थी कि विमान अधिनियम 2020 के अनुसार इस मामले में जांच के लिए पहले से मंजूरी नहीं ली गई थी.यह मामला 31 अगस्त 2022 का है. इस मामले में देवघर एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात डीएसपी की शिकायत पर देवघर के कुंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. इसमें बीजेपी सांसदों पर यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया है.

## तुर्किये : होटल में आग लगने से 66 की मौत

### गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई।



**एजेंसी**

**अंकारा** : तुर्किये के गृह मंत्री ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने आगे बताया कि इस आपदा में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्री येरलिकाया ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा, इस घटना से हम बहुत दुखी हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और रिपोर्टों के अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3ः30 बजे आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि, घटना के दौरान होटल में कुल 234 लोग ठहरे थे। गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई। एक स्थानीय टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। घटना के दौरान होटल में रुके स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वे इमारत से बाहर भागे। इसके बाद उन्होंने होटल से लगभग 20 लोगों को बाहर निकालने में मदद की।

## उत्तराखंड ने पीएम सूर्यघर योजना में दर्ज की है शानदार उपलब्धि : मुख्यमंत्री धामी

**एजेंसी**

**देहरादूनः** पीएम सूर्यघर योजना में लगातार चौथे साल उल्लेखनीय प्रदर्शन पर उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड को केंद्रीय नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय की ओर से पुरस्कृत किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तराखंड ने शानदार उपलब्धि दर्ज की है, यह योजना परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोतों पर निर्भरता कम करते हुए लोगों की आर्थिकी भी संवारने का एक माध्यम है. यूपीसीएल इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई का हकदार है।




मंगलवार को जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार यादव को यह पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें 9.5 करोड़ की प्रोत्साहन राशि शामिल है। यूपीसीएल के एमडी श्री अनिल कुमार यादव ने बताया कि योजना के तहत उत्तराखण्ड में अब तक 14 हजार से अधिक घरों के ऊपर सोलर रूफ टॉप स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे करीब 50 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इस मौके पर सचिव ऊर्जा डॉ.आर मीनाक्षी सुंदरम, अपर सचिव रंजना राजगुरू भी उपस्थित थे।

## भाजपा के संकल्प पत्र में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को संकल्प पत्र को जारी किया। भाजपा तीन चरणों में संकल्प पत्र जारी कर रही है। जिसमें से आज दूसरा भाग जारी किया गया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया है।भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। दो बार की यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी होगी। यह मोदी की गारंटी है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने आपके सामने पहले अपनी बात रखी थी, आज उसके दूसरे भाग को लेकर मैं आप सबके सामने आया हूं।आगे कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
सतर्क रहे! ठंड में हार्ट अटैक का खतरा 30% ज्यादा होता है
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदगंज प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न विभागों ने भाग लिया। स्वास्थ्य मेला में 610 मरीजो का निःशुल्क इलाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद गोरांग महतो, सिविल सर्जन पलामू डॉ.अनिल कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी रणवीर कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. शशिभूषण, युवा प्रतिनिधि आरोग्य समिति नितीश सिंह, मुखिया विकास सिंह, युवा समाजसेवी आश्विनी कुमार सिंह, उप प्रमुख नगीना सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वास्थ्य मेला में टी.वी, मलेरिया, कुष्ठ , हड्डी , आँख, गर्भवती, कैंसर नियंत्रण, आयुष्मान कार्ड, ओरल कैंसर, आयोडिन, सामान्य चिकित्सा, दंत निकित्सा व अन्य विभागो का कैंप लगाया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर, सी एच ओ, ए एन एम, अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार, बीएओ नौशाद आलम आदि उपस्थित थे।

## डायन प्रथा अंधविश्वास है, इसके चक्कर में न पड़ें : निलेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन के किशुनपुर मे ओपी प्रभारी निलेश कुमार के नेतृत्व में डाइन प्रथा अंधविश्वास से दूर होने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में किशनपुर बीजेपी मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, पूर्व मुखिया धीरेंद्र नारायण उपाध्याय, सहित ग्रामीण उपस्थित थे। यह डायन प्रथा अभियान किशनपुर चौक होते हुए राजकीय कृत हीरानंद लक्ष्मी उच्च विद्यालय तक पहुंचा। स्कूल परिसर में प्रिंसिपल अनिता कुमारी के संरक्षण में सभी स्कूल के विद्यार्थियों को डायन प्रथा एक अंधविश्वास के बारे में बताया गया। स्कूल के विद्यार्थियों को ओपी प्रभारी निलेश कुमार ने बताया कि डायन बिशही एक अंधविश्वास है, इसके चक्कर में नहीं पड़ना है। इस कार्यक्रम का पुरजोर अभिनंदन स्कूल के प्रिंसिपल ने भी किया। वह भी स्कूल के विद्यार्थियों को डायन उन्मूलन के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। यह सब अंधविश्वास है। इसके चक्कर में ना पड़े।

## बराही धाम परिसर में कीर्तन सह भंडारा का हुआ आयोजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश के हुसैनाबाद अनुमंडलीय चर्चित बराही धाम परिसर में मंगलवार को भंडारा सह कीर्तन का आयोजन किया मौके शिवांग चैरिटेबल ट्रस्ट बराही धाम के संयोजक रणधीर कुमार सिंह ने कहा की मंदिर परिसर हर मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जाता हैं और हजारों से अधिक श्रद्धालूओं महाप्रसाद ग्रहण पाकर शुद्ध होते हैं। उन्होने कहा की श्री हरि के भजन कीर्तन करने से क्षेत्र में वातावरण शुद्ध होता है। मौके पर राहुल सिंह रोहित सिंह प्रमोद सिंह विक्की कुमार विनोद सिंह पंचम कुमार सहित अन्य लोगो ने भजन कीर्तन में सहभागिता निभाया।

## डैम निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन के सेमरी पँचायत के किसैनी बेट्टीबाँध (सतबहिनी नदी) खननवा राजडेरवा के पास डैम निर्माण को लेकर जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता सुनील बिरुआ पूरी टीम के साथ स्थलीय निरक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह सहित स्थानीय किसैनी गाँव के लोग उपस्थित थे। कार्यपालक अभियंता सुनील बिरुआ ने बताया की डैम निर्माण की स्थल स्थिति की प्रारंभिक मुआयना किया गया। डैम निर्माण हेतु डीपीआर अगले वितीय वर्ष में भेजेंगे। डैम निर्माण के लिये फारेस्ट विभाग से क्लियरेंस सहित ग्रामीणों को भूमि देना होगा। जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने बताया कि तत्कालिक विधायक बर्तमान में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रयास से 1988, 2004, एवं 2009 में डैम निर्माण हेतु डीपीआर बनाया गया था। डैम निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ भी कराया गया था। डैम बन जाने से पूरे पाटन में सिचाई की सुविधा हो जाएगा।

# लालगढ़ पीएम श्री मध्य विद्यालय में हुआ पोशाक का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत राजकीय पीएम श्री मध्य विद्यालय मे बच्चों के बीच स्कूली पोशाक वितरण की गई। इस पोशाक वितरण के अवसर पर लालगढ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, देवेन्द्र चौधरी व विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ललिता देवी, संयोजिका मीना देवी, हेडमास्टर विनोद कुमार पांडेय, शिक्षक हरिशंकर मिश्र, विनय कुमार ओझा, श्री कांत ओझा, अभिमन्यु चौधरी , इंद्रजीत कुमार, मंजू देवी समेत पंचायत के गण्यमान लोग उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने शिक्षा से संबंधित बच्चों के बीच अपनी बात को रखी और बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी, वही प्रधानाध्यापक विनोद पांडे ने बच्चों को बताया सरकार की तरफ से पढ़ाई से संबंधित हर संसाधन आप सभी के बीच दी जा रही है, ऐसे मैं आप सभी का दायित्व होता है मन लगाकर पढ़ना एवं पढ़ाई पूर्ण कर एक अच्छे नागरिक बन कर देश सेवा करना है।

## रसोइयों को प्रशस्ति पत्र दे कर किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत संकुल स्तरीय रसोईया सह सहायिका के लिये कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम में किया गया। इस प्रतियोगिता में सीआरसी के सात विद्यालयों के रसोईया सह सहायिका ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सभी रसोइया सह सहायिका ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यजंन बनाया। प्रतियोगिता में अच्छा व्यजंन बनाने वाले रसोइया के चयन के लिये पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल बनाया गया था जिसमे शालू कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजली कुमारी, रीमा कुमारी व नंदनी कुमारी शामिल थी। निर्णायक मंडल ने राजकीय उच्च विद्यालय चितविश्राम की रसोईया सुनीता देवी को प्रथम तथा नव प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा के गायत्री देवी को द्धितीय पुरस्कार के लिये चयन किया। सीआरपी सजंय कुमार सिंह व द्वारिका नाथ पांडेय ने सुनीता देवी (प्रथम) व गायत्री देवी (द्धितीय) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर द्वारिका नाथ पांडेय ने कहा आप सबों ने अपने अपने विद्यालय में प्रतिदिन बड़ी मेहनत व लगन से भोजन बनाकर खिलाती है, इसके लिए आप सभी रसोईया बहने बधाई के पात्र हैं।आप सबों की जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। मौके पर सीआरपी संजय कुमार सिंह, शिक्षक जगतनाथ राम, संजय कुमार, शिक्षिका प्रियंका पांडेय, रेणु कुमारी, पूनम कुमारी, सहित विभिन्न विद्यालयों के रसोईया सह सहायिका उपस्थित थी।

## ओवरलोड पत्थर लदे दो हाइवा को सीओ ने पकड़ा



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना अंतर्गत ओवरलोड हाईवे पर लगातार करवाई जा रही है छतरपुर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार ने सोमवार शाम कि मंन्देया नदी के पुल के समीप दो आवरलोडेड पत्थर लदे हाइवा ट्रक जेएच 12ऐन 4931और जेएच 03ऐ जे 6162को पकड़ा। और दोनों गाड़ियों को जप्त कर छतरपुर थाना भेज दिया छतरपुर सीओ ने कहा कि राजस्व चोरी को रोकने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। छतरपुर के आर्थिक विकास में खनन पथर माइंस का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन राजस्व को चोरी इसे बाधित कर रही है। यह स्थिति किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं है और ओवरलोड हाईवे पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसमें किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

## प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने बीएलओ के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह ने प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को आगामी 25 जनवरी को प्रत्येक मतदान केंद्र पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर इएलसी का गठन किया गया है वहां मतदाता प्रतिज्ञान, सभी नये निबंधित मतदाताओं के बीच मतदाता पहचान पत्र वितरण करें। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान चलाने सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की जानकारी दिया। बैठक में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, बीएलओ पर्यवेक्षक अमन कुमार केशरी, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, बीएलओ सुनीता देवी, रवीना बानो, शशि देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, आशा देवी सहित सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## जरूरतमंद लोगों के बीच पंसस ने किया कम्बल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती करकट्टा पंचायत के पंसस श्रीमति बसंती देवी ने मंगलवार को अपने पंचायत के अंतर्गत गरीब असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान बुजुर्ग व दिव्यांग के अलावा गरीब असहाय लोगों मौजूद रहे। उक्त मौके पर पंसस बसंती देवी ने बताया कि अत्याधिक ठंड का प्रकोप को देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा पंचयात में कम्बल मुहैया करायी गई थी जो जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण की गई। मौके पर शिक्षक जनेश्वर राम, भगवान यादव, कलावती देवी, सुषमा देवी, लाल विहारी सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.जिसमें महिलाओं को जागरूक करते हुये सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने पर चर्चा हुयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रशासन। द्वारा अनुशंसित समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने किया. यहां बताते चलें कि गोरखनाथ पांडेय ने बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डो में शिविर लगाकर मईया सम्मान योजना से वंचित महिलाओं का सैकड़ों आवेदन संग्रहित कर अंचल कार्यालय में जमा कराया था.जिसमे से 556 महिलाओं को योजना का लाभ मिलना भी शुरू हो गया है. योजना की लाभुक महिलाओं ने कार्यशाला में बिश्रामपुर अंचलाधिकारी राकेश तिवारी को सम्मानित भी किया. समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने बताया कि बिश्रामपुर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिये पिछ्ले तीन दशक से प्रयासरत रहा हूं. इसके अलावा कई उल्लेखनीय समाजसेवार्थ कार्य भी किया हूं. जिसके लिये जिला प्रशासन द्वारा हमेशा सहयोग भी मिलता रहा है. श्री पांडेय ने कहा कि आगे भी समाज को जागरूक करने का हमारा प्रयास जारी रहेगा. मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## उमवि हरनी में बच्चों के बीच हुआ ड्रेस का वितरण



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विधालय हरनी टोला नवखिला में मंगलवार के पंचयात के पंसस श्रीमति बसंती देवी की गरिमायी उपस्थिति मे ड्रेस का वितरण किया गया। उक्त मौके पर पंचायत समिति सदस्य श्रीमति बसंती देवी ने कहा कि सभी बच्चें को प्रतिदिन यूनिफर्म के साथ विधालय आने के लिए आग्रह किया। वही पर उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावक लोगों से निवेदन किया है कि प्रतिदिन अपने बच्चों के ससमय स्कूल भेजें। शिक्षा वह शेरनी की दूध है जो पीयेगा वही दहाड़ेगा। वही पर मौजूद विधालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव श्री भगवान यादव से आग्रह किया है कि बच्चों के शिक्षा के साथ कोई समझौता कदापि न करें। मौके पर विधालय के प्रधानाध्यापक श्री भगवान यादव, संयोजिका कलावती देवी, अध्यक्ष प्रमोद राम, सुषमा देवी, लालविहारी सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## मईया समान योजना में लाखों रुपये गटक रहे है सीएससी संचालक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी प्रखंड के खुटिया पंचायत अंतर्गत भुमफोर गांव निवासी अनिता देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर, मईयां सम्मान योजना के राशि में धोखा धड़ी का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग किया है। उनका कहना है कि खुटिया के प्रज्ञा केंद्र संचालक पिंटू कुमार गुप्ता ने योजना की राशि अपने व अपने रिश्तेदारों के खातों में ले लिया है। जिससे उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल सका।अनिता देवी व फुल मतिया देवी ने बताया कि जब से हम ने मईयां सम्मान योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया है तब से लेकर अब तक उन्हें इस योजना का कोई लाभ नहीं ले पाई है बार-बार बैंक का चक्कर काट चुकी हैं, लेकिन उनके खाते में धनराशि जमा नहीं हुई। इसके बजाय पिंटू गुप्ता ने अपने खाते में राशि स्थानांतरित कर लिया है। उन्होंने बताया कि योजना की पांच किस्तों की राशि भी उनके खाते में नहीं आई और सारी राशि प्रज्ञा केंद्र संचालक पिंटू कुमार के खाते में चली गई।अनिता देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से निवेदन किया कि उनके खाते में राशि का सुधार करते हुए उन्हें मईयां सम्मान योजना का लाभ प्रदान किया जाये।उन्होंने पिंटू कुमार गुप्ता पर कानूनी कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव को भी आवेदन दिया है और न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हमें आवेदन प्राप्त हुआ है और इसमें जो भी दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं खुटिया पंचायत के पूर्व मुखिया लक्ष्मण प्रसाद यादव ने भी इस मुद्दे पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रज्ञा केंद्र संचालक पर कानूनी करवाई होना चाहिये।

# गढ़वा एसडीओ को राष्ट्रीय ध्वज से सम्मानित किया तिरंगा वाले शौकत खान ने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लगातार दस वर्षों से अधिक समय से गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, ईद, और दीपावली पर हर घर तिरंगा का अलख जगाने वालें राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निशुल्क बैंक गढ़वा के संस्थापक तिरंगा वाले शौकत खान ने गढ़वा अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार को जनहित में उनके लगातार सराहनीय कार्य के लिए उन्हें राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के तहत राष्ट्रीय ध्वज भेटकर उन्हें सम्मानित किया और उन्हें गरीबों का अनोखा बैंक मेगज़ीन भेट किया। इस अवसर पर शौकत खान ने कहा कि आज मुझे ऐसे समाजिक शख्सियत को सम्मानित करने का सौभाग्य मिला है जो अपनी प्रशासनिक सेवा के साथ-साथ मानवता कि सेवा में चौबीस घंटे आम नागरिकों कि सेवा में समर्पित रहते है। वे अपनी कर्तव्य एवं निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करते हैं। हमने अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार को अनेक पदों पर रहते हुए उनके ऐतिहासिक प्रशासनिक सेवा को देखा है। जैसे गढ़वा में कार्यपालक अधिकारी के रुप तो लोकसभा चुनाव में राज्य में सहयोगी चुनाव आयोग के पदाधिकारी के रुप में और अब एसडीओ गढ़वा के रूप में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराकर गढ़वा के एक एक नागरिकों के दिल में जगह बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे आम नागरिकों के सेवा में हर पल हर समय उपस्थित रहते हैं। कोई भी नागरिक कभी भी गढ़वा एसडीओ से मिल सकते हैं और अपनी बात को रख सकते हैं। वहीं राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के तहत सम्मानित होकर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि तिरंगा वाले शौकत खान का ऐतिहासिक सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है और अब तक दो लाख से अधिक गरीबों को तिरंगा ये भेटकर चुके हैं। वैसे भी इनकी निस्वार्थ सेवा कार्यो को मैं बहुत वर्षो से जानता हूं और समाज एवम् देश हित में लगातार सेवा देने वाले शौकत खान जैसे नेक सोच रखने वाले और भी शौकत कि हमारे समाज को जरूरत है।

## जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने बड़की चाँपि एवं सलगी पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**कुडू-लोहारदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने आज कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चाँपि एवं सलगी पंचायत भवन जिला परिसद लोहरदगा से कराए जा रहे मरमती कार्य का निरीक्षण किया ।साथ ही साथ उन्होंने सलगी पंचायत में बनाए रहे लैंपस भवन का भी निरीक्षण किया ।इस मौके पर रीना कुमारी भगत ने बड़की चापि पंचायत भवन मरमती कार्य देखकर काफी संतुष्ट नजर आए, इस मौके पर उन्होंने कहा कि बड़की चापि पंचायत भवन का मरमती कार्य अच्छा हुआ है, इसमें बड़की चाँपि पंचायत के जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग संवेदक को प्राप्त हुआ जिससे कार्य अच्छा हुआ है। इस मौके पर उन्होंने सलगी पंचायत भवन मरमती कार्य का निरीक्षण के क्रम में काफी असंतुष्ट नजर आए।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा० लि० 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो० न० 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, बुधवार, 22 जनवरी 2025 | पेज 3

## संक्षिप्त खबरें

### शहर में आवारा कुत्तों से आमजन परेशान

**रांची।** रांची नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 53 वार्डो में आवारा कुत्तों ने आतंक मचाया हुआ है जिससे बुजुर्गों को मॉर्निंग वॉक और इवनिंग वॉक के टाइम बहुत ही परेशानी हो रही है , साथ ही साथ स्कूल आते जाते वक्त छोटे छोटे बच्चों पे भी आवारा कुत्ते अचानक हमला कर देते हैं। जिसमें कितने बच्चे घायल भी गए है। कुत्तों का डर इतना बच्चों के परिवारवालों के दिलों पे घुस गया है कि वो बच्चों अब अपने घर से बाहर निकल कर खेलने भी नहीं देते है ।इस संबंध में रांची नगर निगम आयुक्त से अपील की गई है कि आवारा कुत्तों का आतंक शहर से खत्म करने की पहल करे और निगम के एनिमल इंफोर्समेंट टीम के द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़कर शहरवासियों के दिलों से आवारा कुत्तों का डर को निकाले, ताकि शहरवासी बिना डर भय के मॉर्निंग,इवनिंग वॉक कर सके और स्कूली बच्चे भी बिना डर के स्कूल और ट्यूशन आए जाए और खुशी खुशी खेले कूदे इस कार्य के लिए शहरवासी आपका आभारी रहेंगे। उक्त अपील समाजसेवी इमरान रजा ने की है।

### कनीय अभियंता को चुनाव जीतने पर किया गया स्वागत

**रांची।** ई संजीत कुमार, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्ण रेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल रांची संप्रति विभागीय सचिव डिप्लोमा अभियंता संघ झारखंड को चुनाव जीतने के बाद कार्यालय आने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यपालक अभियंता (जेईएसए मेंबर ), प्रभु शंकर राम (पूर्व अध्यक्ष), उदय नारायण शर्मा, धर्मनाथ राम, रामेश्वर सिंह, सभी सहायक अभियंता, रोहित उरांव, रोहित केशरी, रिषभ देव त्रिपाठी कनीय अभियंता एवं प्रमंडल के कर्मचारीगण द्वारा बुके एवं माला देकर स्वागत किया गया।

# हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार से आम आदमी प्रभावित स्कूली बच्चे भी भ्रष्टाचार की चपेट में : बाबूलाल मरांडी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा के नेतृत्व में लोहरदगा से चलकर रांची आए सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक,एसटी मोर्चा के सुनील फकीरा कच्छप उपस्थित रहे।सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुकरु उरांव,शशि नंदन भगत, तपेश्वर प्रजापति, एतवा उरांव,इलीशिबा मिंज,तारा भगत,सुरेशचंद्र साहू, लोलेन एक्का,बिमोला मिंज,विनोद यादव,दीपक कुमार,कैलाश चौधरी,अशोक चौहान,अशोक सिंह,कमलेश्वर सिंह,लाल विकार नाथ शाह देव,मुकेश कुमार सिंह,रेशमी टोप्पो सहित लोकहित अधिकार पार्टी के लोहरदगा जिला के पदाधिकारी,सदस्य गण शामिल हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है जिसके 12.5करोड़ से अधिक सदस्य हैं। पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और दुनियां के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व प्राप्त है।कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ गांव , गरीब, किसान,दलित आदिवासी,की सेवा कर रही। आत्म निर्भर भारत,विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है। उन्होंने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार में रोज नए नए भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे। आम आदमी भ्रष्टाचार की चपेट में है।

### केंद्र सरकार के 1300 करोड़ का हिसाब दे राज्य सरकार : भाजपा




रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता एवं गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार वर्ष 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से खर्च हुए 1300 करोड़ का हिसाब नहीं दे पा रही है.उन्होंने कहा कि 15वें वी आयोग की सिफारिश राज्य सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र में 2370 करोड़, ग्रामीण स्थानीय निकायों (पंचायत) को 6585 करोड़, नगर निकायों को 3367 करोड़ और आपदा प्रबंधन विभाग को 3138 करोड़ रुपए की राशि 2026 तक मिलेगी। 5 साल तक ये मिलेगा। (90 केंद्र- 10 राज्य)मंडल ने कहा कि 15वें वित्त (2021- 2026) आयोग का कार्यकाल समाप्त होने वाला है और 16वें वित्त आयोग के गठन से पहले भारत सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे इनडीएमआईइस (ह्ष्ठस्ढ्ढस्) पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करें.मंडल ने कहा कि कृषि विभाग ने सूखा राहत के लिए आपदा फंड का इस्तेमाल किया, लेकिन इसका हिसाब अभी भी लंबित है 600 करोड़ स्वास्थ्य विभाग का अकेले 700 करोड़ का हिसाब बाकी है. इसमें कोरोना महामारी के दौरान जिलों को भेजी गई राशि भी शामिल है.उन्होने कहा कि भविष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े कुछ प्रमुख निकाय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपना काम करने में सक्षम नहीं हो पायेगी. फण्ड न मिलने से राज्य भर में जल और जलवायु परिवर्तन, भूवैज्ञानिक आपदा, औद्योगिक आपदा, मानव निर्मित आपदाएँ, प्रभावित हो जाएगी.उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए की स्वस्थ विभाग के 700 करोड़ और कृषि विभाग के 600 करोड़ कहाँ गए - पैसा गबन हो गया, भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गए की हिसाब नहीं मिल रहा? मंडल ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए की आपदा से लड़ने के लिए कितनी राशि सरकार के पास है और भविष्य में यदि आपदा जैसी परिस्थितिथि आती है तो सरकार कैसे लड़ेगी।

### 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यर्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवी के छात्र-छात्राओं ने बारहवी के छात्रो को गुलाब पुष्प देकर विद्यालय में उनका स्वागत किया। इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिककार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्कूल के पेटर्न ने बच्चों को उनके बोर्ड एग्जाम के लिए और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।स्कूल चेयरमैन और प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने भी छात्रों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने छात्रों के भावी जीवन की सफलता के लिए उन्हंप्रित करते हुए स्मृति चिन्ह भी भेंट किए । ग्यारहवीं के विद्यर्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यर्थियों को उपहार और टाइटल देकर सम्मानित किया। 11वीं के छात्रोंने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी बोर्ड परीक्षा हेतु शुभकामनाएँ दी।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर डीजीपी ने किया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखंड, राँची के नेतृत्व में सभी जिलों में -22.01.2025 को पुनः आयोजित होने वाले ÷जन शिकायत समाधान कार्यक्रम÷ को लेकर पुलिस मुख्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की गयी। पूर्व में -10.09.2024 एवं 18.12.2024 को आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के संबंध में व्यापक रूप से समीक्षा करते हुए तथा -22/01/2025 को पुनः आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर पुलिस महानिदेशक, झारखंड, रॉंची द्वारा निम्नांकित निर्देश दिये गये। आम नागरिकों से प्राप्त शिकायत पत्र का निष्पादन त्वरित गति से करना सुनिश्चित किया जाय। अगर ऑन द स्पॉट शिकायत का समाधान करना संभव हो तो उसका समाधान उसी समय करना सुनिश्चित करे।शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना यथाशीध शिकायत्तकर्ता को उपलब्ध करायी जाय।शिकायतकर्ता के आवेदन पत्र के



आलोक में आवश्यकतानुसार प्राथमिकी अवश्य दर्ज की जाय। प्रत्येक जिला में ऑन लाईन शिकायत हेतु मोबाईल/वॉट्सऐप नम्बर तथा ईमेल आईडी की व्यवस्था कर आम नागरिकों के बीच प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित की जाय ताकि आम नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर ऑन लाईन शिकायत पत्र प्रेषित कर सके। आम जनता से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायतों को उचित रजिस्टर में संधारित करते हुये पावती संख्या के साथ सम्पर्क नम्बर भी उपलब्ध करायी जाय, ताकि शिकायतकर्ता द्वारा अपने शिकायत की जानकारी प्राप्त की जा सके। इस बैठक में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अनुराग गुप्ता के अतिरिक्त मनोज कौशिक पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय झारखण्ड, अमोल विनुका होमकर पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) झारखण्ड, प्रभात कुमार पुलिस महानिरीक्षक (वि0शा0) झारखण्ड,असीम विक्रांत मिंज पुलिस महानिरीक्षक (अप0अनु0वि0) झारखण्ड ए0 वियजालक्ष्मी पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) झारखण्ड, कार्तिक एस0 पुलिस उप-महानिरीक्षक (झा0स0पु0) राँची, धनंजय कुमार सिंह पुलिस उप-महानिरीक्षक (जंगलवार फेयर स्कूल नेतरहाट), अश्विनी कुमार सिन्हा पुलिस उप-महानिरीक्षक (वायरलेश) झारखण्ड राँची, शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवाल पुलिस उप-महानिरीक्षक (भ्र0नि0ब्यूरो) राँची, चंदन कुमार झा पुलिस उप-महानिरीक्षक (एस0आई0बी0) झारखण्ड, प्रियदर्शी आलोक पुलिस उप महानिरीक्षक (रज), अमित रेणु पुलिस अधीक्षक (अभियान) झारखण्ड भौतिक रूप से एवं सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / क्षेत्रीय उप-महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से उपस्थित रहें।

## वक्फ के लिए पहले से ही पर्याप्त कानून बना हुआ है : इबरार अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वक्फ़ संशोधन विधेयक 2024 पर झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के बुद्धिजीवी धार्मिक विद्वान और सामाजिक व राजनीतिक विशेषज्ञयों का विचार जानने और वक्फ़ संशोधन बिल के अच्छे और बुरे परिणामों के विषय में उनके विचार से अवगत होने के लिए संयुक्त संसदीय समिति संयुक्त पार्लिमेंट्री समिति (जेपीसी) की प्रमुख लोगों के साथ बैठक और परिचर्चा कोलकाता के होटल आईटीसी सोनार में किया गया, जिसमें बंगाल एवं झारखण्ड के कई समाज के महत्वपूर्ण शख्सियतों ने अपने अपने विचार रखे । परिचर्चा में झारखण्ड वक्फ़ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद ने कहा कि वक्फ के लिए पहले से ही पर्याप्त



कानून बना हुआ है , वक्फ बिल में संशोधन से बेहतर होगा कि पहले बने क़ानून के अनुसार उनके नियमों को ही लागू किया जाए । झारखंड अंजुमन के कनवेनर जुनैद अनवर ने कहा कि वक्फ़ बिल में संशोधन से संविधान द्वारा प्रदत सामाजिक एवं धार्मिक स्वतंत्रता का हनन होगा , वक़्फ़ का मामला पूरी तरह से धार्मिक है और संशोधन के नाम पर हम से हमारे धार्मिक अधिकारों को छीनने की कोशिश है , जिसे हम कतई स्वीकार नहीं कर सकते। इमारतें सरिया झारखण्ड बिहार के कई ज़म्मिदारों ने भी उक्त बिल का पुरज़ोर विरोध किया । बैठक में झारखंड में मो सकील ख़ालिद ,सैफुल्लह, अनवर क़ासमी सहित कई महत्व पूर्ण लोगों ने हिस्सा लिया।

## 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाई जाए : एसडीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अनुमंडल पदाधिकारी से निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में 63 रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी इलेक्टरल लिटरेसी क्लब के नोडल ऑफिसर के साथ एक बैठक किया गया।बैठक में सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने महाविद्यालय विद्यालय में 25/1/ 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाई जाए। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता निबंध लेखन।वाद विवाद रियल मेकिंग गीत।चित्रकला आदि प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाए।उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।महाविद्यालय एवं विद्यालयों से आए हुई



नोडल ऑफिसर द्वारा प्रभात फेरी प्रतियोगिता एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करने का वचन लिया गया।

**बेहतर कार्य करने को किया सम्मानित:** उत्कर्ष कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची द्वारा विगत विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहायक निर्वाची पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी निर्वाचन शाखा, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी पदाधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक ,कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। सम्मानित कर्मचारियों ने इस सम्मान को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

## जिला शिक्षा अधीक्षक से मिले अभिभावक और छात्रगण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांके कुम्हरिया स्थित पी एम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल के अध्यक्ष सिकंदर लोहारा एवं संयोजिका विनीता देवी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने उपायुक्त कार्यालय स्थित जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज उनके कक्ष में मुलाकात की। इस अवसर पर स्कूल के छात्र एवं उनके अभिभावक गण मौजूद थे। सभी ने संयुक्त रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें स्कूल के अध्यक्ष सिकंदर लोहारा एवं बच्चों ने स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक




प्रसाद के द्वारा किए जा रहे अनियमितता और दुर्व्यवहार एवं कानून का उल्लंघन करने की शिकायत की। स्कूल के प्राचार्य के द्वारा प्रथम वर्ग से दसवीं वर्ग तक के छात्रों को अपने कोई सगे सम्बंधियों से मिलकर स्कूल में सभी छात्रों से 100 रुपयों की राशि लेकर टाई , बेल्ट और आई कार्ड, बेचे जाने की शिकायत की है। साथ ही साथ स्कूल के चलने वाली मिड डे मील में मनमानी कर अध्यक्ष एवं संयोजिका को बिना कोई सूचना जानकारी दिए हुए अपने मनचाहा तरीके से खरीद कर चलाने का भी आरोप लगाया हैं। बच्चों ने भी अपनी बातों को रखा। जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने कहा कि ये मामला चिंताजनक है। सारी मुद्दा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द आरोपियों पर कार्रवाई करूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभिभावक भोला महतो, प्रह्लाद महतो, सत्यम कुमार, अरुण उरांव साथ ही स्कूल के सैकड़ों छात्र मौजूद थे ।

## आरडीसीआईएस, सेल और आईआईटी खड़गपुर के बीच हुआ समझौता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आरडीसीआईएस, सेल और आईआईटी खड़गपुर ने हाइड्रोजन आधारित डायरेक्ट रिडक्शन प्रणाली के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए आरडीसीआईएस, सेल, रांची और आईआईटी, खड़गपुर ने हाइड्रोजन आधारित डायरेक्ट रिडक्शन आयरन मेकिंग (डीआरआई) यूनिट के विकास पर सहयोग करने के लिए इस्पात भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए। इसमें सेल की और से महादेव राय, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) एवं आई.आई.टी. खड़गपुर की और से प्रो. एस.बी.सिंह ने हस्ताक्षर किये7 इस समझौते के तहत, आरडीसीआईएस, सेल एवं आईआईटी खड़गपुर संयुक्त रूप से आरडीसीआईएस में एक पायलट-स्केल हाइड्रोजन आधारित डीआरआई इकाई और आईआईटी में एक प्रयोगशाला पैमाने की इकाई स्थापित करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं की खोज और विकास करेंगे। यह परियोजना आईआईटी खड़गपुर की इस्पात मंत्रालय द्वारा सहायता प्राप्त परियोजना है, जिसमें सेल-आरडीसीआईएस इसके उद्योग भागीदार के रूप में है, जिससे स्टील उत्पादन के पर्यावरणीय क्षति को कम करने में सफलता मिलने की उम्मीद है, जो वैश्विक जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप स्टील उद्योग के स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर बोलते हुए, संदीप कुमार कर, कार्यकारी निदेशक (आरडीसीआईएस) ने विश्वास व्यक्त किया कि आईआईटी खड़गपुर के साथ हाइड्रोजन आधारित डीआरआई इकाई का सफल कार्यान्वयन स्टील उद्योग की कार्बन उत्सर्जन को कम करने, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर मानस पल्लीवाल और आरडीसीआईएस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## डीड नंबर की हेराफेरी पर लगेगी लगाम, घटेंगे लंबित म्यूटेशन के मामले : दीपक बिरुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड में जमीन संबंधित विवाद और इसपर पनपे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए भू राजस्व विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ सतत प्रत्यनशील है। उन्होंने अब फर्जी डीड पर लगाम लगाने की तैयारी कर ली है। मंत्री ने भू राजस्व विभाग को इसके लिए खास एक्शन प्लान के तहत एनआईसी के सॉफ्टवेयर में सुधार करने का निर्देश दिया है।

**डीड के आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा करते हैं डीड अप्लाई:** मंत्री श्री दीपक बिरुआ ने फर्जी डीड के माध्यम से किये जानेवाले भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि, जब कोई व्यक्ति डीड अप्लाई करता है, तो संबंधित व्यक्ति को डीड का यूनिक नंबर मिलता है। लेकिन उसमें छोटीङ्मोटी खामियां निकालकर उसके डीड को कैंसिल कर दिया जाता है। ठीक इसके कुछ ही दिन बाद दोबारा संबंधित व्यक्ति के उसी डीड नंबर को उसके आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा डीड अप्लाई करवाया या किया जाता है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी चक्कर में लंबित म्यूटेशन के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने निदेश दिया कि विभाग, एक ही जमीन के लिए दोबारा डीड अप्लाई करने पर पूरी तरह से लगाम लगाए ताकि, फर्जी डीड बनाकर गलत तरीके से म्यूटेशन करने पर भी रोक लग सके।



**एनआईसी उम्दा सॉफ्टवेयर तैयार करे, रुकेगा फर्जीवाड़ा :** मंत्री दीपक बिरूआ ने एनआईसी को निर्देश देते हुए कहा है कि एनआईसी उम्दा सॉफ्टवेयर बनाए। दोबारा डीड अप्लाई करने पर तत्काल उसपर रोक लगाने की दिशा में काम करें। इससे विभिन्न अंचलों में लंबित म्यूटेशन के मामले घटेंगे। साथ ही अंचल कर्मियों को जमीन संबंधित बाकी काम निपटारा करने में सहूलियत होगी।

**कई आदिवासी मूलवासियों को नहीं मालूम जमीनी बातें, बिचौलिया न उठाएं गलत लाभ :** मंत्री ने कहा कि झारखंड में आदिवासी मूलवासियों को कई मायने में जमीन के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने या अन्य छोटे मोटे कार्यों के लिए बारङ्कबार अंचल और यहां वहां दौड़ना पड़ता है। उसका बिचौलिया गलत लाभ उठाते। किसी भी हाल में जमीन संबंधित विवाद पर फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आमजनों की तमाम समस्याओं पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है।

**पुरखों की जमीन पर गलत करने वालों पर होगी कार्रवाई :** उन्होंने कहा है कि पुरखों की जमीन पर कुछ अंचलाधिकारी कर्मी किसी खास व्यक्ति के इशारे पर, जमीन अपने नाम या किसी चहेते के नाम कराने का धंधा चला रहे है। ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर, उनपर कार्रवाई की जाएगी। गलत व्यवस्था पर अबुआ सरकार कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी।

## टिकट दलाली एवं कालाबाजारी से निपटने में रेलवे सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय रेलवे टिकट प्रणाली में टिकट दलाली और कालाबाजारी की समस्या, विशेष कर यात्रा के व्यस्त अवधि के दौरान, एक बड़ी चुनौती पेश करती है। ये अवैध गतिविधियां न केवल वास्तविक यात्रियों के लिए टिकटों की निष्पक्ष पहुंच को बाधित करती हैं, बल्कि रेलवे प्रणाली में जनता के विश्वास को भी कमजोर करती हैं। इस समस्या के समाधान और रेलवे सेवाओं तक निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा व्यापक और बहुआयामी रणनीति लागू की गई है।

**रेलवे सुरक्षा बल द्वारा की गई पहल** :रेलवे सुरक्षा बल के साइबर सेल बुकिंग पैटर्न की सावधानीपूर्वक जांच करते हैं ताकि विसंगतियों की पहचान की जा सके और टिकट काउंटरों और साइबर कैफ़े को लक्षित करके सटीक कार्रवाई की जा सके। इन सक्रिय उपायों के परिणामस्वरूप अनधिकृत टिकटों को जब्त किया गया है और कई दलालों को पकड़ा गया है, जिससे उनके अवैध धन सृजन स्रोतों में काफी कमी आई है।

**डिजिटल निगरानी :** उन्नत तकनीकी उपकरणों का उपयोग करते हुए, आरपीएफ ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफ़ॉर्म की निरंतर निगरानी करता है। बल्क बुकिंग और अनियमित लेनदेन सहित संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करके और टिकट काउंटरों पर सीसीटीवी लगाकर, आरपीएफ कालाबाजारी का पता लगाने और उसे प्रभावी ढंग से रोकने की अपनी क्षमता को मजबूत करता है।

**आईआरसीटीसी के साथ सहयोग :** आरपीएफ संदिग्ध खातों की पहचान करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर काम करता है। इस सहयोगात्मक पहल का उद्देश्य एजेंट



और व्यक्तिगत उपयोगकर्ता आईडी दोनों के दुरुपयोग को रोकना है, जिससे अधिक सुरक्षित और पारदर्शी टिकटिंग प्रणाली सुनिश्चित हो सके।

**जागरूकता अभियान :** जन जागरूकता के महत्व को समझते हुए, आरपीएफ विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर शैक्षणिक अभियान चलाता है। ये पहल यात्रियों को अनधिकृत गतिविधियों की सूचना देने के बारे में जानकारी देती हैं और आधिकारिक और अधिकृत चैनलों के माध्यम से टिकट बुक करने के महत्व पर जोर देती हैं।

**प्रौद्योगिकी एकीकरण :** आरपीएफ ने अपने साइबर सेल को अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर से लैस किया है ताकि टिकटिंग सिंडिकेट को प्रभावी ढंग से ट्रैक और नष्ट किया जा सके। यह तकनीकी उन्नति बल को तेजी से परिष्कृत हो रहे दलाली नेटवर्क का मुकाबला करने में सक्षम बनाती है।

**विधिक कार्यवाही :** टिकट दलाली में लिप्त अपराधियों को रेलवे अधिनियम के तहत कठोर दंड का सामना करना पड़ता है, जिसमें कारावास भी शामिल है। हाल ही में न्यायिक निर्णयों ने टिकट दलाली को ÷सामाजिक अपराध÷ के रूप में वर्गीकृत करके इस मुद्दे की गंभीरता को उजागर किया है।

**आरपीएफ के प्रयासों का प्रभाव :** आरपीएफ द्वारा की गई रणनीतिक पहलों से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं। कई हाई-प्रोफाइल दलाली गिरोहों को ध्वस्त किया गया है और हजारों अपराधियों को पकड़ा गया है। इन प्रयासों से बड़ी मात्रा में अवैध टिकटों की।

## मनोज को मिलेगा जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लेखक व कला समीक्षक मनोज कुमार कपरदार को वर्ष 2025 का जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान प्रदान किया जायेगा। सम्मान देने का निर्णय जयशंकर प्रसाद विचार मंच ,रांची के द्वारा लिया गया है। यह सम्मान इन्हें गोस्सनर कॉलेज, रांची के सेमिनार हॉल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 30 जनवरी को प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी जयशंकर प्रसाद विचार मंच के संस्थापक सचिव सुरेश निराला ने मंगलवार को दी। यह सम्मान विगत नौ वर्षो से लगातार झारखंड के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों को दिया जाता है। मनोज कुमार



कपरदार को यह सम्मान कला संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिये प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार के रूप में स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, अंगवस्त्र और उपहार प्रदान किया जायेगा। मनोज कुमार कपरदार झारखंड के कलाकारों और कलाकृतियों पर निरंतर लेखन कार्य कर रहे है। इनके लेखन से झारखंड की कला को एक राष्ट्रीय पहचान मिली है।

## बजरंग बली मंदिर सरदुला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाला गया

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 24 जनवरी बजरंग बली मंदिर सरदुला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मंगलवार को करीब 200 महिला एवं युवतियों कलश यात्रा निकाला गया. ज्ञात हो कि सरदुला गांव में 24 जनवरी को बजरंग मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को सरदुला गांव से सैकड़ो महिलाओं का कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा सरदुला गांव से जय श्री राम, बजरंग बली की जय के जय जय कारें लगाते सरदुला पलसा-ककरिया रोड़ स्थित कारो नदी से जल उठाकर फिर से बजरंग बली मंदिर सरदुला पहुंचकर जलाभिषेक किया गया. कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि खूंटी विधायक राम सूर्या होकर कहा आज बहुत खुशी का दिन है धार्मिक अनुष्ठान से लोगों में आस्था बढ़ती है और क्षेत्र में खुशहाली आती है. वही विधायक राम सूर्या मुंडा ने बजरंग बली मंदिर परिसर सेंड व चबूतरा देने के बात कही. बजरंग बली मंदिर सरदुला में मंगलवार को कलश यात्रा एवं शुक्रवार 24 जनवरी को शिव नंदी का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमे विधिवत पूजा अर्चना समुन्दर गांव से आये पंडित निधेश शर्मा के द्वारा कराया गया. वही मंगलवार रात्रि को बंजरग बली मंदिर प्रांगण में 12 घंटा अखंड किर्तन कार्यक्रम रखा गया है. कार्यक्रम पर मुख्य रूप से बमरजा पंचायत मुखिया अनूप कुजूर, जोनसन होरो, दिलीप बैठा, महादेव मुंडा, घासिया उरांव मौजूद रहे.

## प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागर बुढ़मू में सभी विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागर बुढ़मू में सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित कि गयी। बैठक की अध्यक्षता कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया। बैठक में सभी विभागों में चल रहे सभी सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। और सभी विभागों में चल रहे सरकारी योजनाओं में परेशानी को जल्द ठीक करने का आदेश दिया, साथ ही अबुआ आवास, डोभा, कुआं, और हर पंचायत में पांच नलकूप लगाने का बात कहा, साथ ही कहा कि किसी भी ग्रामीण को जमीन का रसीद नहीं कट रहा है या ऑनलाइन नहीं हुआ है, तो उसे जल्द से जल्द ठीक करें, इस बैठक में बुढ़मू अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, बीडीओ धीरज कुमार, खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू , जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपेई, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश महतो, ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार, बुढ़मू बीएसओ रोहित भगत,उप प्रमुख हरदेव साहू, कृषि पदाधिकारी कमल उरांव, झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, जाकिर हुसैन, पेयजल विभाग के जेई दीपांकर कुमार, जेई सहबाज, जेई अमित कुमार, मुखिया रामबृत मुंडा, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी सहित कई विभाग के पदाधिकारी, अधिकार, जेई, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।



## 38 किसानों के बीच बीज का किया गया वितरण

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी प्रखंड के कुर्गी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से उद्यान विकास योजना के अंतर्गत क्षेत्र के 38 किसानों के बीच बीज का किया गया वितरण। कूर्गी पंचायत के सेमरा और तिलकसूती गांव के 38 किसानों के बीच गरमा बीज वितरण के तहत कद्दू, खीरा, टमाटर, नेनुआ व बैगन का बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण कांग्रेस प्रखंड सह मुखिया रमेश महली द्वारा किया गया। मौके पर उद्यान मित्र मनोज कुमार महतो, कृषि मित्र देवदास ज्ञानदीप तिर्की कूर्गी लैम्प्स अध्यक्ष सोमा उरांव उपस्थित थे। ज्ञात हो कि इस वर्ष इटकी प्रखंड के कुल 331 किसानों के बीच बीज का वितरण किए जाने का लक्ष्य है।




## सीसीएल द्वारा सीएसआर के तहत मिले कंबल का भाजपा पिपरवार मंडल ने किया वितरण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के लिए उपलब्ध कराये गये कंबल का भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा वितरण किया गया।इस अवसर पर किचटो पंचायत मे कार्यक्रम आयोजित कर दर्जनो गरीब,असहाय,वृद्ध एंव जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया।इस संबंध में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी के निर्देश पर सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत कंबल उपलब्ध कराया गया था,जिसका वितरण किया गया।उन्होंने बताया कि कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ते ठंड के प्रकोप के देखते हुए गरीबों को कंबल प्रदान किया गया है,इससे गरीबों को ठंड से राहत मिलेगी।इधर कंबल मिलने के बाद गरीब एवं असहाय लोगों ने सीसीएल प्रबंधन सहित सांसद एवं विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है।इस अवसर पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, अरुण सिंह,राघवेंद्र कुमार, जगदीश महतो,राजेश सिंह, माधुरी देवी,उर्मिला देवी सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## डीएवी बचरा मे आपदा से निपटने के लिए बच्चों को कराया गया मॉक ड्रील का अभ्यास

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया।इस संबंध मे विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का अभ्यास कराने का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति जैसे भूकम्प,आग लगने की स्थिति, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आपातकालीन संकटों से निपटने के लिए तैयार करना है।उन्होंने बताया कि विद्यालय में आपदा की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया दी एवं कैसे बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए इसकी जानकारी अभ्यास करके दी गई।मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक आपातकालीन की स्थिति में 1 मिनट 48 सेकंड में सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का अभ्यास कराया गया।अभ्यास के दौरान घायल बच्चों का त्वरित तरीके से उपचार भी कराया गया।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से स्कूल के बच्चों में जागरूकता पैदा होती है।बच्चे आपातकालीन स्थिति में कैसे निपटे इसकी जानकारी उन्हें प्रदान होती है।यह अभ्यास स्कूल के शिक्षक एसके पांडेय के नेतृत्व में कक्षा नवम के छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।



## मारुति सुजुकी ने ई विटारा लॉन्च की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीकार्बोनाइजेशन और सभी के लिए मोबिलिटी के आनंद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एस्‍डूस्) ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी पहली बेव (बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल) एसयूवी- ई विटारा के साथ-साथ व्यापक ई मेरे लिए इलेक्ट्रिक इको-सॉल्यूशन का अनावरण किया है। ग्राउंड-अप हार्टेक्ट-ई प्लेटफ़ॉर्म पर निर्मित, ई विटारा बेहतरीन प्रदर्शन और बेहतरीन रेंज प्रदान करता है, साथ ही बिना किसी समझौते के आराम और सुरक्षा भी देता है। प्रीमियम नेक्सा चैनल में पेश किए जाने के लिए तैयार, ई विटारा में नेक्सा के नवाचार, परिष्कार और प्रीमियम ग्राहक अनुभव के मुख्य मूल्य समाहित हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** उपायुक्त, ह लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थो के अवैद्य खनन एवं परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैद्य खनन स्थलों को चिन्हित कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैद्य खनन एवं परिवहन के मार्गो पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, एमवीआई, सीओ एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया जाए। बैठक में उपायुक्त ने कैटेगरी 1 अंतर्गत पंचायत स्तर के घाटों को सक्रिय करने एवं मुखिया समेत अन्य पंचायत स्तरीय जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। संचालित स्टॉक यार्ड से बालू प्राप्त करने को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। वहीं स्टॉक यार्ड द्वारा यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त होने पर जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि खूंटी जिला में झारखंड राज्य खनिज विकास निगम द्वारा संचालित डोरमा एवं पाण्डु बालू स्टॉक यार्ड से बालू की खरीदी जा सकती है, इसके लिए वेबसाइट jsmdc-sand.jharkhand.gov.in पर पंजीकरण कर बालू प्राप्त किया जा सकता है। साथ हीं 6 निजी स्टॉक यार्ड भी संचालित है। इनमें सोदे रानिया, बकसपुर जरियागढ़, अरमेरा तोरपा, सर्गेया अड़की, मेरोमबीर रनिया एवं तपकरा स्थित स्टॉक यार्ड शामिल है। इस बैठक में अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई खूंटी, एनडीसी सहित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# पिपरवार पुलिस ने फरार अभियुक्त के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान, साटा इश्तिहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार पुलिस ने फरार अभियुक्त के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया।पुलिस द्वारा अभियुक्त के घर जाकर छापेमारी की और अभियुक्त के नही मिलने पर इश्तिहार साटकर उन्हे आत्म सर्मपन करने की चेतावनी दी है।मिली जानकारी के अनुसार पिपरवार पुलिस ने पिछले 18 वर्ष से फरार चल रहे पिपरवार थाना कांड संख्या 60/2007 के फरार अभियुक्त अशोक लोहरा पिता मधु लोहरा,ग्राम सुकुमार थाना कुडू जिला लोहरदगा के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। लोहरदगा के कुडू थाना पुलिस के सहयोग से पिपरवार पुलिस उनके घर पहुंची जहां आरोपी का घर में ताला लगा हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर एवं चौक चौराहा में इश्तिहार साटकर आत्म सर्मपन की चेतावनी दी है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी कई वर्षो से फरार चल रहा है और माननीय न्यायालय चतरा के द्वारा वारंट जारी किया गया है।न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए आरोपी के घर एवं चौक चौराहों पर इश्तिहार साटा गया है।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व 18 दिसम्बर 2024 को भी अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय चतरा के द्वारा आदेश जारी किया गया था,उस वक्त भी आरोपी फरार था और उसके घर मे ताला लगा हुआ था।उन्होने कहा कि यदि जल्द अभियुक्त आत्म समर्पण नहीं करता है तो न्यायालय के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।साथ ही उन्होंने कहा कि फरार अभियुक्त के खिलाफ पिपरवार पुलिस के द्वारा आगे भी इस तरह का छापेमारी अभियान जारी रहेगा।इस छापेमारी अभियान में पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान एवं कुडू थाना पुलिस की टीम शामिल थी।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष परवेज आलम ने किया 100 कंबंल का वितरण

# जब भी मेरा जरूरत पड़े बेझिझक संम्पर्क करें, आपका भाई, आपका बेटा हमेशा आपके सेवा में तत्पर रहेगा : परवेज आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष परवेज आलम ने मंगलवार को कराँजी, जराटोली, मसियातु, ईटा, दरसिला में निजी खर्च पर गरीब, असहायों, वृद्धों व जरूरतमंदों के बीच100 कंबल का वितरण किये। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशियां देखी गई और लोगों ने परवेज आलम का आभार व्यक्त किया। कंबल वितरण के दौरान जराटोली गांव में विगत दो वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल समसाद अंसारी को आर्थिक सहयोग भी किये। मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष परवेज आलम ने कहा कि इस सर्दी में की ठंड से बचना बहुत जरूरी है। हमारा कर्तव्य है कि हम जरूरतमंदों की मदद करें और उन्हें कठिन समय में सहारा दें। ठंड से बचाव के लिए कंबल का यह छोटा सा योगदान सेवा का एक हिस्सा है। गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होने आगे कहा कि हम आपके बीच हमेशा रहने वाले हैं, जब भी मेरा जरूरत पड़े बेझिझक संम्पर्क करें। आपका भाई, आपका बेटा से हमेशा आपके सेवा में तत्पर रहेगा। मौके पर सहबान अंसारी, जकिर अंसारी, मोबारक अंसारी, तबरेज, खालिद, मकबुल अंसारी, रबुल अंसारी, वाहिद , भिम लोहरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# माँ काली की प्रतिमा का कराया गया नगर भ्रमण



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चूरी कॉलोनी में चल रहे चार दिवसीय महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन मां काली की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया. मंगलवार को आयोजित नगर भ्रमण कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. काली मंदिर परिसर से नगर भ्रमण के लिए खुले वाहन को फूलों से सजाया गया. उस पर मां काली की प्रतिमा को रखकर गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाली गयी. मौके पर मौजूद महिलाओं ने एक दूसरे को अमीर गुलाल लगा कर नाचते झूमते जुलूस की शक्ल में नगर भ्रमण में शामिल हुयी. मां काली की प्रतिमा शिव मंदिर परिसर में भी लाया गया जहां पर लोगों के द्वारा प्रतिमा का स्वागत किया गया. कॉलोनी का नगर भ्रमण करने के बाद प्रतिमा को वापस काली मंदिर परिसर लाया गया. जहां पुजारी के द्वारा संस्कार कर प्रतिमा को उतारा गया. महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञशाला की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी. आज यानि बुधवार को मां काली की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा. इसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. प्राण प्रतिष्ठा के बाद बुधवार की शाम काली मंदिर परिसर में मां काली की भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा.

# वक्फ कानून संशोधन बिल पर इरफान अंसारी की पहल, मुस्लिम अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री से की विशेष ध्यान देने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** मंगवार को वक्फ कानून संशोधन बिल 2024 को लेकर झारखंड में मुस्लिम अधिकार मंच ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस मुद्दे पर मंच ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। मंच ने बिल के संभावित प्रभावों को मुस्लिम समुदाय के अधिकारों के लिए हानिकारक बताया है और इसे पुनर्विचार के लिए केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने की अपील की है।

**झारखंड को नजरअंदाज करने पर नाराजगी :** मंच ने इस बात पर गहरा रोष प्रकट किया है कि संयुक्त संसदीय समिति (छ्वक्क्) ने वक्फ कानून से संबंधित बैठकों का आयोजन बिहार और पश्चिम बंगाल में तो किया, लेकिन झारखंड को इन बैठकों से पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। इस उपेक्षा के कारण झारखंड के मुस्लिम समुदाय में गुस्सा व्याप्त है। मंच ने कहा कि वक्फ से जुड़े मुद्दे झारखंड के मुसलमानों के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि अन्य राज्यों के लिए, और उनकी अनदेखी करना अनुचित है।

**राम मूर्ति सिंह मुख्यमंत्री सचिव से हुई बातचीत :** मंच ने इस मामले को सीधे मुख्यमंत्री के ध्यान में लाने के लिए मुख्यमंत्री के सचिव से भी संपर्क किया। उन्होंने सचिव से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर विशेष ध्यान दें और तुरंत कार्रवाई करें। मंच ने जोर देकर कहा कि झारखंड सरकार को केंद्र के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ताकि मुस्लिम समुदाय के अधिकारों और वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**इरफान अंसारी ने दिया आश्वासन :** ज्ञापन सौंपने के दौरान, डॉ. इरफान अंसारी ने मंच के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शीघ्र ही मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, ÷मैं व्यक्तिगत रूप से इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के सामने उठाऊंगा और उनसे आग्रह करूंगा कि वे वक्फ कानून संशोधन बिल पर झारखंड की स्थिति को केंद्र के समक्ष रखकर तत्काल बैठक बुलाएं।÷

डॉ. अंसारी ने मंच को भरोसा दिलाया कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे और मुस्लिम समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से हर संभव कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार किसी भी स्थिति में अपने नागरिकों के अधिकारों की अनदेखी नहीं करेगी, खासकर जब यह उनके धार्मिक और सामाजिक अधिकारों की बात हो।

**मंच की अपील :** मुस्लिम अधिकार मंच के राष्ट्रीय महासचिव आजम अहमद, कार्यकारी उपाध्यक्ष मोहम्मद मुरतजा आलम, केंद्रीय प्रवक्ता जुबेर अहमद, और केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम ने इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल करे और केंद्र सरकार को उचित सिफारिशें भेजे।

मंच ने कहा कि वक्फ संपत्तियां मुस्लिम समुदाय की धरोहर हैं और उनकी रक्षा करना न केवल सरकार का कर्तव्य है बल्कि यह समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को भी बनाए रखने का सवाल है। उन्होंने कहा कि अगर इस बिल को बिना संशोधन के लागू किया गया, तो यह मुसलमानों के लिए एक बड़ा झटका होगा।

**निष्कर्ष :** मुस्लिम अधिकार मंच ने स्पष्ट कर दिया है कि वह वक्फ कानून संशोधन बिल के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगा और राज्य सरकार से उम्मीद करता है कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर केंद्र के समक्ष अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। डॉ. इरफान अंसारी द्वारा दिए गए आश्वासन ने मंच को कुछ हद तक संतोष दिया है, लेकिन वे अभी भी सरकार की ठोस कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मौके पर झारखंड आंदोलन कारी नेता आज़म अंसारी,मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अफ़सर ईमाम, उपाध्यक्ष मुर्तजा आलम, सहित अन्य लोग मौजूद थे

## अत्याधुनिक रोबोटिक 4 डी स्पाइनल डीकैप्रेशन यंत्र का उदघाटन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को स्थानीय हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित पेन एंड फिजियोथेरेपी क्लीनिक में अत्याधुनिक रोबोटिक 4 डी स्पाइनल डीकैप्रेशन यंत्र लगाया गया है जिसका उदघाटन माननीय श्री अर्जुन मुंडा ,पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री,भारत सरकार,पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के कर कमलों द्वारा की गई। यह अत्याधुनिक यंत्र रांची में पहली बार लगाया गया है/इस मशीन से रीढ़ से संबंधित कठिनाइयों जैसे सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस,गर्दन दर्द,पीठ का दर्द,कमर दर्द,सियाटिका, एस्कोलियोसिस, फेस्ट ज्वाइंट डिस्फंक्शन इत्यादि को आसानी से ठीक किया जा सकता है। इस क्लीनिक में पहले से भी काफी आधुनिक यंत्र उपलब्ध है,जैसे रेडियल शोक वेव थेरेपी, हाई इंटेंसिटी क्लास 4 लेजर, क्रायोथेरेपी इत्यादि। पेन एंड फिजियोथेरेपी क्लीनिक का संचालन डॉ अजीत कुमार एवं टीम के द्वारा पिछले 30 वर्षों से किया जा रहा है।



## अल्पसंख्यक कांग्रेस की मजबूती को लेकर बैठक का किया गया आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की एक बैठक खूँटी सांसद आवास में संपन्न हुई ।जिसमें खूंटी जिला के प्रभारी एसएस रिजवी और जॉन दिलीप तिग्गा मुख्य रूप से उपस्थित हुए बैठक में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश एवं जिला कमेटी का गठन पर चर्चा हुई बैठक को संबोधित करते हुए एस एस रिज़वी और जॉन दिलीप तिग्गा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य नई कमेटी का गठन कर कांग्रेस अल्पसंख्यक को मजबूती प्रदान करना है। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कैसर खान को ही खूंटी जिला अल्पसंख्यक विभाग का जिला अध्यक्ष बनाया जाए। बैठक के बाद कमिटी खूँटी डी सी लोकेश मिश्रा से भेंट कर अल्पसंख्यक के विकास के लिए चर्चा किया गया बैठक में मुख्य रूप से खूँटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा नईमुद्दीन खान सयूम अंसारी जमील अख्तर कृष्णा प्रसाद पपलू खान तौफीक अंसारी अमृत कोंगारी मोहम्मद छोटू लालू साहू मोहम्मद सोनू जाहिद रैन आमिल कयुम अंसारी अफसर समिति काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश के सचिव पीटर मुंडू संचालन कैसर खान एवं धन्यवाद ज्ञापन पांडेया मुंडू ने किया।




## 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल व अड़की पुलिस द्वारा अफीम नष्ट कर, लोगों को किया गया जागरूक

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सिमा बल के कमांडेंट राजीव भट्ट के दिशा निर्देश पर एफ कम्पनी अड़की के असिस्टेंट कमांडेंट निलेश सन्तोष मासुले के नेतृत्व में एफ कम्पनी अड़की गांव (कोटा) सुराकोचा में लगभग 5 एकड़ में लगे अबैध अफीम कि खेती को नष्ट किया। साथ ही गांव वालों को अफीम के जगह दुसरा खेती करने कि सलाह दी जैसे आलू मटर चना ड्रैगन फ्रूट अरहर लेमन ग्रास हरा साग सब्जी इत्यादि इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी अड़की के सहायक उप निरीक्षक अजीत कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी परेश चौधरी, घनश्याम वर्मा,एम सिंह सोन, निरंजन चक्रा के साथ अन्य सशस्त्र बल एवं अड़की थाना पुलिस सामिल रहें। साथ ही सशस्त्र सिमा बल एफ कम्पनी अड़की के जवान एवं केवी स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर अड़की गांव में घुम घुम कर पुरा गांव में अफीम कि खेती नहीं करने का नारा लगाकर ग्रामीणो को जागरूक किया।



## निर्माण कार्य योजनाओं की ग्रामीण खुद से करें निगरानी : संजय सेठ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में 50 लाख रुपये की लागत से होने वाली विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने अपने सांसद मद से घाघरा में पीसीसी पथ निर्माण,काशीडीह गांव में पीसीसी सड़क निर्माण, महुआडीह (चिरुडीह) में चबूतरा निर्माण, धतकीजरा में पीसीसी सड़क निर्माण , कनकट्टा (महुआटोला )में पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। सांसद एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष को स्थानीय लोगों ने जोरदार ढंग से स्वागत किया।मंत्री ने बताया कि विकास के लिए संगठित और जागरुक रहने की जरुरत है ?।निर्माण कार्य योजनाओं की ग्रामीण खुद से करें निगरानी। उन्होंने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र में कुल 5 विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ रुपए की लागत से 2000 हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी।



## भेलवा टुंगरी सह स्व. काशीनाथ महतो स्मृति मेला का आयोजन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के मोदीडीह गांव के समीप भेलवा टुंगरी पहाड़ पर मंगलवार को भेलवा टुंगरी सह स्व.काशीनाथ महतो स्मृति मेला का आयोजन किया गया साथ ही मेला बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।यह मेला फुटबॉल के खिलाड़ी स्व.काशीनाथ महतो के नाम से लगाया जाता है। मेले में सुबह से ही भीड़ जमने लगी। दुर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भेलवा टुगंरी पहाड़ में पुजा अर्चना किया साथ ही महिलाएं टुसू लेकर अपने पारंपारिक गीतों पर झुमते हुए मेले में पहुंचे। साथ ही मेले में फुटबॉल, क्रिकेट, टुसू (चौड़ाल)पांता नाच एवं मुर्गा लड़ाई का भव्य आयोजन किया गया। मेले के मुख्य अतिथि जयपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी, सुनील सिंह मौजूद थे।इस खेल में विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टुसू लेकर आए महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। मेले में मंच का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया। मेले आए हुए मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत स्व. काशीनाथ के पुत्र डॉ अमीत महतो ने बुके देकर एवं अंगवस्त्र देकर किया। मेले को सफल बनाने में विकास महतो, सुभाष चन्द्र महतो, विशाल महतो,चांद हुसैन, समेत मेला समिति का काफी सरहानिय योगदान रहा।



## जन शिकायत शिविर का होगा आयोजन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी थाना परिसर में आज दिन के 11 बजे जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन होगा। शिविर में पुलिस अधिकारी, सीओ सहित अन्य मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

## ईपीएफओ ने पीएफ हस्तांतरण प्रक्रिया को किया आसान, नियोजक के माध्यम से रूट को हटाया

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईपीएफओ ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाते के हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल बना दिया है, जिसमें अधिकांश मामलों में पिछले या वर्तमान नियोजक के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरण दावों को रूट करने की आवश्यकता को हटा दिया गया है। संशोधित प्रक्रिया की शुरुआत के साथ, यह उम्मीद की जाती है कि भविष्य में कुल 1.30 करोड़ हस्तांतरण दावों में से 1.20 करोड़ से अधिक यानी कुल दावों का 94 प्रतिशत नियोजक के हस्तक्षेप के बिना सीधे ईपीएफओ को भेज दिया जाएगा। वर्तमान में, कुछ स्थितियों में स्थानांतरण दावों के लिए नियोजक से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है, जब कोई सदस्य किसी रोजगार को छोड़कर किसी अन्य प्रतिष्ठान में शामिल होता है। 1 अप्रैल 2024 से अब तक, ईपीएफओ को ऑनलाइन मोड में लगभग 1.30 करोड़ स्थानांतरण दावे प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 45 लाख अनुरोध ऑटो-जेनरेटेड स्थानांतरण दावे हैं, जो कुल स्थानांतरण अनुरोधों का 34.5 प्रतिशत है। इस संशोधित प्रक्रिया के लागू होने के बाद, स्थानांतरण दावों को सीधे ईपीएफओ द्वारा संसाधित किया जाएगा, जिससे सदस्यों के लिए सेवा में तेज़ी आएगी।

## सरकारी तालाब का जिर्णोद्धार को भूमि पूजन, सालों भर होगी सिंचाई की सुविधा



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड गुड़ाबांदा के सिंहपुरा पंचायत अंतर्गत माकड़ी टोला धतकीडीह में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा सरकारी तालाब का जिर्णोद्धार 11 लाख की लागत से कराया जायेगा। मंगलवार को तालाब जिर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया गया। मुखिया ने बताया कि तालाब जिर्णोद्धार से ग्रामीणों को वर्ष भर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। जिससे इस टोला में खेती करने में सुविधा होगी। मौके पर ग्राम प्रधान भवोतरण महतो, मुखिया कान्हाई लाल माहली, वार्ड सदस्य भवानी महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू, भोगन मुर्मू, ग्रामीण निमाई महतो, हरी महतो, श्रीनिवास महतो, गिरीधारी महतो, बुद्धेश्वर सबर, लोबीन सबर, विष्णु सबर आदि उपस्थित थे।

## रांगाटांड़ में भान सिंह पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के रांगाटांड़ गांव में हर साल की भांति इस साल भी भानसिंह पूजा के उपलक्ष्य पर एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। पुजारी सुखदेव कर्मकार ने विधिवत रूप से सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा संपन्न कराई। इस दौरान मन्नते पूरी होने पर ग्रामीणों ने कबूतरों की बलि चढ़ाई। वही शाम में पुरुलिया जिले से आई महिला छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से पहुंचे लोगों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। पूजा को सफल बनाने में सुजीत महतो, गणेश महतो, मनोहर महतो, शंभूनाथ महतो, सुनील महतो, द्वारिकनाथ महतो, अभिलाष महतो, मोहन महतो, तरनी महतो व रूटुलाल महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सुधीर महतो का पुण्यतिथि 22 को, तैयारी को लेकर हुई बैठक



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुधीर महतो का पुण्यतिथि मनाने को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। 22 जनवरी को झाड़ूवा मोड़ पर पूर्व उपमुख्यमंत्री का पुण्यतिथि मनाए जाने को लेकर तैयारी का समीक्षा किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए भीष्म देव महतो ने बताया कि बुधवार को साढ़े 11 बजे झाड़ूवा मोड़ पर दिवंगत सुधीर महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। मौके पर पूर्व मुखिया पंचानन पातर, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अघोर प्रसाद महतो, हिमांशु महतो, हरेंद्र नाथ महतो,शंकर महतो आदि उपस्थित थे।

## मानगो में महिलाओं के बीच कंबल वितरण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कड़ाके की ठंड को देखते हुए जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं आज मानगो वार्ड नंबर 5 में सैकड़ों महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय महिलाओं को बीच सैकड़ों कंबल बांटे गए। वही कंबल पाकर महिलाओं ने विधायक सरयू राय का आभार व्यक्त किया। कंबल वितरण में मुख्य रूप से सुनीता सिंह, प्रतिमा देवी, सोनी देवी, ममता ठाकुर और अन्य लोग उपस्थित थे।

## जनगणना में भेदभाव का आरोप, डीसी से शिकायत

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** समाजसेवी दमोदर शनिबाबा ने जुगसलाई नगर निगम चुनाव के लिए चल रही जनगणना प्रक्रिया में कथित भेदभाव पर चिंता जताई है। उन्होंने मंगलवार को जिला उपायुक्त को पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि जनगणना कर्मी सर्वेक्षण में लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे डाकोत जाति जैसे समुदाय आरक्षण लाभ से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना कर्मी कई घरों तक नहीं पहुंच रहे हैं और गलत तरीके से डेटा भर रहे हैं। पत्र में बताया गया कि रामजानकी कन्या विद्यालय के दौरे के दौरान एक शिक्षक ने उनकी जाति को सही ढंग से अंकित करने से इनकार कर दिया और कहा कि हम आपकी जाति नहीं लिखेंगे। दमोदर शनिबाबा ने कहा कि राजस्थान मूल के उनके समुदाय को कुछ राज्यों में डाकोत जाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, लेकिन जनगणना कर्मियों ने इसे गलत ढंग से अर्चन जाति के रूप में दर्ज किया। उन्होंने आशंका जताई कि इससे उनके समुदाय को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाएगा। आर्थिक रूप से पिछड़े इस समुदाय ने उपायुक्त से जनगणना प्रक्रिया की जांच कराने और सही डेटा दर्ज कराने की मांग की है ताकि सभी समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

# बंद पड़ी राखा ताम्र खदान खुलने की आस में भूतपूर्व कर्मचारी हुए एकजुट, त्रिपक्षीय वार्ता की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** बीते 24 सालों से बंद पड़ी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की जादूगोड़ा स्थित राखा कॉपर की ताम्र खदान के दोबारा चालू होने की आस में कंपनी के भूतपूर्व कर्मचारियों ने हीरा लाल साव और सनातन भक्त की अगुवाई में लंबित मांगों को लेकर राखा प्लांट आवासीय कॉलोनी में प्रदर्शन किया। वहीं किया की त्रिपक्षीय वार्ता के बाद ही माइंस को खोला जाए ताकि भूतपूर्व कर्मचारियों व उसके आश्रितों को नौकरी में पहली प्राथमिकता मिल सके। गौरतलब है कि बीते 2001 से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तांबा की कीमत में आई गिरावट के बाद इस माइंस को बंद कर दिया गया था। यहां कार्यरत 978 कर्मचारियों समेत अधिकारियों की नौकरी चली गई थी। इधर बीते दिनों केंद्रीय खान मंत्री जी किशन रेडी की अध्यक्षता में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड व साउथ वेस्ट माइनिंग लिमिटेड के बीच 2700 करोड़ निवेश को लेकर हुए एमओयू के बाद दोबारा माइंस खुलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इधर माइंस खुलने की खबर के बाद भूतपूर्व कर्मचारियों ने माइंस खुलने का स्वागत किया है वही त्रिपक्षीय वार्ता कर उनकी मांगों को सुलझाने का आग्रह किया है। प्रदर्शन में सनातन भक्त, हीरा लाल साव, सुरजीत कुमार साव, प्रधान सोरेन, बसंती धीर, मंगल मुर्मू, नारायण चंद्र दास, विजय कुमार भक्त, समेत काफी संख्या ने भूतपूर्व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## ईचागढ़ पुलिस ने 2 एकड़ पर लगे अफीम खेती को किया नष्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** थाना क्षेत्र के सोड़ो पंचायत अंतर्गत विरडीह गांव के जंगल झाड़ी में लगे करीब 2 एकड़ जमीन पर अफीम खेती को ईचागढ़ पुलिस द्वारा नष्ट किया गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे के नेतृत्व में जिला जैप के जवानों ने अफीम खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया। वही थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करीब 2 एकड़ जमीन पर लगे अफीम खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया एवं खेती करने वाले को चिन्हित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने थाना क्षेत्र में अफीम खेती करने वाले किसानों को अफीम खेती नहीं करने और वैकल्पिक खेती को अपनाने का अपील किया। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के बीहड़ गांवों में धड़ल्ले से अफीम खेती किया जा रहा है और प्रशासन के चेतावनी के बाद भी लोग अपने अफीम खेती को नष्ट नहीं कर रहे हैं, जिससे पुलिस को सख्ती बरतनी पढ़ रही है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर बंग बंधू का भव्य आयोजन, निकलेगी विशाल झांकी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था बंग बंधू आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती को धूमधाम से मनाएगी। इस विशेष अवसर पर जमशेदपुर के सभी बांग्ला भाषी संस्थान एक साथ आकर नेताजी की जयंती को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करेंगे। उक्त जानकारी साकची बंगाल क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में संस्था की अध्यक्ष अपर्णा गुहा और महासचिव उत्तम गुहा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को सुबह संस्था के चारों जोन- साकची, बिष्टुपुर, परसुडीह, सुंदरनगर, कदमा, सोनारी, बारीडीह, टेल्को बिरसानगर से महिलाएं, बच्चे और पुरुष एकत्र होकर साकची पहुंचेंगे। साकची आई हॉस्पिटल से एक विशाल झांकी निकाली जाएगी जिसमें महिलाएं और बच्चे देशभक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए साकची नेताजी सुभाष मैदान तक पहुंचेंगे। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी। सभी बांग्ला भाषी संस्थानों की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बंधु नेताजी के विचारों पर चर्चा इस अवसर पर विभिन्न बांग्ला भाषी संस्थानों के अध्यक्ष नेताजी के विचार साझा करेंगे। इसके साथ ही, संध्या समय 22 और 23 जनवरी को दीप प्रज्वलित कर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## चुनाव खत्म होने के बाद कदमा, सोनारी इलाकों में सफाई की व्यवस्था लचर : सरयू राय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने जेएनएसी और टाटा स्टील यूवाईएसएल के अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वे क्षेत्र में जनसुविधाओं का काम जनहित में करें, किसी व्यक्ति का चेहरा देख कर नहीं. उन्होंने यह भी कहा कि टाटा स्टील यूआईएसएल और जेएनएसी को जनहित में काम करना चाहिए, पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए. जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि जेएनएएसी के उप नगर आयुक्त, टाटा स्टील यूआईएसएल के अफसरों और भूमि विभाग के अधिकारियों संग कल एक बैठक की थी. इस बैठक में जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, टाटा स्टील यूआईएसएल के महाप्रबंधक आरके सिंह, पेयजल विभाग के प्रभारी संजीव झा और टाटा लैंड के अमित सिंह आदि मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद कदमा, सोनारी जैसे इलाकों में सफाई की व्यवस्था लचर हो गई है. बस्तियों में पीने के पानी के लिए जो कनेक्शन चार्ज तय किया गया है, वह बस्तीवासियों के लिए काफी अधिक है.

## भागीदार पार्टी का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन, मुख्य सचिव के नाम बीडीओ को सौंपा 21 सूत्री मांगपत्र




प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को भागीदार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। वहीं मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम बीडीओ एकता वर्मा को मांग पत्र सौंपा गया। भागीदार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रूप चांद महली ने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया एवं 21 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में मनरेगा योजनाओं का जांच करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में धोखाधड़ी कर पैसा निकासी का जांच कर कार्रवाई करने,आबुआ आवास के प्रतिक्षा सूची में छेड़छाड़ पर कारवाई करने , लंबित मईया सम्मान योजना का स्वीकृति देने, जरूरतमंदों को आबुआ आवास देने, नये राशन कार्ड बनाने एवं नाम जोड़ने सहित मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि आगे भी जनता की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा।

## 220 छात्र छात्राओं को प्रेमेंद्र और अनुप ने सौंपा साइकिल, उन्नति के पहिया से छात्र पहुंचेंगे स्कूल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** मध्य विद्यालय आमदा में मंगलवार को समारोह आयोजित कर मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना के तहत 220 छात्र-छात्राओं के बीच सांसद प्रतिनिधि प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा और विधायक प्रतिनिधि अनुप सिंह देव ने साइकिल वितरण किया। वितरण योजना के तहत आठवीं कक्षा में अध्यनरत एसटी एससी अल्पसंख्यक व पिछड़ा जाति की छात्रा-छात्राओं को साइकिल दी गई। मौके पर मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि उन्नति का पहिया के माध्यम से प्रगति की ओर आप सभी निरंतर आगे बढ़े। उन्होंने छात्रों से इंटरनेट व मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने की अपील की। वहीं श्री सिंह देव ने कहा कि दूर दराज गांव के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने में होने वाली परेशानी को खत्म करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यह योजना शुरू की है। साइकिल वितरण समारोह में बीईओ कमल किशोर सिंह, कल्याण पदाधिकारी धनश्याम बोदरा, मुखिया सुनिता तापे, मुखिया बिशू माझी, बीपीओ पंकज महतो, राजेन्द्र गोप, सुरेश मोहंती, राजाराम पाड़िय, शिक्षक माजीद खान आदि उपस्थित थे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु डीएलसी का गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीवाई) के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया। पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु चर्चा की गई तथा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया । जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, निदेशक एनईपी, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता व अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमिटी में सासंद, जमशेदपुर विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे तथा सदस्य के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, जिला परिषद उपाध्यक्ष, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर डिस्कॉम एवं लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं । इस योजना का के तहत लाभुक को प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी तथा अधिशेष ऊर्जा की बिक्री कर आय सृजन कर सकेंगे। इस योजना का लाभ उन्हें मिलेगा जिन्होने पूर्व में सोलर रूफ टॉप पैनल सब्सिडी का लाभ नहीं उठाया हो। इसका लाभ लेने के लिए लाभुक को पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, छत के स्वामित्व का प्रमाण पत्र, बिजली बिल की कॉपी, बैंक विवरण (रद्द चेक/पासबुक) संबंधित कार्यालय को जमा करना होगा। ऋष्टा के लिए आवेदन करने का पोर्टलः जन समर्थ RL: https://www.jansamarth.in/home है।

## जुगसलाई में कांग्रेस ने किया जय बापू, जय भीम, जय संविधान पदयात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुगसलाई प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष कैसर आलम अंसारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोगी मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समरेन्द्र घोष ने पदयात्रा को फ्लैग दिखा कर रवाना किया। इस यात्रा का शुभारंभ जुगसलाई प्रखंड के अंतर्गत प्रदीप मिश्र के प्रतिमा पर मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं कांग्रेस के पदाधिकारी ने माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। पदयात्रा आगे बढ़ते हुए मछुआ बस्ती पहुंच कर आमसभा में तब्दील हो गयी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव के के शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखण्ड अध्यक्ष कैसर आलम अंसारी, जोगी मिश्रा, के के शुक्ल, ज्योति मिश्र, भारत यात्री अमरजीत नाथ मिश्र, नलिनी कुमारी महिला अध्यक्ष, अजय पाण्डेय मंडल अध्यक्ष जुगसलाई-1,, राजू गद्दी मंडल अध्यक्ष जुगसलाई -2, नवनीत मिश्र युवा कार्यकारी अध्यक्ष जुगसलाई विधान सभा, ऋषि मिश्र, संजय सिंह आजाद, आशीष ठाकुर, राजनारायण यादव, मुन्ना मिश्र, सुनील प्रसाद, सन्नी सिंह, भरत सिंह, राजेन्द्र सिंह, मनीष मिश्र, मलखान दुबे, सरदार सुरेन्द्र सिंह, राशिद करीम, राजा गद्दी, कामेश्वर सिंह, मो. इकबाल, संतोष सिन्हा, रश्मि निगार, लखबीर कौर, सुरेन्द्र कौर, वासना दत्ता, बिजय पाण्डेय सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## पटमदा में बारहा दिशोम माझी परगना महाल की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की बिरसा चौक स्थित ग्राम प्रधान संघ भवन में बारहा दिशोम माझी परगना महाल की एक बैठक प्रभारी देश परगना कमलाकांत मुर्मू के अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए जितुलाल मुर्मू ने बताया कि झारखंड सरकार की कल्याण विभाग द्वारा राज्य के सभी बीडीओ के माध्यम से जाहेरथान में पूजा अर्चना में लगने वाले सामग्रियों एवं अन्य बजट के बारे में माझी बाबाओं से जानकारी मांगी है। इसी कड़ी में चर्चा करते हुए 27 जनवरी को हर गांव के माझी बाबाओं के साथ पटमदा बीडीओ को पूजा सामग्रियों की सूची एवं अन्य बजट को लिखित रूप से सौपने का निर्णय लिया गया है। साथ ही बैठक में पेशा एक्ट, 11 फरवरी को बेलटांड़ तिलका पार्क में धूमधाम के साथ तिलका जयंती समारोह मनाने, ओलचिकी मिशन 2025 के तहत हर पंचायत में एक सेचेत अखड़ा खोलने एवं 13 -14 फरवरी को पंडित रघुनाथ मुर्मू के ससुराल गांव जामजोड़ा, गम्हरिया में आयोजित सेमिनार में भाग लेने हेतु चर्चा किया गया। बैठक में जितुलाल मुर्मू, दिवाकर टुडू, कमलाकांत मुर्मू, टीकाराम मुर्मू, बलराम सोरेन, शिवनाथ मांडी, मोहनलाल बास्के, सनत बेसरा, बिभूति मांडी, हाराधन मुर्मू, समच मांडी, आदित्य प्रताप सोरेन समेत 40 गांव के माझी बाबा मौजूद थे।

## आईएमएफ ईस्ट जोन ने लगातार चौथी बार नेशनल स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप जीती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) के पर्वतारोहियों ने 18 से 21 जनवरी 2025 तक बेंगलुरु में आयोजित 28वीं नेशनल स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीएसएएफ पर्वतारोहियों द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए पूर्वी क्षेत्र के कुल अंक 41 के साथ पूर्वी क्षेत्र को राष्ट्रीय चैंपियन का ताज पहनाया गया। 28 एथलीटों की टीम में 17 पुरुष और 11 महिलाएं ने प्रतिस्पर्धा की और बोल्डरिंग, लीड और स्पीड क्लाइम्बिंग स्पर्धाओं में 17 पदक हासिल किए। टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग अकादमी के क्लाइम्बिंग कोच कुमार गौरव आईएमएफ ईस्ट जोन के कोच थे और टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग अकादमी की प्रशासक रोशनी बिष्ट आईएमएफ ईस्ट जोन की प्रबंधक थीं। इसके अतिरिक्त, टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग अकादमी की फिजियोथेरेपिस्ट दिशा डांगट भी एक अधिकारी के रूप में टीम के साथ थीं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



विचार प्रवाह

संपादकीय

## शीतकालीन प्रवास का सेतु

**यहां** जो आईने बनाता है, उसकी आंखें देखिए, लोगों की नजर पर अपना हुनर चढ़ाता है। हिमाचल की हर सत्ता का हुनर दरअसल इसी नजर का आईना है, जो कांगड़ा की आंखें पहन लेती हैं, लेकिन खुद को नहीं देख पातीं। मुख्यमंत्रियों के शीतकालीन प्रवास दरअसल सरकार को दिखाने का एक जरिया, एक सेतु रहा है और राजनीति पुनः दरिया में बह गए पानी से 'खरा सोना' निकालना चाहती है। यह इसलिए भी कि हर सत्ता को कांगड़ा अपना धर्म बनाता, लेकिन जिला की अपनी सियासत बिखरी रहती है। कमाल यह कि भाजपा और कांग्रेस के बीच कई नेता, कांगड़ा के नेता बनने का भ्रम पालते हैं, लेकिन यहां तो 'न घर के रहे, न घराट के'। कांगड़ा में सरकार बनाने की शक्ति है, लेकिन अपना नेता बनाने का हुनर क्यों नहीं। क्या सत्ता ने कांगड़ा को ऐसे शागिर्द नहीं दिए या दो बार मुख्यमंत्री रहे शांता कुमार खुद ही अवतार बने रहे। ऐसी क्या वजह रही कि शांता की प्रासंगिकता और हैसियत में कांगड़ा की पौध से आगे कोई नहीं निकला। चले तो वाईएस परमार के साथ भी लोग, लेकिन पंडित संत राम से सत महाजन तक कोई क्यों नहीं पहुंचा मुकाम तक। आखिर नेताओं के कोरे कागजों पर क्यों दाग उभरते रहे। स्व. वीरभद्र भी एक गुट में कांगड़ा को नसीब दे पाए, वरना पेड़ तो मेजर विजय सिंह मनकोटिया और जीएस बाली ने भी अपने-अपने बागीचों में लगाए। प्रेम कुमार धूमल ने कभी रविंद्र सिंह रवि को हर ताकत, हर बख्शीश दी, लेकिन यह तंत्र भी नाकाम रहा। जयराम इन उलझनों से परे सत्ता के जिस पहलू में मंडी को तौलते रहे, वहां कांगड़ा के कमजोर मंत्री सिर्फ देखते रहे। इसलिए अपने तीसरे वर्ष में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का शीतकालीन प्रवास पर आना, इन्हीं प्रश्नों के पुराने खूंटों को खोलने का प्रयास हो सकता है। हालांकि वर्तमान सरकार की पहली वर्षगांठ यहां हुई और इस बार भी बैजनाथ में पूर्ण राज्यत्व दिवस में कांगड़ा, स्वयं में स्वयं के खालीपन को कितना भरेगा, यह देखना होगा। जाहिर तौर पर शीतकालीन सत्र के बाद शीतकालीन प्रवास के कालीन पर जब सरकार चलेगी, तो कुछ कांटे छिप जाएंगे, लेकिन सियासी घाव लिपटे रहेंगे। शीतकालीन प्रवास इतना महत्त्वपूर्ण क्यों हो गया कि न चाहते हुए भी शिमला से सरकार को कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, चंबा और बिलासपुर तक कदम बढ़ाने पड़ते रहे। ऐसा क्यों हुआ कि शिमला विधानसभा तपोवन के सदन में पहुंच गई। क्यों धर्मशाला में दूसरी राजधानी की औकात में सपना देखा गया। यह दीगर है कि यहां हिमाचल भवन की तख्तियां हटाई गईं और आज भी मिनी सचिवालय की गवाही में मंत्रियों के कमरे सूने हैं। हद तो यह कि कांगड़ा के मंत्री भी धर्मशाला के सचिवालय में बैठने से कतराते हैं, क्योंकि वे शायद जिला के नेता न होने का खौफ खाते हैं। आश्चर्य यह भी कि न कांग्रेस और न भाजपा को अब कांगड़ा से पार्टी का कोई प्रदेशाध्यक्ष मिल रहा। अब दौर कुछ ऐसा है कि हिमाचल की सियासत संसदीय क्षेत्रों की विरासत हो गई, इसलिए कांगड़ा में दो कांगड़ा बन गए। एक शीतकालीन प्रवास का और एक राजनीतिक विकास का। सियासत को देहरा अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का दस्तावेज नजर आता, लेकिन बाजुओं में दर्द यह है कि बगावत होती नहीं। जब आक्रोश फूटता है, तो सत्ता के कहकहों में नीलाम राजनीति के गुलाम जीत जाते हैं। बहरहाल, एक नया शीतकालीन प्रवास और एक नए मुख्यमंत्री का सियासी इतिहास कांगड़ा के चौखट पर खड़ा है। सुक्खू ने कांगड़ा की इबारत में विकास के शिलालेख बना लिए हैं, इसलिए प्रवास की मंजिलों में कई शिलान्यास और उद्घाटन इंतजार कर रहे हैं।

> मुख्यमंत्रियों के शीतकालीन प्रवास दरअसल सरकार को दिखाने का एक जरिया, एक सेतु रहा है और राजनीति पुनः दरिया में बह गए पानी से 'खरा सोना' निकालना चाहती है। यह इसलिए भी कि हर सत्ता को कांगड़ा अपना धर्म बनाता, लेकिन जिला की अपनी सियासत बिखरी रहती है। कमाल यह कि भाजपा और कांग्रेस के बीच कई नेता, कांगड़ा के नेता बनने का भ्रम पालते हैं, लेकिन यहां तो 'न घर के रहे, न घराट के'। कांगड़ा में सरकार बनाने की शक्ति है, लेकिन अपना नेता बनाने का हुनर क्यों नहीं। क्या सत्ता ने कांगड़ा को ऐसे शागिर्द नहीं दिए या दो बार मुख्यमंत्री रहे शांता कुमार खुद ही अवतार बने रहे। ऐसी क्या वजह रही कि शांता की प्रासंगिकता और हैसियत में कांगड़ा की पौध से आगे कोई नहीं निकला। चले तो वाईएस परमार के साथ भी लोग, लेकिन पंडित संत राम से सत महाजन तक कोई क्यों नहीं पहुंचा मुकाम तक। आखिर नेताओं के कोरे कागजों पर क्यों दाग उभरते रहे। स्व. वीरभद्र भी एक गुट में कांगड़ा को नसीब दे पाए, वरना पेड़ तो मेजर विजय सिंह मनकोटिया और जीएस बाली ने भी अपने-अपने बागीचों में लगाए। प्रेम कुमार धूमल ने कभी रविंद्र सिंह रवि को हर ताकत, हर बख्शीश दी, लेकिन यह तंत्र भी नाकाम रहा।

### पार्टी ने अपने नेता व रहबर के 'मैच्योर' होने का भी बाकायदा सार्वजनिक रूप से जश्ननुमा उल्लास प्रकट किया

## कांग्रेस की इंडिया से लड़ाई की घोषणा

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> जाहिर है कांग्रेस को अपने अध्यक्ष (वह इससे पहले आधिकारिक तौर पर पार्टी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं) के लिए यह विशेषण चुभता था। लेकिन इससे छुटकारा कैसे पाया जाए, यह बड़ी समस्या थी। तब किसी 'भलेमानुस' ने सलाह दी कि राहुल गांधी से एक लंबी पैदल यात्रा करवाई जाए। यात्रा से ज्ञान बढ़ता है और लोगों से मिलने-जुलने से व्यावहारिक बुद्धि भी बढ़ती है। पैदल यात्रा सही सलामत संपन्न हो गई। तब मीडिया ने भी लिखना शुरू कर दिया कि राहुल गांधी अब 'मैच्योर' हो गए हैं। उनकी बातों से ऐसा झलकने भी लगा है। पार्टी में खुशयां छा गईं।

**राहुल** गांधी भारतीय संसद में विपक्ष के नेता हैं। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भी नेता हैं। वैसे लोकलाज के लिए कर्नाटक के एक वयोवृद्ध व्यक्ति मल्लिकार्जुन जी को अध्यक्ष के रूप में घोषित किया हुआ है, लेकिन सभी जानते हैं के 'लोकलाज' के बाद असली अध्यक्ष राहुल गांधी ही हैं। राहुल गांधी का एक गुण है। वह अपनी किसी बात को मन में छिपा नहीं पाते। इसलिए लोग उन्हें पप्पू भी कहते थे। जाहिर है कांग्रेस को अपने अध्यक्ष (वह इससे पहले आधिकारिक तौर पर पार्टी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं) के लिए यह विशेषण चुभता था। लेकिन इससे छुटकारा कैसे पाया जाए, यह बड़ी समस्या थी। तब किसी 'भलेमानुस' ने सलाह दी कि राहुल गांधी से एक लंबी पैदल यात्रा करवाई जाए। यात्रा से ज्ञान बढ़ता है और लोगों से मिलने-जुलने से व्यावहारिक बुद्धि भी बढ़ती है। पैदल यात्रा सही सलामत संपन्न हो गई। तब मीडिया ने भी लिखना शुरू कर दिया कि राहुल गांधी अब 'मैच्योर' हो गए हैं। उनकी बातों से ऐसा झलकने भी लगा है। पार्टी में खुशयां छा गईं। पचास साल से भी ज्यादा उम्र हो जाने पर भी पार्टी ने अपने नेता व रहबर के 'मैच्योर' होने का भी बाकायदा सार्वजनिक रूप से जश्ननुमा उल्लास प्रकट किया। लेकिन उनमें सांसारिक व व्यावहारिक बुद्धि बढ़ी या नहीं, इस पर संदेह बरकरार रहा। व्यावहारिक आदमी या पार्टी जब किसी योजना को बनाती है, खासकर ऐसी योजना जिसका क्रियान्वयन बहुत ही मुश्किल हो, उसका तब तक खुलासा नहीं करती, जब तक उसके लिए पूरी तैयारी, साधन, सहायक इत्यादि जुटा न लिए जाएं। लगता है राहुल गांधी यात्रा के बाद भी नहीं बदले। लेकिन अब उनको पप्पू नहीं कहा जा सकता, क्योंकि पप्पू से लोग किसी बड़े काम या योजना की आशा नहीं करते। यदि कहना ही हो तो उन्हें 'भोला' कहा जा सकता है, जो बिना किसी छल कपट के अपनी सभी योजनाएं अपने विरोधियों को भी बता देता है। राहुल गांधी ने दो दिन पहले यही काम करके अपनी कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी योजना का खुलासा कर दिया। कांग्रेस ने दिल्ली में अपना पुराना दफ्तर छोड़ दिया है और अब नया दफ्तर खोला है। इस अवसर पर राहुल गांधी



ने एक सच उगल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा से लड़ रही है, आरएसएस से लड़ रही है। यहां तक तो ठीक था। सभी जानते हैं कि कांग्रेस भाजपा से लड़ रही है। चुनाव बगैरह में यह देखा ही जाता है। कांग्रेस आरएसएस से भी लड़ रही है, यह भी राहुल गांधी कोई नई बात नहीं बता रहे थे। कांग्रेस तो नेहरु के वक्त से ही आरएसएस से लड़ रही है। लेकिन उसके बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस की भीतर की तैयारी का भी खुलासा कर दिया। उन्होंने कहा कि दरअसल कांग्रेस तो 'इंडियन स्टेट' से लड़ रही है। अब कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि राहुल गांधी भोला है, किसी भी बात को छुपा कर नहीं रख पाता। जब राहुल गांधी अपनी पार्टी का यह घोषणापत्र बता रहे थे तो सामने बैठे कांग्रेस के बुजुर्ग नेता सन्नाटे में थे। सारा गुड़-गोबर कर दिया। समय से पहले ही पार्टी की अंदरूनी योजना जगजाहिर कर दी। अब लड़ाई कितनी मुश्किल हो जाएगी? दरअसल इंडिया स्टेट से की जाने वाली यह लड़ाई नई नहीं है। यह लड़ाई आठवीं शताब्दी में अरबों ने शुरू की थी। उसके बाद तुर्कों ने इसे जारी रखा। इसके बाद मुगल आए। उसके साथ ही पुर्तगालियों ने इंडिया स्टेट के खिलाफ यह लड़ाई जारी रखी। पुर्तगाल के बाद फ्रांस और ब्रिटेन ने इंडिया स्टेट के खिलाफ लड़ाई जारी रखी। 1947 में अंग्रेज कांग्रेस को सत्ता का हस्तांतरण करने के बाद यहां से चले गए। तब भारत के लोगों ने समझा था कि शताब्दियों से चली आ रही इंडिया स्टेट के खिलाफ यह लड़ाई समाप्त हो गई है। लेकिन अब इंडियन नैशनल कांग्रेस के सर्वेसर्वा राहुल गांधी ने यह रहस्योद्घाटन करके सबको चौंका दिया है कि कांग्रेस तो वास्तव में इंडियन स्टेट से ही लड़ रही है। सबसे दुख की बात तो यह है कि जिस पार्टी का नाम 'इंडियन' है, वही पार्टी 'इंडियन स्टेट' से लड़ रही है। इससे तो लगता है कि पार्टी ने अपने नाम के आगे इंडियन और नैशनल जो दो शब्द लगा रखे हैं, वे आम लोगों को धोखा देने के लिए हैं। वैसे राहुल गांधी ने यह खुलासा नहीं किया कि पार्टी ने इंडियन स्टेट के खिलाफ जो लड़ाई छेड़ रखी है, वह 1947 से ही चली हुई है या फिर जब से कांग्रेस पर सोनिया गांधी परिवार का कब्जा हुआ है, तब से पार्टी ने अपना ध्येय और रास्ता बदला है। देश में और भी कई संगठन हैं जिन्होंने इंडियन स्टेट से युद्ध की घोषणा कर रखी है। उदाहरण के लिए विविध नक्सलवादी ग्रुप हैं, कुछ चरमपंथी इस्लामी संगठन, मसलन आईएसआईएस हैं। इनके अतिरिक्त 'भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार' का उद्देश्य लेकर काम करने वाले छोटे-छोटे समूह हैं। विदेशों की कुछ नाम-अनाम शक्तियों ने भी इंडियन स्टेट के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। चीन तो सीमा पर हमला ही करता है। इस पृष्ठभूमि में राहुल गांधी का रहस्योद्घाटन सचमुच चिंता पैदा करता है। इंडियन स्टेट से लडने वाले अन्य समूह व पार्टियां खुल कर काम कर रही थीं। इससे भारतीय उनका मुकाबला भी करते हैं। लेकिन अब राहुल गांधी का कहना है कि उनकी पार्टी भी इसी काम में लगी हुई है। इसलिए यह सारा मामला गंभीर हो जाता है और सरकार को बाकायदा इसकी जांच करवानी चाहिए कि कांग्रेस ने क्या इंडियन स्टेट से लडने वाले अन्य समूहों से गठजोड़ तो नहीं बना लिया है? यह तो अच्छा हुआ कि राहुल गांधी ने अपने भोलेपन में पार्टी की इस भीतरी नीति का खुलासा समय से पहले ही कर दिया, अन्यथा मामला और गंभीर हो जाता। अमेरिका में बैठे जार्ज सोरोस इंडियन स्टेट से लड़ ही रहे हैं। दो दिन के बाद भूतपूर्व हो जाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने इस सोरोस को अमेरिका का सबसे बड़ा सम्मान देकर उसका कद भी बढ़ाया है। विदेशों में ऐसे कई सोरोस हैं जो भारत से दुखी हैं।

दृष्टि कोण

## नई दिल्ली विधानसभा सीट पर फंस गए हैं केजरीवाल, राहुल गांधी ने मदद से किया इनकार

**आम** आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल भले ही एक बार फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हो लेकिन इस बार वह बुरी तरह से फंसते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के मजबूती से दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारियों ने तो आम आदमी पार्टी सरकार की वापसी पर प्रश्नचिन्ह लगा ही दिया है लेकिन इस त्रिकोणीय लड़ाई में केजरीवाल की अपनी सीट भी फंसती हुई नजर आ रही है। अरविंद केजरीवाल इस बात को काफी पहले ही समझ गए थे, इसलिए वह लगातार इंडिया गठबंधन की एकता की बात उठाने लग गए थे। यहां तक कि केजरीवाल ने डीएमके सुप्रीमो एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, शरद पवार, अखिलेश यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई नेताओं से राहुल गांधी को समझाने की गुहार भी लगाई। लेकिन अरविंद केजरीवाल की असलियत से वाकिफ राहुल गांधी ने यह साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अपने आप को मजबूत करने के लिए





चुनाव लड़ेगी। सीलमपुर की अपनी पहली चुनावी रैली में राहुल गांधी ने जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ आप मुखिया अरविंद केजरीवाल, पर भी जमकर निशाना साधा, उससे यह साफ हो गया कि राहुल गांधी अपनी पार्टी को समाप्त कर केजरीवाल की मदद कतई नहीं करेंगे। कांग्रेस के इस स्टैंड ने अरविंद केजरीवाल की विधायकी पर भी तलवार लटका दिया है। केजरीवाल को अब यह डर सताने लगा है कि अब वह अपनी विधानसभा सीट 'नई दिल्ली' से भी चुनाव हार सकते हैं। केजरीवाल के इस डर के पीछे ठोस कारण है। अरविंद केजरीवाल वर्ष 2013 के अपने पहले विधानसभा चुनाव में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव हराकर, पहले विधायक बने थे और फिर कांग्रेस के ही 8 विधायकों के समर्थन से पहली बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। बताया तो यहां तक जाता है कि 2013 में शीला दीक्षित को चुनाव हराने के लिए कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अरविंद केजरीवाल की मदद की थी। लेकिन दिल्ली में पार्टी को फिर से मजबूत बनाने के मिशन में जुटे राहुल गांधी ने इस बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से केजरीवाल के खिलाफ स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को उतार कर लड़ाई को त्रिकोणीय और दिलचस्प बना दिया है। अगर आप 2020 के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को मिले वोटों की तुलना 2015 के विधानसभा चुनाव से करेंगे तो आपको यह समझ आ जाएगा कि केजरीवाल को अपनी ही विधानसभा सीट पर डर क्यों लग रहा है? वर्ष 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप मुखिया अरविंद केजरीवाल को 57,213 वोट मिले थे। लेकिन वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री होने और कुल मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी होने के बावजूद केजरीवाल को मिले वोटों में भयानक गिरावट आ गई थी। 2015 के चुनाव में जिन केजरीवाल को 57,213 वोट मिले थे, उन्ही केजरीवाल को 2020 के चुनाव में 46,758 वोट ही मिल पाए थे। पिछली बार यानी 2020 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल की जीत का अंतर 21,697 था लेकिन उस चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार को सिर्फ 3,220 मत ही मिल पाए थे। इस बार शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं और अगर वह आखिर तक पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ पाते हैं तो फिर केजरीवाल के लिए मुसीबतें खड़ी हो जाएगी। क्योंकि इस बार दिल्ली के एक और पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे प्रवेश वर्मा भी नई दिल्ली से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार के तौर पर प्रवेश वर्मा और कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर संदीप दीक्षित के मजबूती से चुनाव लड़ने की वजह से वोटों का बिखराव होगा, जिसका सीधा-सीधा नुकसान अरविंद केजरीवाल को ही होगा। इसलिए आम आदमी पार्टी के तमाम नेता और स्वयं अरविंद केजरीवाल भी अंदर से डरे हुए हैं।

कुछ अलग

## संकट हरने वाला व्रत

**प्रतिवर्ष** माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी मनाई जाती है जिसे संकट चौथ, वक्रकुंडी चतुर्थी, तिलकुटा चौथ के नाम से भी जाना जाता है। संकष्टी चतुर्थी अर्थात संकटों को हरने वाली चतुर्थी। नारद पुराण के अनुसार प्रत्येक मास में दो चतुर्थी होती हैं और माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के व्रत का बहुत महत्त्व है। अमावस्या के बाद आने वाली शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी तथा पूर्णिमा के बाद आने वाली कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है। इस चतुर्थी को माघी चौथ, संकट चौथ तथा तिल चौथ भी कहा जाता है। पंचांग के अनुसार, माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 17 जनवरी को प्रातः 4 बजकर 6 मिनट पर शुरू हो रही है, जिसका समापन 18 जनवरी को प्रातः साढ़े पांच बजे होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, लम्बोदर संकष्टी चतुर्थी का व्रत 17 जनवरी को किया जाएगा। इस दिन विघ्नहर्ता और संकटों को दूर करने वाले भगवान गणेश की पूजा करने और व्रत रखने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन गणपति बप्पा की विधि-विधानपूर्वक पूजा-व्रत करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इस विशेष अवसर पर महिलाएं संतान की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत करके रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण करती हैं और अपने बच्चों के लिए प्रार्थना करती हैं। मान्यता है कि इस दिन चंद्र देव को जल अर्पित करने से संतान को रोग नहीं होता और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यह भी मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और संतान को लंबी आयु तथा अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। संतानों को सभी प्रकार की आपदाओं से बचाने के लिए यह व्रत किया जाता है। मान्यता है कि संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने से रुके हुए मांगलिक कार्य भी सम्पन्न होते हैं और इस दिन चन्द्रमा के दर्शन से भगवान गणेश के दर्शन का भी पुण्य फल मिलता है। भगवान गणेश को बुद्धि के स्वामी तथा चंद्रमा को मन का स्वामी माना गया है और इन दोनों के संयोग के परिणामस्वरूप यह व्रत मानसिक शांति, कार्यों में सफलता, प्रतिष्ठा में बुद्धि और घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर करने में सहायक सिद्ध होता है। सभी मुहूर्त ग्रंथों के अनुसार इस व्रत को सविधि सम्पन्न करने के लिए एक ही नियम है कि चंद्रमा का उदय और चतुर्थी दोनों का संयोग होना चाहिए, यानी चंद्रमा को अर्घ्य तभी दिया जा सकता है, जब चतुर्थी तिथि में चंद्रोदय हो रहा हो और चंद्र देव अर्घ्य तभी स्वीकार करेंगे, जब वे चतुर्थी तिथि में विद्यमान हों क्योंकि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित होती है और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत और पूजा-पाठ करने से भगवान गणेश जीवन में सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करते हैं। मान्यता है कि इस दिन किया गया व्रत और पूजा-पाठ वर्ष पर्यन्त सुख-शांति और पारिवारिक विकास में सहायक सिद्ध होता है। वैसे तो भगवान गणेश की कृपा पाने के लिए इस व्रत को कोई भी कर सकता है, लेकिन अधिकांशतः सुहागिन स्त्रियां ही परिवार की सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत करती हैं। बहरहाल, इस व्रत को करें और सुख-शांति का आशीर्वाद पाएं।

देश दुनीया से

## भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

**बांग्लादेश** की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने। बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़यिल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को शांत कर लिया है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेश सरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है।



आप का नजरीया

## दिल्ली चुनाव में आतंकी

**अफजल** गुरु एक खूंखार आतंकवादी था। वह 13 दिसंबर, 2001 को भारतीय संसद पर आतंकी हमले का मास्टर माइंड था। सर्वोच्च अदालत ने बाकायदा सुनवाई के बाद उसे 'अपराधी' करार दिया और मौत की सजा सुनाई। उस दौर में एक जमात ऐसी थी, जो अफजल गुरु को माफ करने की पक्षधर थी। सार्वजनिक तौर पर ज्ञापन तैयार कर राष्ट्रपति से अनुरोध किए गए। अंततः कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए-2 सरकार के दौरान अफजल गुरु को फांसी पर लटका दिया गया। उसी के साथ वह अध्याय समाप्त हो जाना चाहिए था, लेकिन कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती उस आतंकवाद को 'मासूम' मानते रहे और फांसी को 'गलत फैसला' ठहराते रहे। अफजल गुरु के जिस्मानी अवशेष उसके परिजनों को सौंपने तक की पैरोकारी करते रहे। आश्चर्य और विडंबना है कि दिल्ली चुनाव में अफजल गुरु एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है। क्या आतंकवाद और उसके समर्थन पर भी जनादेश मांगा या दिया जा सकता है? ध्यान रहे कि बीते वर्ष से दिल्ली के स्कूलों को ई-मेल के जरिए ऐसी धमकियां मिलती रही हैं, जिनमें बम विस्फोट का खौफ फैलाया जाता रहा है। दिल्ली में 400 स्कूलों को ऐसी धमकियां दी जा चुकी हैं। दिल्ली पुलिस ने जांच के बाद कुछ रहस्योद्घाटन किए, जिनमें अफजल का नाम सामने आया। पुलिसिया जांच का निष्कर्ष यह है कि वे धमकियां एक नाबालिग, 12वीं कक्षा के छात्र ने दी थीं। उसने ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया, जो साइबर की महत्वपूर्ण जानकारी रखने वाला शख्स ही कर सकता था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपित नाबालिग की पारिवारिक पृष्ठभूमि को भी खंगाला, तो यह तथ्य सामने आया कि उसके पिता एक एनजीओ से जुड़े हुए हैं। एनजीओ के एक राजनीतिक दल से पुराने और प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। इस एनजीओ ने अफजल गुरु को फांसी देने का विरोध किया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के माता-पिता ने भी एक ज्ञापन पर बाकायदा दस्तखत कर फांसी की सजा का विरोध किया था। खुद आतिशी और उनके माता-पिता भी किसी एनजीओ से जुड़े रहे हैं। नाबालिग वाले एनजीओ और आतिशी परिवार के एनजीओ के बीच क्या कोई 'साझा सूत्र' है? पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का बुनियादी काम एनजीओ का ही है। उनके एनजीओ का प्रबंधन आजकल किसके हाथों में है, हमें नहीं पता, लेकिन एनजीओ के जरिए और सूचना के अधिकार के लिए केजरीवाल ने जो काम किए थे, उनके लिए उन्हें 'मैगसेसे अवार्ड' से नवाजा गया था। उसे 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' माना जाता है। सवाल है कि किसी ने ज्ञापन के जरिए अफजल गुरु या याकूब मेमन की सजा का विरोध किया हो, तो क्या वे भी आतंकी करार दिए जा सकते हैं? क्या वह उनकी 'अभिव्यक्ति की आजादी' नहीं है? यदि एनजीओ और राजनीतिक दल के बीच कोई 'आतंकी सूत्र' है, तो दिल्ली पुलिस ने उसे बेनकाब क्यों नहीं किया? राजनीतिक दल के नाम का खुलासा क्यों नहीं किया? अब भाजपा 'आप' के आतंकी सूत्रों पर सवाल उठा रही है। क्या आरोपित छात्र वाला एनजीओ और राजनीतिक दल 'आप' ही है? यह चुनाव की संवेदनशीलता का दौर है।

# प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का विधायक ने किया विधिवत उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास शामिल हुए, तथा विधिवत फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री दास को चिकित्सा प्रभारी, डॉक्टर सुदीप कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। इस स्वास्थ्य मेले में आए हुए प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों का स्वास्थ्य जांच करते हुए संबंधित बीमारीयो का दवा मुक्त में दिया गया। इस मेले में सभी तरह के मरीजों के इलाज को लेकर अलग अलग स्टॉल लगाया गया, जहां पर सबंधित चिकित्सक भी मौजूद रहे। स्वास्थ मेला शिविर में शामिल हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य को अपने स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा को लेकर खानपान में सुधार करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनने से पहले स्वस्थ निर्भर भारत बनाना जरूरी है। इसके लिए प्रखंड क्षेत्र के लोगों को अपने जीवनशैली में सुधार करनी होगी, खाने पीने का सही तरीका को अपनाना होगा। किसी भी प्रकार का दवा लेने से पहले डॉक्टर का सलाह लेना जरूरी है, चाहे किसी भी प्रकार की बीमारी हो। आगे श्री दास ने कहा की बेड पर चाय पीने से परहेज करना चाहिए, तथा कहीं बाहर से अपने घर को लौटते हैं तो अपना जूता चप्पल घर से बाहर ही खोलना चाहिए, जिससे कई तरह के बीमारीयों से बचा जा सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पान, गुटखा खाकर अस्पताल परिसर में नही आए इस पर चिकित्सा प्रभारी को भी निर्देशित किया गया। साथ ही टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक बढ़ाने को लेकर, सदन में भी आवाज अठायी जाएगी, जब तक इसका सुविधा प्रदान ना हो जाए। इसके अलावा टंडवा के अस्पताल को बेहतर बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने का भी वादा विधायक श्री दास ने किया। इधर विधायक के हाथों मरीजों के बीच स्वास्थ्य किट का भी विवरण किया गया। इस मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, चिकित्सक प्रभारी डॉक्टर सुदीप कुमार, उपप्रमुख जितेंद्र सिंह, मिथलेश कुमार गुप्ता, विजय चौबे, अरविंद सिंह, ईश्वर दयाल पांडे, प्रमोद सिंह, महेंद्र यादव, रामेश्वर राणा, जागेश्वर दास, रवि गुप्ता, जानकी महतो, मुकेश लाल कुशवाह, उदय पांडे, राजेश तुरी, गिरजा देवी, आनंद वर्मा, अजय सिंह, जगदीश महतो, संकर बरई समेत कई गण्यमान उपस्थित थे।


## डीसी रमेश घोलप के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने किया विद्यालय का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैनी कला के छात्र-छात्राएं मध्याह्न भोजन का बहिष्कार कर शिक्षा विभाग से बेहत शिक्षा दिलाने की मांग कर रहे हैं। डीसी रमेश घोलप के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया। शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मेरे एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैनी कला, हंटरगंज का निरीक्षण किया गया। जांच के बाद पता चला कि विद्यालय में दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा आज पुनः दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। इस विद्यालय में पूर्व से दो शिक्षक पदस्थ हैं। वर्तमान में विद्यालय में प्रतिनियुक्ति के पश्चात कुल 6 शिक्षक कार्यरत हैं। विद्यालय का शिक्षण एवं मध्यान्ह भोजन सुचारू रूप से संचालित पाया गया। स्कूल में कुल 228 छात्र नामांकित हैं। जिसमें जांच के दौरान 175 छात्र उपस्थित पाये गये।

## बुधवार 9 बजे सुभाष चौक पर चलाया जायेगा स्वच्छता अभियान



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक पर बुधवार सुबह 9 बजे स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान के तहत चौक के चारों मार्गो में साफ सफाई रखने को लेकर चलाया जाएगा सफाई अभियान। स्वच्छता अभियान में एसडीओ सन्नी राज, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय, थाना प्रभारी मानव मयंक, दुकानदार संघ, व्यापारिक संघ और प्रखंड सह अंचल कर्मी शामिल रहेंगे।स्वच्छता अभियान में शामिल रहने के लिए बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने सभी को सुबह नो बजे चौक पर आकर सफाई अभियान में शामिल होने की अपील की है।

## देवी का स्थान लेम्बोईया माता, मां दक्षिणेश्वरी नाम से जानी जायेगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पहाड़ी मंदिर मां भगवती मंदिर के प्रांगण में लेकर चल रहे नामांकरण विवाद को सुलझाने को लेकर सिंघानी व लेम्बोईया के बीच अंचलाधिकारी उदल राम के पहल पर दोनों पक्षों की बैठक बुलाई गई जिसमें दोनों पक्षों की 10-10 सदस्य सम्मिलित हुए व 10 सदस्य अन्य जो तथस्त तरीके से शामिल थे। इस बैठक की अध्यक्षता प्रमुख मनीषा कुमारी परंतु संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिंदर साहू ने किया। इस बैठक में दोनों पक्षों की बात बारी-बारी से सुनी गई। दोनों पक्ष अपनी बात रखी वही तथस्त 10 सदस्य टीम भी अपना मंतव्य दिए। बैठक में दोनों पक्षों के बीच अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाया अंतिम में पुलिस प्रशासन द्वारा समझा बुझा कर अंतिम निर्णय पर आया मां भगवती का स्थान मां लेम्बोईया ना रहकर मां दक्षिणेश्वरी प्रखंड पत्थलगड़ा ग्राम लेम्बोईया नामकरण किया गया। क्योंकि मां भगवती मंदिर स्थान लेम्बोईया सीमाने में ही पड़ता है। साथ ही पुरानी प्रबंधन समिति को भंग कर प्रखंड स्तरीय 33 सदस्य समिति बनाने का निर्णय लिया गया। व नए समिति के देख रेख में यज्ञ किया जाएगा। वही श्रद्धालु के साथ गांव,आदमी को लेकर चंदा, रसीद में किसी तरह से भेद भाव नहीं करेगा। बैठक में सिमरिया एसडीपीओ ने ग्रामीण व पत्रकार को किसी तरह से ऑडियो व वीडियो रिकॉर्डिंग करने पर मना किया गया। जबकि पत्रकारों को विशेष छूट दी जाती है। अगर देखा जाए तो सांसद भवन में सांसद सत्र चलती है तो पत्रकार लाइव टेलीकास्ट करते हैं। जबकि यहां कोई छूट नहीं दिया गया। इस बैठक में थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, शंकर राम, हरी लाल दांगी, नकुल देव तिवारी, तारकेश्वर दांगी, शंभू नाथ राणा, मृत्युंजय कुमार सिन्हा, अनंत कुमार कुशवाहा, सुरेश पांडे, सेवानिवृत शिक्षक धनेश्वरी राम दांगी, शिक्षक केदार दांगी, शिक्षक योगेश्वर दांगी, अनिल दांगी, सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी नौगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा सेवा निवृत शिक्षक चमारी राम शामिल रहे।

## बेगैर एनओसी के हाई टेंशन पोल गाड़ने का ग्रामीण ने किया विरोध, वन सुरक्षा समिति ने किया करवाई का मांग

# वन भूमि पर गाड़े पोल को वन विभाग ने किया जप्त, मामला दर्ज, पूर्व में भी दो-दो मामला हो चुका है दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिले के टंडवा कोयलांचल में इन दोनों वन क्षेत्र में मैनेजिंग के नाम पर कोयला तस्करी वनों को उजाड़ने वन भूमि पर हाई टेंशन पोल गाड़ने के मामले सुर्खियों है। वन भूमि में कार्य करने वाले ठेकेदारों वन विभाग के लाखों रुपया के मैनेजिंग के नाम पर खुलेआम ग्रामीणों पास बोलकर कार्य करते हैं। ताजा मामला टंडवा वन प्रक्षेत्र के सरादु गांव के जंगल का है। गांव के ग्रामीण और वन सुरक्षा समिति को वन भूमि पर हाई टेंशन पोल गाड़ने की खबर मिली। जिसके बाद ग्रामीण और वन समिति पहुंचकर टंडवा वन विभाग को सूचना दिया। वन विभाग पहुंचकर जांच पड़ताल कर जंगल में गाड़े गए हाई टेंशन पोल को जप्त करके संबंधित व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया। फॉरेस्टर लालतू यादव ने कहा वन भूमि में गाड़े गए पोल को जप्त कर सम्बन्धी व्यक्ति ठेकेदार पर मामला दर्ज किया गया हैं। श्री यादव ने बताया हाई टेंशन पोल गाड़ने वाली कंपनी पर पूर्व में भी दो दो मामला दर्ज हुआ है। इस खबर को संकलन करने गए पत्रकार को भी कंपनी के लोग द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों का हस्तक्षेप के बाद कंपनी किनारे हुआ। वन अधिकार समिति के लोगों ने टंडवा प्रखंड क्षेत्र सहित आसपास के इलाके के ग्रामीणों अपील कर कहा हाई टेंशन पोल गाड़ने वाली कंपनी को ट्रैक्टर और हाइड्रा नहीं देने की अपील की है नहीं तो वन क्षेत्र में आपका ट्रैक्टर हाइड्रा जप्त की जाएगी।

**वन अधिकारी समिति ने लगाया टंडवा वन विभाग पर संरक्षण देने का आरोप**

सरादु वन अधिकार समिति के अध्यक्ष जागेश्वर उरांव और सचिव सुबोध सिंह ने टंडवा वन विभाग पर पैसा लेकर वन क्षेत्र में पोल गाड़वाने का गंभीर आरोप लगाया है। अध्यक्ष ने कहा पूर्व में दो मामला कंपनी पर दर्ज हो चुका है। पर वन विभाग द्वारा गिरफ्तार नहीं करके फिर से वन क्षेत्र में संरक्षण दिया है। सचिव ने कहा गांव के लोग जंगल से जलावन के लिए लकड़ी लाता हैं तो वन विभाग गिरफ्तार करके ले जाती है और जेल भेज देती है। पर वन क्षेत्र पर हाई टेंशन पोल गाड़ने वाली कंपनी पर तीन मामला दर्ज हुआ है फिर भी गिरफ्तार क्यों नहीं हुआ है?

**क्या कहते हैं चतरा दक्षिण डीएफओ**

टंडवा वन प्रक्षेत्र के सरादु गांव के जंगल मे बगैर परमिशन एनओसी के हाई टेंशन बिजली पोल गाड़ने के मामले में चतरा वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिण क्षेत्र मुकेश कुमार ने कहा सरादु वन भूमि पर हाई टेंशन पोल गाड़ने और ले जाने के लिए किसी प्रकार का एनओसी नहीं दिया गया है। आगे कहा कन्वेयर बेल्ट के बगल या इसके अंदर से ले जाने के लिए भी एनओसी नहीं दिया गया है। कन्वेयर बेल्ट के एनओसी आड़ में इलेक्ट्रिसिटी ले जाने के लिए अलग से पोल गाड़ा जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

## मोंगर संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में हुंडरू को मिला प्रथम पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** संकुल संसाधन केंद्र मोंगर के प्रांगण में मंगलवार को संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल स्तर के सभी विद्यालयों के रसोइयों ने भाग लिया और विभिन्न व्यंजन प्रस्तुत किए। राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की रसोइया उषा देवी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि मध्य विद्यालय मोंगर की रसोइया उर्मिला देवी ने द्वितीय, और मध्य विद्यालय गोवा की रसोइया प्रभा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडली में संकुल समन्वयक चंदन कुमार, बीपीओ सुनील कुमार, रितेश कुमार, उषा बेक, स्मिता देवी, रविंद्र कुमार सिंह, तथा विभिन्न विद्यालयों के बाल संसद के पोषण मंत्री रानी कुमारी, सोनी कुमारी, चांदनी कुमारी, और रोशनी कुमारी आदि उपस्थित थे।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव, शिक्षक संजीव कुमार, चंद्र प्रमोद कुमार पांडेय, अध्यक्ष कुसमी देवी, उपाध्यक्ष रीना देवी, संयोजिका प्रमिला देवी, संतोष कुमार मेहता, विजेंद्र उरांव, शांति देवी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उषा देवी को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत लातेहार में सड़क सुरक्षा प्रभात फेरी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सड़क सुरक्षा माह-2025 के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को लातेहार जिले के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ सड़क सुरक्षा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित यातायात नियमों के बारे में शिक्षित करना था।प्रभात फेरी में सैंकड़ों छात्रों ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने यातायात सुरक्षा नियमों, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात संकेतों का पालन करने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न नारों और बैनरों के साथ यह फेरी निकाली।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

## हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक आज, कई मुद्दों पर तय की जायेगी रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिला हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक आज बालूमाथ स्थित रोज गार्डन में होगी। जिसमें मगध कोलियरी एव तूबैद कोलियरी से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर भविष्य के लिए रणनीति तय की जाएगी ।उक्त आशय जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव मो0 शाहनवाज ने बताया कि हाईवा वाहन मालिकों के साथ मगध कोलियरी एव तूबैद कोलियरी को लेकर कई विचाराधीन मुद्दे हैं। जिसमें ऐशो. द्वारा तय भाड़ा लागू करने एवं स्थानीय गाड़ियों को प्राथमिकता देने सहित कई मुद्दे शामिल है। जिसपर बैठक में विस्तार से चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि बालूमाथ स्थित छठ तालाब के समीप होटल रोज गार्डन में एक बजे आयोजित इस बैठक में हाईवा वाहन मालिकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए हाईवा वाहन मालिकों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान (जीपीडीपी ) 2024-25 के निमित ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड प्रमुख, मास्टर ट्रेनर और प्रखंड समन्वयक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया था। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में -प्रखंड संसाधन दल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड संसाधन दल सहित मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य(प्रति पंचायत) वी0पी0आर0पी0 की एक सदस्य, जल सहिया, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक को प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर प्रखंड संसाधन दल सहित पंचायत सहजकर्ता दल के सभी सदस्य उपस्थित थें।

## सड़क सुरक्षा के तहत विद्यार्थियों ने निकाली रैली, लोगों को किया गया जागरूक

**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के फुलासु उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश कुमार के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली, रैली में शामिल बच्चे, शराब पीकर वाहन ना चलाए, सावधानी हटी दुर्घटना घटी, यातायात नियमों का पालन करो, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे, रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह जागरूकता रैली फुलसु उच्च विद्यालय परिसर से निकलकर उप स्वास्थ्य केंद्र, कुम्हार टोला, ठाकुर टोली, राजपुत टोला, व बजार टांड होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में आकर समाप्त किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षको ने भी बढती सड़क दुर्घटना के कारणो को बताते हुए, लोगो को सड़क सुरक्षा के महत्व को बताया व यातायात के नियमों को पालन करने के लिए लोगों से अपिल की. रैली में विद्यालय के शिक्षक रामप्रताप कुमार रवि, धर्मेन्द्र कुमार, राजेश कुमार व भारी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल थे।

## जमीन विवाद में हुये गोलीकांड का उद्भेदन, एक आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस ने जमीन विवाद में हुवे गोली कांड का उद्भेदन 24 घंटे के अंदर ही कर दिया।इस काडं में संलिप्त एक आरोपी सागर शर्मा, पिता- रमेश शर्मा डूरुआ, थाना-जिला लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं मंगलवार को पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया की दिनांक-20? जनवरी 2025 को समय करीब 09.30 बजे सूचना मिली थी कि ग्राम- डुरुआ स्थित घोड़ा करम स्थित विवादित जमीन पर दो पक्षों में चाकू बाजी एवं फायरिंग की घटना हुई है। सूचना के सत्यापन के क्रम में यह बात प्रकाश में आया कि डुरुआ निवासी सदाकत अंसारी एवं रमेश शर्मा के बीच घोड़ा करम स्थित जमीन को लेकर विवाद हुआ।जिसमें रमेश शर्मा, उसकी पत्नी मूर्ति देवी व पुत्र सागर शर्मा एवं सदाकत अंसारी के बीच मारपीट हो गई जिसमें रमेश शर्मा एवं उसके पुत्र सागर शर्मा ने सदाकत अंसारी पर कुल्हाड़ी एवं चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया है एवं फाइरिंग किया। इस संबंध में अंनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी लातेहार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पेशेवर तरीके से अनुसंधान कर हुंडई वेन्यू कार से भाग रहे। कांड के मुख्य आरोपी सागर शर्मा, पिता- रमेश शर्मा को लातेहार से पीछा कर बालूमाथ थाना के मकईयाटाँड़ पीकेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जहाँ उसके पास से हथियार की बरामदगी हुई। आरोपी सागर शर्मा की निशानदेही पर डुरुआ स्थित उसके घर से भी अग्नेयास्त्र की बरामदगी की गई है। आगे उन्होंने कहा कि इस कांड में फरार अन्य अभियुक्त (1) रमेश शर्मा एवं उनकी पत्नी मूर्ति देवी की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

**छापामारी टीम में**

पु0नि0 सह थाना प्रभारी, दुलड़ चौंड़े, पु0अ0नि0 राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार महतो, रामाकांत गुप्ता, स0अ0नि0 कुबेर प्रसाद देव एंव लातेहार थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# जन शिकायत निवारण का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, नियोजन, पेंशन, मुआवजा आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## बालूमाथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हयात ने ठंड के इस कठिन समय में मानवता का परिचय देते हुए कई जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया।मौके पर बोलते हु3 कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने कहा की ठंड के इस मौसम में हर व्यक्ति को गरम कपड़ों और कंबलों की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में गरीब लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है वे लोग ठंड से ठिठुरते रहते हैं ।मेरा प्रयास है किसी भी जरूरतमंद को ठंड से तकलीफ न हो।वही मौके पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज सेवा में योगदान दिया। वही प्रखंड कांग्रेस कमिटी के इस कार्यक्रम का स्थानीय लोगों ने सराहना किया।

### प्रदीप प्रसाद ने जिला अधिकारियों संग की विकास कार्यो की समीक्षा

# विकास कार्य पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरे किये जायेंगे : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को जिला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, और जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार से मुलाकात की। इस बैठक में सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विधायक ने ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर चिंता जताई और अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सड़कों, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं, और शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर बल दिया। शहरी इलाकों में बढ़ती आबादी और विकास की मांगों को देखते हुए विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्रों में जल निकासी, सड़क निर्माण, और अन्य आधारभूत सुविधाओं पर तेज़ी से काम किया जाए। उन्होंने नगर क्षेत्र में ट्रैफिक प्रबंधन और स्वच्छता को भी प्राथमिकता देने की बात कही। विधायक ने कहा की चल रही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, और क्रियान्वयन की प्रगति पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। विधायक ने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर और प्रभावी ढंग से हो। पारदर्शी कार्य प्रणाली के लिए विधायक ने कहा कि सभी विकास कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। समय सीमा का पालन करते हुए सभी योजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों। स्थानीय जनता की भागीदारी हेतु क्षेत्र की जरूरतों और जनता की राय को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को



अंतिम रूप दिया जाए। प्रदीप प्रसाद ने कहा की हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र को विकास के नए आयाम पर ले जाना मेरी प्राथमिकता है। ग्रामीण और शहरी इलाकों की समस्याओं को दूर करना और क्षेत्र के हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना मेरा उद्देश्य है। इसके लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने और जनता की शिकायतों का तुरंत निवारण करने के लिए एक ठोस तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने जोर दिया।

**बैठक में विधायक ने क्षेत्र के कुछ विशेष मुद्दों पर भी चर्चा की**

कृषि और सिंचाई हेतु ग्रामीण इलाकों में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, खाद-बीज की उपलब्धता और सिंचाई के बेहतर साधन प्रदान करने पर जोर दिया गया। शिक्षा को लेकर सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति, आधारभूत संरचनाओं की मरम्मत, और डिजिटल शिक्षा का विस्तार किया जाए। स्वास्थ्य सेवाएं को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों, दवाइयों, और उपकरणों की कमी को दूर करने के लिए कदम उठाए जाएं। महिला एवं युवा कल्याण को लेकर महिलाओं के लिए रोजगार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम और युवाओं के लिए खेलकूद व कौशल विकास के विशेष केंद्र स्थापित किए जाएं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि विकास कार्यों की निगरानी के लिए वह क्षेत्र का नियमित दौरा करेंगे और जनता के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को जन शिकायत निवारण प्रणाली को प्रभावी बनाने का सुझाव दिया, ताकि जनता की समस्याएं तेजी से हल हो सकें। श्री प्रसाद ने जिला प्रशासन से अपील की हर स्तर पर समन्वय बनाकर विकास कार्यों को समय पर और प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी जिम्मेदारी है और इस दिशा में वह हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक के अंत में अधिकारियों ने विधायक को भरोसा दिलाया कि सभी विकास कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाएंगे और जनता की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## मां की ममता हुई शर्मसार, खेत मे मिली नवजात, जानवरों के हमले से गई जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अलपिटो में शिव मंदिर के समीप एक खेत में सोमवार को करीब 8ः15 बजे सुबह को एक जीवित नवजात बच्ची फेंकी पाई गई थी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय चरवाहों ने बच्चे की आवाज सुनी और सुनकर उस जगह पर गए तो देखा कि एक जीवित नवजात बच्ची गमछे में लपेट कर फेंकी हुई है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विष्णुगढ़ पुलिस-प्रशासन को दी,हालाँकि ग्रामीणों ने बताया कि नवजात बच्ची का पूरा बायां हाथ तथा दांया हाथ आधा जानवरों ने खा लिया था,फिर भी ग्रामीणों को मिलने के बाद कुछ समय तक जिंदा थी,पुलिस आने के पूर्व बच्ची ने दम तोड़ दिया। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा की बच्ची ने दम नही तोड़ा बल्कि हमारे सामाजिक ताने बाने ने दम तोड़ दिया,एक माँ की ममता ने दम तोड़ दिया,हमारी संस्कृति ने दम तोड़ दिया। इस तरह की मानसिकता हमारे समाज मे फैलती ही जा रही है जहाँ लड़कियों को दोयम दर्जा दिया जाता है,यहाँ तक तो सहा जा सकता है,परन्तु जिस बच्ची ने इस दुनियां में ना कुछ देखा ना सुना उसे मरने के लिए जानवरों के लिए छोड़ देना यह सिर्फ लड़की होने की सजा है तो इससे पूरा समाज व्यथित है। विष्णुगढ़ पुलिस ने खून से लथपथ नवजात बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर शव के अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए- अलपिटो पंचायत के समाज सेवी धानेश्वर यादव ने कहा यह अत्यन्त निंदनीय घटना है,इस तरह से बच्ची को जानवरों से नोच खाने के लिए फेकना कुत्सित मानसिकता का प्रतीक है। मेरा मानना है,बेटा-बेटी में कोई अंतर नही है,फिर भी समाज मे बेटी को कमतर देखना हमारे समाज की सोच बन गई है। बेड़ाहरियारा मुखिया रामचन्द्र यादव ने इस घटना पर कहा कि यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। जिसकी कोई संतान नही होती वही इस दर्द को समझ सकता है। ऐसे माता-पिता को नर्क भी नसीब नही होगी जिसने दुधमुही बच्ची को कुत्तों का आहार बनने के लिए छोड़ दिया। मेरा आग्रह होगा स्थानीय पुलिस इस घटना की जाँच कर ऐसे दोषियों को कानून के शिकंजे में जकड़ा जाय।

## जिला उद्यान विभाग ने किसानों के बीच किया गया बीज का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत महुंगाईकलां, हरली, महुंगाईखुर्द, पुंदौल तथा बादम के किसानों के बीच जिला उद्यान विभाग के द्वारा अली रजा के नेतृत्व में भिंडी, बैगन,लोकी, टमाटर,करेली, परवल, इत्यादि सब्जियों का बीज वितरण किया गया। इस दौरान अली रजा ने कहा के किसानों को उपकरण भी दिया जाएगा ताकि किसान अपनी जीविका उपार्जन कर सके। अली रजा ने किसानों को जैविक खेती व सभी तरह के फसलो के बारे में बताया और मौसम के अनुसार फसल लगाने का तर्क दिया। समय पर फसलो को खर-पतवार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। मौके पर मुख्य रूप से किसान मो.देवन्ती, सुशीला देवी, पुखन महतो, सेवक महतो, विकास कुमार, निरसवा देवी, फुलमतीया देवी, केवल महतो, सुनिता देवी, अनुराधा देवी, शांति देवी, शकिला खातून, राधा देवी, अरशद अंसारी,शेरून निशा के अलावे सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## प्रवासी श्रमिको के हित में कार्यशाला का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रवासी श्रमिकों के हित मे एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विष्णुगढ़ प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों तथा श्रम मित्रो को कार्यशाला के दौरान श्रम अधीक्षक अनिल देव रंजन ने शार्ट फ़िल्म के माध्यम से प्रवासी श्रमिको की कठिनाइयों से अवगत कराया तथा कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रमिक निर्माण श्रमिक असंगठित श्रमिक के कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए श्रमधान पोर्टल पर निबंधन करवा कर ही प्रवासी श्रमिक बाहर रोजगार के लिए बाहर जाएं ताकि विपदा की घड़ी में यह निबंधन रहने पर श्रमिक को उनके परिजन को लाभ मिले। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक के कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर 5 लाख झारखंड राज्य से



बाहर कहीं अनहोनी घटना घटने पर पंजीकृत रहने पर उनके परिजन को 200000 का लाभ मिलता है। साथ ही श्रम विभाग के द्वारा श्रमिक औजार सहायता योजना सेफ्टी किट योजना मातृत्व प्रसूति योजना छात्रवृत्ति योजना समेत और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। निर्माण श्रमिकों को प्रत्येक वर्ष 110 रुपया अंशदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख जैबुन निशा प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार श्रम अधीक्षक अनिल रंजन बगोदर विधायक नागेंद्र महतो हजारीबाग कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो सुखदेव रजवार समेत कई लोग मौजूद थे। निबंध श्रमिकों के बीच शर्ट पैंट साड़ी योजना के तहत पैंट शर्ट का कपड़ा वितरण किया गया।

## मुखिया संघ की पुरानी कमिटी भंग, नई कमिटी के अध्यक्ष बने दिनेश साव



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखंड के मुखिया संघ की वार्षिक बैठक पचड़ा पंचायत भवन में हुई बैठक की अध्यक्षता मुखिया महेश प्रसाद साव ने किया. उक्त बैठक में पिछले एक वर्ष के कार्यकाल की समीक्षा की गई. बैठक में वर्तमान मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष महेश प्रसाद साव ने अपनी व्यस्तता को देखते हुए प्रखंड अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया. जिनकी इस्तीफा को सर्व सहमति से स्वीकार कर लिया गया तत्पश्चात उपस्थित सभी मुखिया ने वर्तमान प्रखंड कमिटी को तत्काल भंग किया . इसके उपरांत सर्वसम्मतिसे नई प्रखंड कमिटी का गठन किया.जिसमें अध्यक्ष पद पर कंडाबेर पंचायत के मुखिया दिनेश साव का चयन किया गया जबकि सचिव जितनी देवी व कोषाध्यक्ष हितनारायण साव को चुना गया. गठित नई कमिटी के सदस्यों ने इसकी लिखित जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार को दी. इस दौरान मौके पर मुखिया जितनी देवी, महेश साव अशोक कुमार राम, भारती देवी,सोनिया देवी, तुलसी तुरी नेहा लकड़ा,पार्वती देवी बेली देवी, हिनारायण साव समेत मुखिया प्रतिनिधि बैद्यनाथ महतो,अमित कुमार दुबे,विकास कुमार साव,बिहारी गंझु उपस्थित थे.

## 36 घंटे के बाद के डी कोल माइंस हुआ चालू



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 20 जनवरी को लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 22 के बरनी यादव पेट्रोल पंप के समीप दो हाइवा के टक्कर में मृत केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांडु गांव निवासी सोहेल अंसारी के मौत के उपरांत ग्रामीणों के द्वारा बंद किए गए एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस का कार्य 36 घंटे के बंद के उपरांत चालू हो गया. युवक की मौत के उपरांत पांडु गांव के ग्रामीण मुआवजा विस्थापन नौकरी की मांग को लेकर 20 जनवरी को शव को केरेडारी कोल माइंस के समीप रख कर माइंस का खनन परिवहन समेत सभी कार्य को बंद करा दिया गया था. स्थानीय विधायक रौशन लाल चौधरी पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर केरेडारी कोल माइंस के एजीएम एस पी गुप्ता रोहित पाल एमडीओ बीजीआर जी एम श्री निवास राव ट्रांसपोर्टर परवेज आलम पांडु मुखिया प्रतिनिधि रब्बानी मियां वरिष्ठ समाजसेवी शमीम मियां दिलदार अंसारी सुंदर गुप्ता बिनोद नायक अनुज दुबे मो सफर आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव युवा महामंत्री अमित गुप्ता समेत कई बुद्धिजीवियों के पहल पर 6 लाख 50 हजार नगद मुआवजा परिवार के एक सदस्य को एचपीसी ग्रेड में रोजगार और विस्थापन के बात पर सहमति बनी तब जाकर शव को ग्रामीणों ने उठाया.

## उचित समय पर शरीर की जाँच आपको रखती है स्वस्थ : नागेंद्र महतो

### विष्णुगढ़ सीएचसी में वृहत पैमाने में स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अरुण कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रमुख जैबुन निशा, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष दीपू अकेला एवं हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सुखदेव रजवार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वास्थ्य मेला में कुल 18 स्टाल थे, जिसमें पंजीकरण, सामान्य चिकित्सा, दावा वितरण, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण कार्यक्रम, किशोरी स्वास्थ्य, एनसीडी क्लीनिक, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया/फाइलेरिया, अंधापन एवं नाक, कान, गला संबंधित



स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा जांच, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ कार्ड, आयुष कार्यक्रम, योग एवं आई0ई0सी के स्टाल शामिल थे। इस दौरान मुख्य स्थिति विधायक नागेंद्र महतो ने अपने संबोधन में आमजनों से आग्रह करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, जान है तो जहान है। जिस उद्देश्य से शिविर को लगाया गया है इस शिविर का लाभ सभी लोग भरपूर लें और शिविर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि लोग स्वास्थ्य को लेकर और जागरूक हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति खुद जागरूक हो और अपने साथ 10 और लोगों को स्वास्थ्य हेतु जागरूक करे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना केवल एक व्यक्ति या जनप्रतिनिधियों के योगदान की बात नहीं है इसके लिए सामूहिक रूप से सभी लोगों को बढ़-चढ़कर आगे आना होगा। आगे उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, हमने मिलकर लगभग सभी बीमारियों से जीत हासिल की है। हमारे देश में पोलियो खत्म होने के कगार पर है, 2012 के बाद पोलियो की शिकायत ना के बराबर है, हमने टेटनस को भी लगभग खत्म कर दिया है। जिस प्रकार हमने कोरोना से लड़कर जीत हासिल की है उसी प्रकार हम टीबी मुक्त भी हो सकते हैं। उन्होंने सभी से आगरा करते हुए कहा कि सभी लोग जागरुक होकर अपनी-अपनी स्वास्थ्य जांच कारण और शिविर के उद्देश्य को सफल बनाएं।मौके पर डॉ0 जफर हसन, महिला चिकित्सक डॉ0 एफ होरो, प्रमोद कुमार, राजेंद्र मंडल, निर्मल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, मनोज देहाती, घनश्याम पाठक, बिलाल अंसारी, सुशील मंडल, सुरेश राम, डूमरचंद महतो, शाहिद अंसारी, गौतम वर्मा,अनूप कसेरा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## अज्ञात पिकअप ने स्कूटी को लिया चपेट में, एक युवती की मौत, दो गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत देवचंदा मोड के पास दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें एक स्कूटी को अज्ञात पिकअप वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। स्कूटी में सवार तीनों युवतियां गंभीर रूप से गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल तीनों युवतियों को प्राथमिक उपचार के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया, जहां चिकित्सक ने इलाज के दौरान 20 वर्षीय खुशी कुमारी पिता डेगलाल यादव की मौत की पुष्टि की है। वहीं घायल अवस्था में 20 वर्षीय माही कुमारी और प्राची कुमारी को हजारीबाग रेफर किया गया है। माही और प्राची दोनों सगी बहने है, जो झुमरी तिलैया की हैं। तीनों युवतियों झुमरी तिलैया की थी। इधर घटना की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पर पुलिस पहुंची। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कि तीनों युवतियों एग्जाम देने को कहकर घर से निकली थी और वापस अपने घर तिलैया जाने के क्रम में देवचंदा मोड पर यह घटना घट गई। जानकारी मिलने पर मृतक युवती के परिजन बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



## स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती पर विवेकानंद सेवाश्रम में की गई विशेष पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के समीप स्थित विवेकानंद सेवाश्रम में मंगलवार को विवेकानंद सेवा आश्रम के मंदिर परिसर में पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति को पुनः स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा, हवन एवं आरती पूरे विधिविधान से की गयी।आज के विवेकानंद जन्म महोत्सव कार्यक्रम में हजारीबाग के जबरा रोड, कोर्रा में स्थित विवेकानंद आईटीआई के निदेशक गजानंद पाठक एवं हजारीबाग विवेकानंद युवा महामंडल के अध्यक्ष अनूप सिंहा ,एम्बिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक विवेक कुमार एवं मिरर ऑफ द सोसायटी शैक्षणिक संस्थान के संचालक अमन कुमार का आगमन इस विशेष पूजा में हुआ।गजानन पाठक एवं युवा मंडल



के अध्यक्ष अनूप सिंह बच्चों से मिलकर काफी प्रभावित हुए द्य इन लोगों ने आश्वासन दिया की विद्यालय के हित में या आश्रम परिसर के हित में हम लोगों से जो भी सहयोग होगा हम लोग निश्चित रूप से करेंगे विवेकानंद सेवा आश्रम के सचिव यशवंत मिश्रा ने इन लोगों का आभार प्रकट किया द्य गजानन पाठक ने कहा की विद्यालय स्वामी जी के भाव धारा को लेकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है यह आज के समय बहुत बड़ी बात है । इस 163 वें आविर्भाव के कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावकों ने भाग लिया। पूजा उपरांत बच्चों एवं अभिभावकों के बीच में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान इस विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मो0 क़ैसुल आबेदीन, ममता मिश्रा, देवेश कुमार, स्नेहा कुमारी, प्रतिष्ठा कुमारी, पीयूष सिंहा, स्नेहा वर्मा, कल्याणी देवी एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने सैकड़ो लाभुको के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में लाभुकों के बीच निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के परिसंपत्तियों के वितरण का कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो तथा श्रम अधीक्षक हजारीबाग अनिल देव रंजन,प्रमुख जैबुन निशा,बीडीओ अखिलेश कुमार,अंचलाधिकारी नित्यानंद दास,कोडरमा साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,हजारीबाग साँसद प्रतिनिधि सुखदेव रजवार,माण्डू विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल ने दिप्रजावलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जबकि कार्यक्रम का संचालन बीपीओ ममता सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में सात किसानों के बीच में 40,2000 रुपये का केसीसी ऋृण,प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14 लाभुको को आवास,झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित 11 लाभुको को अबुआ आवास,जेएसएलपीएस




के द्वारा सात महिला मंडल को सीसीएल के तहत दो करोड़ सतरह लाख पचास हजार रुपये का ऋृण,बिरसा सिचाई कूप योजना के तहत 11 लाभुको को कूप का,11 छात्राओं के बीच सायकिल,दो दिव्यांग के बीच ट्राइसाइकिल,10 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म,वृद्धा/विधवा पेंशन योजना के 22 लाभुको को स्वीकृति देकर प्रमाण पत्र,उद्यान विकास योजनांतर्गत सब्जी की खेती के लिए 5 लाभुको को सब्जी का बीज,6 लाभुको मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण बगोदर विधायक नागेंद्र महतो तथा उपस्थित अन्य लोगो के द्वारा वितरित की गई। वितरण कार्यक्रम के पूर्व बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप इन परिसंपत्तियों का सदुपयोग कर अपने जीवन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाये। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो,मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार, बेलाल अंसारी ,मुखिया लक्ष्मी कुमारी,रीता देवी,दुलारचंद महतो समेत सैकड़ो की सँख्या में जनप्रतिनिधि एवं लाभुक उपस्थित थे।

# चरही में अवैध कोयला का कारोबार रात के अंधेरे में चल रहा है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** चरही मे अवैध कोयला का कारोबार रात के अंधेरे मे जोरो पर चल रहा है ये एक बड़ा सवाल बना हुआ है किसके इशारे पर इतना बड़ा काम को अंजाम दिया जा रहा है कोयला माफिया बेखौफ होकर काम को अंजाम दे रहे हैं चाहे किसी की जान चली जाए उसका भी उसे डर नही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक कोयला माफीया के साथ कई लोग शामिल है रात के अंधेरे में कोयले को इधर से उधर निकाल कर बेच रहे है ट्रैक्टर



व साइकिल का इस्तेमाल कर रहे है और कोयला स्टॉक चूरचू मे करके रामगढ के कई फैक्ट्री व बाहर के मंडीओ मे बेचा जा रहा है। साथ ही रामगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र बोकारो जिले से भी अवैध कोयला रामगढ़ की फैक्ट्रीयों में खपाया जा रहा है और अब देखना यह है कि कब रामगढ़ जिला प्रशासन , हजारीबाग जिला प्रशासन , बोकारो जिला कब प्रशासन ठोस कदम उठाती है । कार्रवाई नहीं होने पर अगले खबर में कोल माफियाओं का नाम उजागर किया जाएगा।

## उरीमारी में सीएसआर मद से 400 मीटर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का हुआ उद्घाटन



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी पंचायत के दियाटोला में 400 मीटर पीसीसी सड़क का उद्घाटन मंगलवार को आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में किया गया। वहीं इस पीसीसी सड़क का उद्घाटन विधी विधान से एवं नारियल फोड़कर किया गया। बता दें कि यह सड़क 400 मीटर एक छोर व 200 मीटर दुसरी छोर कि ओर बनेगी। इन दोनों सड़कों को मुख्य मार्ग से जोडा जाएगा। वहीं यह सड़क जामुन टोला के गुदल प्रजापति के घर से लेकर दिया टोला के राजू बेसरा के घर तक बनेगी। वहीं इस उद्घाटन कार्यक्रम में सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा,मंगरू उरांव,विजय उरांव, बिनोद करमाली,तुला करमाली, महेश करमाली,रतन करमाली, बसंत करमाली, सुनील उरांव, रमेश करमाली, बुधन करमाली,प्रदिप करमाली, पंकज करमाली,उप मुखिया शतीश कुमार,चन्दू जयसवाल ,बुधनी देवी, बसंती देवी, तेतरी देवी, राधिका देवी आदि लोग मौजूद थे।

## 22 जनवरी को छावनी फुटबॉल मैदान में होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं



प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल के तहत दिनांक-22.01.2025 को समय-11:00 बजे से छावनी फुटबॉल मैदान रामगढ़ में ÷जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है, जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नं0-9162388444 एवं Email id-janshikayat- rgh@jhpolice.gov.in पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।

## रामगढ़ सदर अस्पताल बिजूलिया में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ सदर अस्पताल बिजूलिया में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्धघाटन किए। सर्वप्रथम विभाग के अधिकारियों व सहिया दीदियों ने परंपरिक रूप से स्वागत किए साथ ही विभिन्न स्टोलो का निरीक्षण भी किए। मौके पर रामगढ़ विधानसभा कांग्रेस पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद उपाधीक्षक डॉ मृत्युंजय ठाकुर प्रभारी डॉ आरके चौधारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान जिला उपाध्यक्ष मनोज पुझर पुर्व विधायक प्रतिनिधी कमलेश महतो नगर अध्यक्ष बलराम साहू ओबीसी जिला अध्यक्ष चंदन प्रसाद समीर हुसैन सगीर अंसारी टिंकू खान लतीफ विक्की संजय साव सहित विभागीय अधिकारी लोग शामिल थे।

## रामगढ़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक की साफ सफाई रामगढ़ की युवाओं ने किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के हृदय स्थल नेताजी सुभाष चंद्र



बोस चौक की साफ सफाई रामगढ़ की युवाओं ने किया। नेताजी सुभाष जी की अकादमक प्रतिमा काफी दिनों से साफ सफाई नहीं हुई थी सफाई कार्यक्रम मैं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अगवाई में यह कार्यक्रम किया गया। श्री ठाकुर ने बताया कि काफी दिनों से रामगढ़ शहर की प्रतिमाएं प्रदूषण और धूल से गंदी हो चुकी थी इसलिए हम लोगों ने सुभाष जी के प्रतिमा की सफाई की 23 जनवरी को सुभाष जी का जयंती है इस निमित्त सफाई किया गया।इस सफाई अभियान में भाजपा नेता मुन्ना खटीक राजू राठौर कुणाल दास अमित ठाकुर तुल्यवर पासवान अभिजीत मुखर्जी उर्फ ट्यूबल विद्यार्थी परिषद के अंशु पांडे आदि लोगों ने सफाई कार्य किया।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम किया गया आयोजित

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसएसभीएम पतरातू थर्मल में सड़क



सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में अल्ट्राटेक सीमेंट बर्नपुर द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय सहित 30 छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।तथा वंदना सभा में उपस्थित अल्ट्राटेक सीमेंट बर्नपुर के एचआरडी भुवनेश मिश्रा,सेफ्टी ऑफिसर सर्वेश दुबे,लॉजिस्टिक डिपार्टमेंट के प्रमुख पंकज सिन्हा एवं अविनाश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सभी प्रतियोगी भैया बहनों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित अपने मन में चित्रित छवि को कागज के पन्नों पर उतारने का भरपूर प्रयास किया। प्रतियोगिता में उपस्थित अल्ट्रा टेक सीमेंट लिमिटेड के अधिकारियों ने सभी छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताते हुए सड़क पर चलने के जरूरी नियमों से अवगत कराया। उन्होंने एक नारा भी दिया परवाह करेंगे,सुरक्षित रहेंगे। प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को उपस्थित अधिकारियों एवं प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक के द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक सहित सभी आचार्य उपस्थित थे।

## भुरकुंडा पंचायत भवन में लगा निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग रामगढ़ के तत्वावधान में मंगलवार को पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें बिमारियों से ग्रस्त पशुओं के उपचार हेतु निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं दी गई। शिविर में डॉ. पंकज कुमार और धर्मेंद्र तिवारी (एआई कार्यकर्ता) ने योगदान दिया। मुखिया अजय पासवान के दिशा-निर्देश कई पशुपालकों ने शिविर का लाभ उठाया।इस दौरान रान बताया गया कि शिविर में सामान्यतः गाय-भैंस में होनेवाला थनेला रोग, चर्म रोग और फंगल इंफेक्शन, पालतू कुतों में पारवो वायरल इंफेक्शन, बकरी में पीपीआर इंफेक्शन के मामले सामने आए हैं। जिनके उपचार हेतु पशु पालकों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई।मौके पर मुखिया अजय पासवान, लाली करमाली, अशोक राम, जितेंद्र साव, निधि कुमारी, लाला सहित कई मौजूद रहे।

**झाकोमयू के बैनर तले विशाल जुलूस में पहुंच सयाल डी पीओ को 22 सुत्री मांग पत्र सौंपा**

## 15 दिनों के अंदर मांगो पर पहल नहीं होने पर झाकोमयू चरणबद्ध आंदोलन को होगी बाध्य : संजीव बेदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र से सयाल डी परियोजना पदाधिकारी कार्यालय तक मंगलवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने विशाल जुलूस निकाल कर पैदल मार्ग कर सयाल डी परियोजना पहुंचे। वहीं इस आंदोलन का नेतृत्व मार्शल हांसदा व शहनवाज ने किया। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह झाकोमयू के क्षेत्रीय सचिव संजीव बेदिया व जोनल कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी, एरिया सचिव संजय वर्मा उपस्थित रहे। वहीं सयाल डी परियोजना पदाधिकारी कार्यालय पहुंच सभी



लोगों ने सामुहिक से परियोजना पदाधिकारी को 22 सुत्री मांग पत्र सौंपा गया। वहीं इस मांग पर में सयाल डी परियोजना में कार्यरत मजदूरों एवं विस्थापितो के विभिन्न समस्याओ को दर्शाया गया है। वहीं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि परियोजना प्रबंधन हमारी 22 सुत्री मांगो पर 15 दिनों के अंदर कोई पहल नहीं करती है या समझौता वार्ता नहीं करती है तो हमारी युनियन चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगी जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन कि होगी। वहीं इस मार्च में झाकोमयू क्षेत्रीय संयुक्त सचिव उदय मालाकार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जगू घासी,शाखा उपाध्यक्ष उदय मेहता,युनियन सदस्य देवीलाल सोरेन, दिनेश टुडू, राजू मुर्मु,दहाराम मांझी, रामनरेश हरिजन, जाकिर हुसैन, गणेश मुंडा,एतवा मुंडा, चंद्रिका राम,सोना करमाली, कालीचरण करमाली आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फ़ाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर मंगलवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान पीरामल फाउंडेशन की राज्य टीम से संजय कुमार, जिला टीम से सिल्वेस्टर टोपनो, वीबीडी कंसलटेंट संजना कुमारी के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फ़ाइलेरिया उन्मूलन अभियान दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक चलाया जाएगा। जिसके तहत रामगढ़ जिले में 1082581 लोगों को एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कुल 2362 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं 134 सुपरवाइजर्स को चयनित



किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2025 को 1184 बूथों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई जाएंगी एवं 11 से 25 फरवरी 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने, कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने फाइलेरिया रोग को लेकर आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान किए जा रहे कार्यों के नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अरगड्डा में एस आई मिक्सर मशीन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा दामोदर नदी के पास खड़ा मोटरसाइकिल एस आई एम मशिन की चपेट में आ गया। मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।मोटरसाइकिल मालिक विकास कुमार महतो ने बताया कि सोमवार की शाम वह दामोदर नदी के पास अपनी मोटरसाइकिल खड़ा कर शौच कर रहा था। इसी बीच नदी में कार्य कर रही एस आई एम गाड़ी ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पाकर आस पास के कई लोग दुर्घटना स्थल पर पहुच गये। ग्रामीणों ने वहां पर कार्य कर रहे कंपनी से नया मोटरसाइकिल देने की मांग की। मंगलवार को घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दल बल के साथ अरगड्डा दामोदर नदी पहुचे। थाना प्रभारी के उपस्थिति में मोटरसाइकिल मालिक विकास कुमार महतो और कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर रणधीर प्रसाद के बीच वार्ता हुई। वार्ता में कंपनी मोटरसाइकिल मालिक को 1 लाख 60 हज़ार रुपये देने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कंपनी को दे दिया गया।

## आरसीएमयू कार्यालय गिद्दी में जय संविधान अभियान का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** आरसीएमयू यूनियन कार्यालय गिद्दी में जय भीम जय बापू जय संविधान अभियान कार्यक्रम आयोजित की गई. इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार ने किया, संचालन महासचिव हैदर अली ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पर्यवेक्षक जयप्रकाश यादव जी मौजूद थे। डांडी प्रखंड के प्रभारी श्री शशि भूषण सिंह जी भी उपस्थित हुए थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह की याद किया गया और उनके लिए दो मिनट की मौन सभा रखी गई। उसके बाद कार्यक्रम को पुण÷ शुरुआत करते हुए सबसे पहले संविधान की पुस्तक में माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाया कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से प्रणव चक्रवर्ती और सी यादव का आगमन भी हुआ था। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे। तुलसी महतो,सेवालाल महतो, हैदर अली ,रमेश कुमार ,गोपाल शर्मा, लालधन महतो, सालिया खातून, कालेश्वर प्रजापति, गुप्तेश्वर सिंह, राम सिंह,रामानंद सिंह, राम विनय ठाकुर,आशानंद पासवान, जितेंद्र कुमार सिंह, सिकंदर मुंडा, सुनील कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, भगवान यादव, और अन्य लोग शामिल थे।

## टीबी जैसी बीमारी को खत्म करने के लिये सामूहिक प्रयास जरूरी है : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत सचिवालय परिसर में उप स्वास्थ्य केन्द्र कुल्ही के द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय विशेष निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 43 लोगों की टीबी (क्षय रोग) के लिए जांच की गई, जिसमें से संदिग्ध मरीजों की पहचान की गई और उनके इलाज के लिए जरूरी कदम उठाए गए। व शर्दी बुखार शुगर जांच किया गया।शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान कर उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। इसके साथ ही, आम जनता को टीबी से बचाव, लक्षण, और उपचार के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों



को टीबी के प्रति सजग रहने और समय पर इलाज करवाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने शिरकत की। उन्होंने कहा, ÷इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने में अत्यंत सहायक हैं। टीबी जैसी बीमारी को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।शिविर का आयोजन छ्राह (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) सुमिता कुमारी की देखरेख में किया गया। उन्होंने शिविर के संचालन और मरीजों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुमिता कुमारी ने बताया, हमारा लक्ष्य है कि टीबी के सभी मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उचित इलाज मुहैया कराना। साथ ही, लोगों को इस बीमारी के लक्षणों के प्रति जागरूक करना ताकि वे समय पर जांच करवा सकें। टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक स्तर पर जागरूकता और शीघ्र पहचान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस तरह के शिविर से हम ग्रामीण इलाकों में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाकर मरीजों को समय पर उपचार दिलाने में सफल हो सकते हैं। टीम ने मरीजों की जांच और परामर्श दिया। टीबी के मरीजों को समय पर दवा देने और उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच के लिए विशेष निर्देश दिए गए। टीबी उन्मूलन का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब हम सामूहिक रूप से इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में जुटें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज को इस बीमारी से मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें। मौके पर नौशाद अंसारी इकबाल अंसारी रोशन कुमार रविरतन कुमार सभी सहिया गण मौजूद थे।

## रणधीर वर्मा स्टेडियम में प्लाटूनों ने किया परेड का रिहर्सल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड किया जाएगा। इस संदर्भ में मंगलवार को जिला सशस्त्र बल, झारखंड सशस्त्र बल - 3, एनसीसी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, होमगार्ड के प्लाटूनों द्वारा परेड का रिहर्सल किया गया। परेड का रिहर्सल 23 जनवरी तक किया जाएगा। वहीं 24 जनवरी को उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दन पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करेंगे।

## कुम्भनाथ सिंह ने जरूरतमंदो के बीच बांटे कम्बल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कड़ाके की ठंड को देखते हुए लगातार धनबाद में जरूरतमंद लोगों के बीच देव सेना संघ की ओर से कम्बल वितरण का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में फिर एक बार कम्बल वितरण करने का पुण्य कार्य समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह के द्वारा मनईटांड़ के झारखंड ऑफिस के सामने किया गया। उन्होंने सैकड़ो महिलाओ और बुजुर्गों को कंबल दिया। इस दौरान कुम्भनाथ सिंह ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उसके निदान करने की बात कही। कार्यक्रम का श्रेय देव सेना संघ समर्थक युवाओं का रहा। सैकड़ो समर्थकों ने कुम्भनाथ सिंह को माला पहना कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर समाजसेवी सह भाजपा नेत्री बॉबी पांडेय भी मौजूद थी।

## बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का हुआ भव्य अनावरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की मंगलवार को सरायढेला रोड, पीके रॉय कॉलेज के समीप, वीर कुंवर सिंह नगर के गेट पर प्रतिमा का अनावरण काफ़ी भव्य तरीके से हुआ। सबसे पहले समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पीएन सिंह के हाथों दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि के अलावे विधायक राज सिन्हा, विधायक रागिनी सिंह, विधायक श्वेता सिंह, विधायक श्रेयसी सिंह, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, अनुपमा सिंह, उदय प्रताप सिंह, अमरेश सिंह समेत कई गणमान्य मंचासीन हुए।बता दें कि धनबाद के वीर कुंवर सिंह नगर में इस प्रतिमा को स्थापित करने में वीर कुंवर सिंह नगर वासियों के सहयोग से किया गया है। करीब 35 वर्षो से कॉलोनी वासियों का एक सपना था कि इस कॉलोनी के मुख्य द्वार पर एक वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा की स्थापना हो जिसे आज वह पूरा हुआ। इसमें मुख्य रूप से अरविंद सिंह,उमेश सिंह,नागेश्वर सिंह,प्रेम सिंह, विजय दुबे,रासबिहारी सिंह, समरजीत सिंह, अरविंद सिंह सिंह बबलू सिंह विनय सिंह,देव बहादुर सिंह, संजय सिंह, संजीत सिंह सहित तमाम कॉलोनी वासियों का सहयोग रहा।




## एनएसयूआई प्रतिनिधि ने छात्रों की समस्याओं को लेकर डीएसडब्ल्यू से किया मुलाकात

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को एनएसयूआई छात्र प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह ने छात्रों की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी से मुलाकात की।सत्र 2023-2025 के लिए सेमेस्टर 3 की बाहरी परीक्षा की अस्थायी तिथि 8 फरवरी है, वार्ता के उपरांत विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा यह आश्वस्त करवाया गया कि फरवरी के अंतिम सप्ताह तक उसका एक्सटर्नल परीक्षा लिया जाएगा । सत्र 2023-25 के लिए अर्थशास्त्र पीजी विभाग में शिक्षकों की नियुक्ति में तेजी लाई जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि छात्रों को नियमित कक्षाएं और अध्ययन सामग्री प्राप्त हो, जिससे वे अपनी परीक्षाओं की अच्छी तरह से तैयारी कर सकें।बीबीएमकेयू की डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी ने सभी चिंताओं को सुना और स्वीकार किया, आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है: **क्रम संख्या: 1; ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-03-25; दिनांक 20.01.2025; कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** नामकोम और टाटीसिलवई में मौजूदा गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य; **निविदा लागत (रुपये में) :** ₹ 4803882.68; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रुपये में) :** ₹ 96,100.00; **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** 10.02.2025 को 16.00 बजे; **वेबसाइट विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा विवरण वेबसाइट http:www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग में भाग लेने के समय निविदाकर्ता द्वारा सभी प्रासंगिक कागजात निविदा दस्तावेज के साथ अपलोड किए जाने चाहिए।
(PR-1038)

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के आवेदनों का सीडीपीओ नहीं करती है निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। जनता दरबार में निरसा के रांगामाटी से आयी सेविका ने उपायुक्त को बताया कि वहां की सीडीपीओ द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के आवेदनों का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। इस कारण लगभग 11 आवेदन लंबित है। मामले पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जांच कर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लंबित आवेदनों को शीघ्र निष्पादित कराने का निर्देश दिया।राजगंज बाजार की एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि वर्ष 2011 से वह अपना मकान बनाकर रह रही है। 5 वर्ष पूर्व उनके मकान के बगल में एक नया मकान बना है। उस नए मकान के सोखा का पानी उनके घर में घुस रहा है। इसके कारण उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इसको लेकर पड़ोसी को कई बार शिकायत की, परंतु इसका निराकरण ढूंढने के बजाय पड़ोसी उन्हें धमका रहा है।जनता दरबार में गोविंदपुर से आए लोगों ने उपायुक्त को जैप - 3 रोड, यशलोक नगर में स्थित एक शराब दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने का अनुरोध किया। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि उक्त शराब दुकान में मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण वहां के निवासियों और वहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा जनता दरबार में जमाबंदी बंदोबस्ती रद्द करने, पेंशन नहीं मिलने, नाला निर्माण के संबंध में, रैयती जमीन पर अवैध कब्जा करने, भूमि की मापी हो जाने के बाद भी मापी प्रमाण पत्र नहीं दने, गोविंदपुर साहिबगंज रोड में बिना मुआवजा दिए जमीन का अधिग्रहण करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। उपायुक्त ने सभी शिकायतों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।



## असर्फी हॉस्पिटल ने मनाया अपना 17वां स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल ने अपने 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष पूजन का आयोजन किया, जिसमें हॉस्पिटल के सभी कर्मचारी और डॉक्टरों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, अस्पताल ने अपने पिछले 17 वर्षों में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपने योगदान को रेखांकित किया। समारोह की शुरुआत गणेश पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों से हुई, जिसमें अस्पताल के निदेशक और प्रमुख डॉक्टरों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, हमारे लिए यह यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। 17 वर्षों में, असर्फी हॉस्पिटल ने न केवल उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा प्रदान की है, बल्कि मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और देखभाल को भी साबित किया है। हम आगे भी अपने मरीजों को सर्वोत्तम उपचार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर अस्पताल ने अपनी नई योजनाओं और भविष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल आगे भी न सिर्फ उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए कई पहल करेगा।इसके अतिरिक्त, अस्पताल ने समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए कई नई पहल की योजना बनाई है। इसमें विभिन्न कैंप्स, मुफ्त चिकित्सा जांच कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थापना दिवस के इस खास दिन पर, अस्पताल ने अपने कर्मचारियों और डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत से अस्पताल को एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र बनाने में मदद की है। असर्फी हॉस्पिटल ने इस अवसर पर अपने मरीजों और उनके परिवारों के प्रति भी आभार जताया और आगे भी उच्च मानक की चिकित्सा सेवाएं देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा ने सामाजिक समस्या को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डिगवाडीह क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा डिगवाडीह कार्यालय में एक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त से लेकर प्रधानमंत्री तक दिए गए लिखित आवेदन पर जल्द जल्द करवाई को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता रामप्रवेश यादव ने किया। उन्होंने कहा की सरकार के द्वारा चलाए गये कार्यक्रमों से लाखो वंचित जनता की काटे गये हक़ अधिकार पुनः वापस लेना होगा। क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा वंचित जनता की काटे गये हक़ अधिकार वापस लाने के लिए एक ज़ोरदार आंदोलन करेगी। सरकार को जगाने के लिए घर घर जा कर लोगो को जागरूक करने का कार्य करेगी। बैठक में सभी लोगो ने समस्या से अवगत कराया। बैठक में मुख्य रूप से सैयद अरमान, अनिल बारी, डा इरफान, रामलला महतो, राजू राजबंसी, जगदीश महतो, अनजारुल हक, दशरथ परसाद, प्रदीप कुमार यादव आदि मौजूद थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल के क्रिकेट खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर रहा शानदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** 20वीं सीनियर राष्ट्रीय सुपर सेवेन क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड उपविजेता ट्रॉफी हासिल किया। यह प्रतियोगिता मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल में 15 से 19 जनवरी के मध्य खेला गया। झारखंड राज्य के इस टीम में डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई से सात खिलाड़ी हर्ष कुमार,उज्ज्वल सिंह, प्रिंस वर्मा, अधिराज कुमार, पृथ्वी कुमार, विष्णु मोदक, अदिसन ने प्रतिनिधित्व किया। इन बच्चों के उम्दा प्रदर्शन करने से स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह बहुत खुश है तथा उन्होंने इन बच्चों को बधाई दी और कहा कि बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन करने से स्कूल का नाम राज्यभर में रोशन हुआ है तथा उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए स्कूल हर संभव मदद करने के लिए तैयार रहेगा साथ ही इन खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी उन्होंने धन्यवाद दिया जो अपने बच्चों को खेलने के लिए हौसला बढ़ाते हैं। इन बच्चों के शानदार प्रदर्शन करने से स्कूल में खुशी की लहर है तथा छोटे बच्चों में अनुकरण करने की पद्धति देखी जा रही है। प्राचार्य ने बताया कि इन होनहार बच्चों को विद्यालय विशेष पुरस्कार से सम्मानित करेगा। टीम के प्रशिक्षक संतोष सिंह, एडी प्रसाद एवं कुमकुम चक्रवर्ती को भी स्कूल की प्राचार्या ने धन्यवाद दिया और भविष्य में भी अच्छे प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दी।

## न्यू एंजेल्स होम स्कूल ने मनाया वार्षिक महोत्सव

*स्कूल के संस्थापक स्व शब्बीर अख्तर को किया गया याद*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** न्यू एंजेल्स होम स्कूल डिगावाडीह के प्रांगण में स्कूल का वार्षिक महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अनुपमा सिंह और जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर के द्वारा अतिथियों को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समाज के कुछ गणमान्य व्यक्तियों को उनके सामाजिक कार्य के लिए भी सम्मानित किया गया। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा समाज को स्वच्छता हेतु अपने आसपास की सफाई रखने, नारी शक्ति तथा देशभक्ति का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि अनुपमा सिंह ने बच्चों को मन लगा कर पढ़ने और अभिभावकों को उनका सहयोग करने का संदेश दिया। प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय शब्बीर अख्तर के जीवन के बारे में बताते हुए कहा की एंजेल्स होम से पढ़े हुए बच्चे आज हर क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रहे हैं जिसका श्रेय उन्होंने गुरुजनों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी दिया। विद्यालय के समस्त लोगों को निदेशक ने अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव, इफ्तिखार, साइमा, कावेरी, जैनब, प्रियंका, बिन्दु, सोनू, विकास, सगीर, सुमित और स्कूल के समस्त शिक्षक गण की भूमिका सराहनीय रही।

## एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में विधायक श्रीयसी सिंह का आगमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में जमुई, बिहार की विधायक श्रीयसी सिंह का आगमन हुआ। इस मौके पर हॉस्पिटल के सी.एम.डी गणेश प्रसाद सिंह, सी.ई.ओ. डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह निदेशक शिवेंद्र कुमार सिंह एवं सी.ओ.ओ. निकिता सिंह समेत डॉक्टरों और कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक स्वागत किया। श्रीयसी सिंह, जो कि भारतीय राजनीति में एक प्रमुख नाम हैं, केंद्रीय मंत्री रहे राजा दिग्विजय सिंह और कई बार की सांसद पुतूल देवी की सुपुत्री हैं, उनके आगमन ने अस्पताल के कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय में एक नई ऊर्जा का संचार किया।इस अवसर पर एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हमारी संस्था में ऐसे महान व्यक्तित्व का आगमन एक गर्व की बात है। श्रीयसी सिंह की न केवल राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका है, बल्कि उनके सामाजिक कार्यो ने उन्हें बिहार और पूरे देश में एक अलग पहचान दिलाई है। हम उनके इस दौरे को बेहद सकारात्मक मानते हैं, और हमें विश्वास है कि इससे स्थानीय समुदाय को और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में हमें प्रेरणा मिलेगी।डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने आगे कहा की हमारा उद्देश्य यह है कि धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को उच्चतम स्तर की चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराई जाएं। अस्पताल में विश्वस्तरीय उपकरणों और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ हम मरीजों को पूरी तरह से सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रीयसी जी जैसे सम्माननीय जनप्रतिनिधियों का आना हमारे अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें और भी बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम के दौरान श्रीयसी सिंह ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा भी किया और डॉक्टरों तथा अन्य कर्मचारियों से बातचीत की।

## अम्बेडकर सम्मान मार्च मे जम कर बरसे प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो

**धनबाद :** तोपचाची प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित डाक्टर भीम राव अम्बेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो कार्यक्रम का हिस्सा बने। श्री महतो ने अमित शाह द्वारा अम्बेडकर पर टिप्पणी का खंडन करते हुए जमकर बरसे माइक पकड़ते ही गुस्सा का इजहार करते कहा कि बाबा अम्बेडकर दलित वंचित दबे कुचले लोगो को उनके हक अधिकार दिलाने के लिए जो काम किया वह देश भूल नही सकता है। कांग्रेस ने उनके द्वारा बनाये गये संविधान कि हमेशा से सुरक्षा करते आयी है ओउर करते रहेगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
**Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com**

**सूचना**

एतद् द्वारा संवेदक M/s A. K.G. Construction & Developers Pvt. Ltd. Ranchi को सूचित किया जाता है कि एकरारनामा संख्या SBD-06/2022-23 को मुख्य अभियंता (CDO) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची के कार्यालय आदेश संख्या 20 दिनांक 23.08.2024 के द्वारा एकरारनामा का विखण्डन किया गया है। जिसके आलोक में अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के कार्यालय आदेश संख्या 36 दिनांक 15.10.2024 के द्वारा संयुक्त मापी हेतु टीम का गठन किया गया। उक्त आलोक में सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया के पत्रांक 286 दिनांक 07.12.2024 के द्वारा 20.12.2024 की तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें आप उपस्थित नहीं हुए। पुनः पत्रांक 300 दिनांक 23.12.2024 के द्वारा 28.12.2024 की तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें आप उपस्थित नहीं हुए। पुनः पत्रांक 08 दिनांक 07.01.2025 के द्वारा दिनांक 18.01.2025 को तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें भी आप उपस्थित नहीं हुए।

पुनः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.01.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे पानी टंकी स्थित अवर प्रमंडलीय कार्यालय झुमरीतिलैया में संयुक्त मापी हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि संयुक्त मापी की कार्रवाई की जा सके। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर विभागीय तकनीकी टीम के माध्यम से एक पक्षीये मापी करा लिया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
झुमरीतिलैया

PR 344809 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला**

National Career Service

भर्ती कैम्प–2025

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के तत्वाधान में दिनांक– 28.01.2025 दिन (मंगलवार) के पूर्वाहन 10:30 से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान– जिला नियोजनालय, गुमला कार्यालय परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required Essential | Experience if any | Age ( Min. / Max Year) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | KEVALYA FINANCIAL SERVICES Pvt. Ltd Ranchi | Field Officer ( Only For Female) | 5 | Matric Pass. | Fresher | 18 to 32 Years. | 12,000/- take home+2500 fuel+ free accommodation +PF+ ESIC +Gratuity + Lucrative Incentive. | Sisai, Gumla. |
| | | Field Officer ( Only For Male) | 5 | Matric Pass. | Fresher | 18 to 32 Years. | 12,000/- take home+2500 fuel+ free accommodation +PF+ ESIC +Gratuity + Lucrative Incentive. | Bero, Ranchi. |
| 2 | ABS Services. | Technician Trainee ( Only For Male) | 50 | 10th , 12th Pass. | Fresher | 18 to 32 Years. | 9,000/- Per Month | Tamilnadu. |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id Card (Self Attested), Own Bike/Scooty RC(Self Attested), Educational Mark sheet and Caste Certificate एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उसे निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

अतः इस प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 344786 Labour Employment and Traning (24-25)_D

# भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में अम्बेडकर नगर में मनाया गया संविधान गौरव दिवस

## भाजपा ने किया भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान : किशुन दास





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में मंगलवार को अम्बेडकर नगर लोहरदगा में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन दास एवम विशिष्ठ अतिथि के रूप मे भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर एवम भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन एवम बंदेमातरम गीत के साथ किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि किशुन दास ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं।इनमे बाबा साहेब के जीवन से जुड़े 5 महत्वपूर्ण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। इनमें जन्मभूमि (महू), शिक्षा भूमि (लंदन), दीक्षा भूमि (नागपुर), महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली), और चैत्य भूमि (मुंबई) शामिल हैं। ये स्थल उनकी यादों और विचारों को संरक्षित करते है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की, जो शोध और सामाजिक- आर्थिक बदलाव के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है। भाजपा समर्थित सरकार ने बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। इसके साथ ही, 1990 में संसद में उनका चित्र स्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए भीम ऐप लॉन्च किया गया, जिसका नाम बाबासाहेब डॉ.अंबेडकर के नाम पर रखा गया है। यह ऐप उनके योगदान के सम्मान और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। भाजपा सरकार ने 2016 में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में संशोधन किया, जिससे अनुसूचित जाति और जनजाति के पीड़ितों के लिए आर्थिक मदद को बढ़ाया गया। भाजपा ने अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण को 10 वर्षों के लिए बढ़ाया। इसके अलावा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए 10त्न आरक्षण लागू किया और ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33त्न आरक्षण प्रदान किया। इस कदम से महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाकर वहाँ के नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए। यह बाबासाहेब के दृष्टिकोण के अनुरूप था, जिसमें उन्होंने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की। यह दिन संविधान के निर्माता के रूप में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करने और सम्मान देने के लिए समर्पित है। भारत रत्न बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 125 और 10 के स्मारक सिक्के जारी किए गए, जो राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को चिह्नित करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ठ अतिथि अमरजीत यादव ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के साथ हमेशा अन्याय किया गया है।

## महिलाओं को परिवार नियोजन की दी गई जानकारी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गगेया में स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सेविका मालती देवी व स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। तथा परिवार नियोजन के लिये पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण के बारे बताते हुए स्थायी और अस्थाई विधि के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही मलेरिया से बचाव, खांसी, टीवी, सर्दी जुकाम सहित अन्य बीमारी और उसे बचाव के बारे में बताया गया। वही नवजात बच्चों में होने वाले बीमारी निमोनिया, सर्दी जुकाम, बुखार, दस्त,उल्टी सहित विभिन्न तरह के बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए गर्भवती महिलाओं और माताओं को आयरन की गोली, आयोडीन युक्त नमक, हरा साग सब्जी, फल, दूध अंडा का सेवन करने के लिये कहा गया. जिसे माँ और नवजात बच्चे स्वस्थ्य हों और बच्चे बच्चियां जन्म से मंदबुद्धि व दिव्यांग न हों। साथ ही बच्चे बच्चियों को आंगनबाड़ी केंद्र में समय पर ला कर चेचक, बीसीजी, टेटन्स का सुई दिलाने के लिये निर्देश दिया गया। किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में बलगम जांच कराने के लिये बताया गया। मौके पर संगीता गोस्वामी, सुनीता उरांव, यशोदा देवी, पूनम देवी, रेशमी उरांव, पुष्पा देवी, सुशांती उरांव, फूलकुमारी उरांव सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं की प्रखंड कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक, गुणवता पुर्वक करायें निर्माण कार्य : बीडीओ



**कैरो लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 21 जनवरी मंगलवार को कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छंदा भटाचार्य की अध्यक्षता में विकास योजनाओं को लेकर किया गया समीक्षा बैठक। उक्त बैठक में प्रखंड से संचालित प्रधानमंत्री आवास, अबुवा आवस एवं मनरेगा योजना द्वारा संचालित कार्यो का बिंदुवार समीक्षा की गई, साथ ही साथ सभी योजनाओं को गुणवत्ता पुर्वक ससमय योजना निर्माण कार्य को पूर्ण कराने व लंबित कार्यो को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश संवंधित पंचायत कर्मियो को बैठक में दिया गया। वही योजनाओं में राशि भुकतान के वावजूद कार्य नही कर रहे लाभुकों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सबंधित पदाधिकारी को कार्य पूर्ण कराने अन्यथा कानूनी प्रवधान के अनुसार लाभुकों से राशि की वापसी कराने का निर्देश बैठक में दिया गया, साथ ही विकास योजनाओं में बिना किसी भेदभाव के आवश्यकता के अनुसार लाभुक व योजना का चयन करते हुए गुणवत्ता पुर्वक निर्माण कार्यो को करवाने का निर्देश दिया गया मौके पर पंचायत सचिव पवन कुमार, जग्गू उरांव, विनय उरांव, रामसहाय टाना भगत, रीना उरांव, अमन शिखर, दिनेश कुमार, पंचायत सहायक समीम अंसारी, सतीश उराँव, रेखा देवी, सिमोन बाखला आदि बैठक में उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर डीसी एवं एसपी सिमडेगा ने की समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त महोदय द्वारा पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने दिसंबर माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की। तथा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। ह्वा- 143, पथ निर्माण विभाग, एवं नगर परिषद् द्वारा शहरी क्षेत्र में दुर्घटना से निजात पाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी ली।उपायुक्त महोदय ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े शौचालय को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही शहरी क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे की अतिक्रमण हटाओ संबंधी कार्यो को भी समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। स्वास्थ विभाग द्वारा संचालित एंबुलेंस व्यवस्था को पूर्ण रूप दुरूस्त रखने की बात कहीं। वहीं विद्युत विभाग को शहरी क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे के पुराने पोल को एक सप्ताह के अंदर हटाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय द्वारा हिट एंड रन से संबंधित मामलों की समीक्षा किया गया। उन्होंने हिंट एंड रन से संबंधित लंबित सभी मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं समय पर दुर्घटना मुआवजा राशि लाभुकों को मुहैया कराने की बात कहीं। तथा दिसंबर माह में हुए सड़क दुघर्टनाओं का एक - एक कर समीक्षा किया। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री संजय बखला, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## वनाधिकार क़ानून के तहत हुआ ग्राम सभा की बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत बीरू, पंडरीपानी ग्राम सभा के नवाटोली में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष प्रवीण बाडा की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन सह जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच मिडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून के उल्लंघन या इसके क्रियान्वयन में बाधा डालने पर दंडात्मक कानूनी करवाई करने का अधिकार है। वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन में कोई प्राधिकरण, समिति या अधिकारी या सदस्य बाधा उत्पन्न करे या वनाधिकार मान्यता के नियमों का उल्लंघन करे तो वह अपराध के दोषी समझे जायेंगे तथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाई एवं जुर्माने से डंडित किये जाने की भागी होंगे। (धारा 7 के तहत)। यदि अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के किसी सदस्य को गलत तरीके से वनाधिकार से वंचित या बेदखल किया जाता है तो वह अनुसचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार एवं उत्पीड़न निवारण) संशोधित अधिनियम 2015 के धारा 3.1 (छ) तहत एक अपराध है और अपराधी पर इस कानून के तहत कानूनी कार्यवाई होगी। वनाधिकार कानून 2006 आदिवासी जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वनों पर अधिकारों की मान्यता) कानून हमारे लिए रक्षा कवच के रूप में है। इसलिए अपने सिमाना क्षेत्रों के वनों की प्रबंधन,संवर्धन और संरक्षण करने की जरूरत है। बैठक का संचालन इमानुएल भेंगरा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मार्कुस कुजूर ने किया। बैठक में कलेवर सिंह, बेदंती देवी,रोपनी देवी, झमन कुल्लू, सोमरा टेटे, बासिल मिंज, हिरालाल सिंह, अल्बिस् एक्का, सचिन बड़ा, सुलेमान कुजु, बरदान टोप्पो, अल्मा केरकेटा, चंपा देवी, जुगनी देवी, सुमित्रा देवी, बंधनी टेटे, बिरसी कंडुलना, मार्था कंडुलना, लालो देवी, सुशीला बखला सहित भारी संख्या में ग्राम सभा के लोग उपस्थित थे।

## नेताजी एक सच्चे देशभक्त और भारत के सबसे प्रेरक स्वतंत्रता सेनानी मे से एक थे : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को मनाई जाती है। यह दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता और स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है। सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में विशेष स्थान प्राप्त किया है और उनकी बहादुरी और दृढ़ नायकत्व को कभी नहीं भुलाया जा सकता सुभाष चंद्र बोस एक सच्चे देशभक्त और भारत के सबसे प्रेरक स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। अपने साहसिक नेतृत्व और जय हिंद के नारे देने वाले बोस ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के संस्थापक के रूप में उन्होंने अनगिनत व्यक्तियों को अपने देश के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प से भरा उनका जीवन छात्रों को बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों के लिए अथक परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक ओडिशा में हुआ था उनके पिता जानकीनाथ बोस एक समृद्ध वकील थे,और माता प्रभावती देवी एक धार्मिक महिला थीं। सुभाष चंद्र बोस ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कटक में प्राप्त की और फिर कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। बाद में उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा दी और उसमें चौथा स्थान प्राप्त किया। हालांकि, स्वतंत्रता संग्राम के प्रति उनकी गहरी रुचि थी, जिससे उन्होंने आईसीएस की नौकरी छोड़ दी और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गए।

## डायट चिरी में आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट चीरी के तत्वाधान में आयुष्मान भारत के तहत 46 विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यहां पर प्राचार्य सह जिला शिक्षा पदाधिकारी चतरा अभिषेक बड़ाइक के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में सेंटर फॉर कैटालाईजिगं चेंज सी थ्री के प्रतिनिधि व जिला साधन सेवियों ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार रूप से बताया। साथ ही किशोरावस्था में होने वाली गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला गया। यहां पर संस्थान के प्रभारी प्राचार्य अमृता सिंहा ने सत्र में सभी आरोग्य दूतों को विद्यालय स्तर तक कार्यक्रम को लागू करने में उनकी महत्ती भूमिका हेतु चर्चा की गई। प्रत्येक विद्यालय से एक पुरूष और एक महिला शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लिए। तत्पश्चात किशोर-किशोरियों में होने वाले शारीरिक मानसिक समाजिक व जीवन कौशल संबंधी जानकारी देकर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। इससे पूर्व सभी विद्यालय के दो आरोग्य दूतों का प्रशिक्षण कराया जा चुका था। इस बीच जेसीईआरटी के निर्देश पर अनुसार उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से दो अतिरिक्त आरोग्य दूत का चयन कर उनका प्रशिक्षण करवाया गया।

## बालिका हॉकी खिलाड़ियों को विधायक भूषण बाड़ा ने सिखाया हॉकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक सह हॉकी खिलाड़ी भूषण बाड़ा ने मंगलवार को स्टोटर्फ हॉकी स्टेडियम पहुंच अंडर 19 बालिका हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी के कई टिप्स दिए। उन्होंने खिलाड़ियों को हॉकी के विभिन्न बारीकियों को भी समझाया। विधायक ने कहा कि कभी सामने वाली टीम को कमजोर समझकर मैदान में न उतरें। कभी कभी सामने वाली टीम को कमजोर समझने की भूल से भी हार मिलती है। उन्होंने कहा कि कोई भी मैच जीतने के लिए टीम में आपसी तालमेल जरूरी है। टीम में शामिल सभी खिलाड़ी न सिर्फ एक खिलाड़ी हैं, बल्कि परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं सोंच के साथ मैदान में उतरें। साथ ही एक दूसरे में मधुर संबंध बनाते हुए आपसी तालमेल दिखाएं। तभी कोई भी प्रतियोगिता में जीत दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि अपना अभ्यास निरंतर जारी रखें। जितना ज्यादा अभ्यास कीजियेगा उतना ज्यादा आपके खेल में निखार आएगा। इंटरनेट के माध्यम से अच्छे खिलाड़ियों का खेल देखें और उनके खेल से सीखने की कोशिश करें। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सह कोच बीरेंद्र लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, समीर किंडो, सिमडेगा बालिका कोच तारणि, आरती, एमा बाड़ा आदि उपस्थित थे।

## सांसद का सोच व कार्य सराहनीय है : इमरान आजाद



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद सुखदेव भगत द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष साजिद अहमद को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु निवासी इमरान आजाद सह यूथ कांग्रेस के विशुनपुर विधानसभा के नेतृत्व में बधाई दिया है। और साथ ही कहा सांसद का सोच और अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति सराहनीय है। जिसे अल्पसंख्यक समाज के व्यक्ति को सांसद प्रतिनिधि बना कर सम्मान दिया है। वही साजिद अहमद को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर पार्टी जमीनी स्तर पर मजबूत होगा। और लोगो मे संगठन के प्रति जिज्ञासा जगेगा और पार्टी के प्रति सोच होगा। की संगठन हमारा भी प्रतिनिधित्व करने वाला है। वही सांसद सुखदेव भगत को बधाई देने वालों में बाल विकास मंच के अध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद, पूर्व मुखिया सुखदेव उराँव तोडार तथा गुलाब अंसारी, असफाक अंसारी, कृपाल उरांव, आज़म अंसारी, हफिज अंसारी, राजू बखला, इकबाल अंसारी, आज़म अंसारी, जीतन बख्ला, मुस्ताक अंसारी, समीद अंसारी, जेरकु उरांव, नसीम अंसारी, जाहिद अंसारी वसीम, अंसारी, अमर भगत, प्रेम एक्का सहित अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हैं।

## आलोक साहू सांसद सुखदेव भगत के निजी सहायक बने

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद श्री सुखदेव भगत ने अपने आवास में लोहरदगा एवं गुमला जिला के सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच लोहरदगा निवासी आलोक कुमार साहू को अपना निजी सहायक बनाने की घोषणा की है। बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आलोक कुमार साहू को बधाई दिए।

## नलजल योजना का लाभ नही मिल रहा है ग्रामीणों को

# जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल स्वीकृत योजना का पूर्ण रूप से ढांचा नही हुआ निर्माण, विभाग मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग के तत्वधान में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के हर घर को नल जल योजना से जोड़ना है। जिसे प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न गांव के ग्रामीणों को हर घर नल जल योजना का लाभ मुहैया कराया जाना है। परंतु अर्धनिर्मित योजना सुदुर्वर्ती ग्रामीण क्षेत्र की ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा रही है। ऐसा ही एक मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत गढ़गांव में देखने को मिला। जहां जलमीनार की छमता पांच हजार लीटर,सोलर मोटर पम्प छमता 1 एच पी विभाग के निर्देशानुसार लगाने का निर्देश दिया गया है लेकिन कुछ जगहों पर जलमीनार निर्माण कार्य पूर्ण हुआ तो कुछ जगहों पर अर्धनिर्मित अवस्था मे देखने को मिल रहा है। वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्र में नल जल योजना धरातल पर सुचारू रूप से समय सीमा के तहत संचालित नही होने के कारण आज भी गांव के लोग पानी की समस्या से झुझ रहें है। विदित हो कि उक्त योजना का निर्माण अलौदी पंचायत में संवेदक ललन यादव के द्वारा कराया जाना था। और कार्य आरम्भ भी किया गया। जिससे गामीणो को पानी का समस्या से निजात मिलने का आसार दिख रहा था। लेकिन जलमीनार निर्माण कार्य अधूरे होने के कारण ग्रामीणों की बीच पेयजल समस्या कायम है। वही कलावती देवी, सागर उरांव, केतकी उराइन, भूषण सिंह, रंजीत उरांव, कमलेश उरांव, विदेश उरांव, सोमा उरांव सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि गढ़गांव ग्राम में जलमीनार निर्माण हेतु चबूतरा बनवाया गया है। जो एक वर्ष से जलमीनार के लिये चबूतरा बना कर संवेदक द्वारा छोड़ दिया गया है। कार्य नही होने के कारण आज तक पूर्ण रूप से कार्य पूरा नही होने के कारण योजना अर्धनिर्मित अवस्था में गांव का शोभा बढ़ा रहा है। बस ग्रामीणों के बीच नल जल का आस लगा हुआ है जिसे आज नही तो कल योजना पूर्ण होगा और पानी की समस्या से निजात मिलेगा। आखिर योजना निर्माण कार्य मे चूक कहाँ हुआ और इसका कौन जिम्मेदार है। जिसपर ग्रामीण प्रेस के माध्यम से संबंधित विभाग से पूछ रहे है की क्या इस योजना में संवेदक की लापरवाही का नतीजा है या विभाग की लचर व्यवस्था नतीजा है आखिर ग्रामीणों को पेयजल समस्याओं से निदान कब मिलेगा।

## कलम और कागज के साथ परीक्षा के लिये तैयार है भैया-बहन : शशिधर लाल अग्रवाल

# शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा दशम के भैया बहनों का स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा दशम के भैया-बहनों का स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल,सचिव अजय प्रसाद ,उपाध्यक्ष विनोद राय,इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। अतिथियों का परिचय विज्ञान आचार्या मंजू देवी ने कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिशु कक्षा से दशम कक्षा तक पूर्ण भारतीय पद्धति से सुदृढ़ शिक्षा प्रदान करना विद्या मंदिर का मूल कर्तव्य रहा है संस्कारक्षम शिक्षा देना विद्या मंदिर का उद्देश्य है। साथ ही बोर्ड परीक्षा की शुभकामना भी दी। कक्षा नवम की बहनों द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अनुभव कथन में कक्षा दर्शन की बहन अन्वेष मुखर्जी ने विद्यालय का अनुभव रखा। कक्षा दशम के भैया अंश पांडे ने भी कक्षा षष्ठ से दशम तक विद्यालय प्रांगण में बिताए गए समय के बारे में अपना वक्तव्य दिया। इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील सिंह ने ने कहा कि उसने मिलन को आशीर्वचन शुभकामना समारोह भी कहते हैं। विद्या भारती,अखिल भारतीय कार्यकर्ता के रूप में सभी विद्यार्थी हैं सभी विद्यार्थियों को पूर्ण जीवन काल में विद्यार्थी गुण जिंदा रखना चाहिए जिससे नैतिक ,आध्यात्मिक गुना का विकास हो सके साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। उपाध्यक्ष विनोद राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भैया- बहन विषयों का पाठ्यक्रम पूरा किए हैं परंतु स्वयं अपना पाठ्यक्रम पूरा करें जिससे परीक्षाफल में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करें। अध्यक्ष आशीर्वचन में शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि भैया- बहन कलम और कागज से पूरी तरह तैयार हैं,अपने पहचान को बनाने के लिए मैट्रिक परीक्षा एक माध्यम है भविष्य निर्माण करने का। विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। विज्ञान आचार्य राजीव सिंह के द्वारा भैया-बहनों को बहुत सारे टिप्स दिए गए। जिससे अपने भविष्य की योजनाओं को आगे बढ़ाने में सहायक हो। कक्षा दशम खंड गार्गी की बहनों के द्वारा प्रधानाचार्य सहित आचार्य दीदी एवं कर्मचारियों को उपहार दिया गया। बहनों के द्वारा स्मृति के तौर पर वृक्षारोपण भी किया गया। स्नेह मिलन समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य जी दीदी जी एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी आचार्या अनिता देवी ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## चलते चलते एक नजर

### हेमंत सरकार भूमि बैंक को रद्द करें : भुवनेश्वर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त तत्वावधान में विस्थापन ,पलायन और किसानों के ऊपर बढ़ते संकट के सवाल को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 24 मार्च को 50 हजार झारखंड के विस्थापित आदिवासी, दलित ,मूलवासी, किसान परिवार के लोग भाग लेंगे. इस कार्यक्रम को व्यापक व सफल बनाने के लिए 16 फरवरी को पुनः एक बैठक का आयोजन किया जाएगा एवं प्रमंडल स्तर पर जाता यात्रा निकालकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. उक्त जानकारी बैठक के पश्चात भाकपा के राज्य सचिव एवं पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने मीडिया से बात करते हुए उक्त बातें कहीं.उन्होंने लैंड बैंक रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि आज करोड़ों की संख्या में हमारे लोग विस्थापित एवं पलायन कर चुके हैं जिसकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है और पुनः सेल, डीवीसी एनटीपीसी इ सी एल, बीसीसीएल सीसीएल कॉपर ,थर्मल पावर स्टेशन, कॉल ब्लॉक्स, प्राइवेट कल कारखानों वगैरह से रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी नहीं जा रही है.जल जंगल जमीन का अधिकार छीना जा रहा है . पूरे राज्य को प्रदूषित किया जा रहा है. राज्य में भू- अर्जन अधिनियमों का अभी तक पालन भी नहीं किया जाना दुर्भाग्य की बात है . कॉरपोरेट, उपनिवेशवाद व निजीकरण झारखंड को बर्बाद करने में तुला हुआ है. झारखंड एवं झारखंडियों के समक्ष अस्तित्व एवं अस्मिता के संकट हो गए हैं.उन्होंने कहा कि सेल एच इ सी , डीबीसी आदि टाटा कंपनी आदि में जरूर से अधिक जमीन का अधिकरण किया गया है उदाहरण स्वरूप सेल बोकारो में 34000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण हुआ जिसमें मात्र 2000 एकड़ जमीन का उपयोग फैक्ट्री आवास एवं अन्य कामों में किया गया है बाकी यूं ही रैयतों का जमीन पड़ा हुआ है. हैक में 10000 एकड़ जमीन का अधिकरण हुआ जिसमें मात्र 6000 एकड़ जमीन का उपयोग हुआ इसमें हाई कोर्ट और विधानसभा भवन का निर्माण भी शामिल है.

### पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी ने किया कंबल का वितरण



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)** वार्ड 18 अंतर्गत कचहरी रोड स्थित अटल स्मृति भवन वेंडर मार्केट के अपोजिट में राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी के सांसद प्रतिनिधि एवं वार्ड 18 के पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। सोमवित माजी ने जरूरतमंदों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या होने पर आप मुझे निसंकोच कह सकते हैं और आपकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु हर संभव हमलोग प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड 18 पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल,भोलू सिंह, रोहन सिंह,अर्जुन सिंह,शुभम वर्मा, अंकित सिंह,आशीष रजक, निकास वर्मा, रविंद्र ठाकुर, अमित साध, अजीत गुप्ता, करण उरांव सहित अनेकों को लोग उपस्थित रहें।

# अब शहर को भी क्रिकेट कोचिंग अकादमी की आवश्यकता : अरुणा शंकर

*** क्रिकेट खेलने आए बच्चों ने मेरे जन्मदिन को खास बना दिया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : चैनपुर में इलेवन फाइटर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित हिंदू एकता दल के सहयोग से शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने की। उद्घाटन करते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि क्रिकेट युवाओं का सबसे लोकप्रिय खेल है। जिसकी लोकप्रियता विदेशो तक है। खासकर हमारे देश के कई खिलाड़ी इसी तरह छोटे शहर से मैच खेल कर देश और विदेश में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि आज क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़े सरताज में एक झारखंड के धोनी भी इसी पृष्ठभूमि से आगे बढ़े और कई बार डाल्टनगंज भी मैच खेलने आए। जो हमारे शहर के लिए सौभाग्य की बात है। प्रथम महापौर ने कहा कि अब हमारा शहर धीरे-धीरे बड़े शहरों के तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। यहां भी एक क्रिकेट कोचिंग अकादमी की आवश्यकता है। जहां हमारे शहर के युवा भी कोचिंग ले सके और हमारे शहर में डॉक्टर, इंजीनियर की तरह एक धोनी भी निकल सके द्य यह तभी संभव है, जब एक शानदार क्रिकेट कोचिंग अकादमी और अच्छा ट्रेनर उपलब्ध हो। इसके लिए मैं प्रयास करूंगी। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सनत गुप्ता, सोम गुप्ता, रोशन गुप्ता, सचिन गुप्ता एवं चंदू कमलापुरी ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर के जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर प्रारंभ की। जिस पर प्रथम महापौर भावुक होते हुए कहा कि बच्चों ने मेरे जन्मदिन को खास बना दिया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, शैलू चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, विजय कमलापुरी, सलामुद्दीन खान, प्रदीप प्रसाद, राजू सोनी, एवं दोनों टीम के कप्तान के अलावे काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सीएम नीतीश कुमार का नेताओ ने किया जोरदार स्वागत

**एजेंसी**



**किशनगंज** : प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के कटहल डांगी गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जैसे ही कटहल डांगी पहुंचा ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। गौर करे कि लगभग तीन घंटे की देरी से पहुंचे सीएम नीतीश कुमार का सत्ता धारी दल के नेताओ के साथ साथ राजद सहित अन्य दलों के नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यहां अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया है। सीएम नीतीश कुमार लगभग 350 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है।इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री जमा खान, मंत्री विजय चौधरी, नीरज कुमार सिंह उर्फ बबलू, पूर्व मंत्री नौशाद आलम, ठाकुरगंज से राजद विधायक सऊद आलम, नगर पंचायत अध्यक्ष सिकंदर पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। गौर करे कि मुख्यमंत्री ठाकुरगंज से हेलीकॉप्टर के द्वारा हालामला जायेंगे। उसके बाद डेढामारी में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निरीक्षण और फुटओवर ब्रिज का शिलान्यास करेंगे। तपश्चात देवघाट खगड़ा में रमजान नदी की समस्या का निरीक्षण करेंगे। उसके बाद जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक के बाद पटना के लिए रवाना होंगे।

## आजादी के बाद पहला रिम्स 2 बनेगा हेमंत सरकार में : डॉक्टर इरफान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची** : रिम्स में बढ़ते मरीजों को देखते हुए झारखंड सरकार एक बहुत बड़ा निर्णय लिया है, कि अब रांची के बगल कांके विधानसभा के शुकुरहुट्टू में रिम्स 2 का निर्माण कराया जाएगा और इसकी प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है । इस संबंध में रिम्स 2 के लिए जमीन भी चिन्हित कर लिया गया है। उक्त जमीन निरीक्षण करने के दौरान झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने दी। डॉक्टर इरफान अंसारी ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार हेमंत सोरेन की सरकार में रिम्स 2 का निर्माण होने जा रहा है । करीब 110 एकड़ जमीन कांके के सुकुरहुट्टू में चिन्हित किया गया है। यहां पर 700 बेडों का भव्य अस्पताल बनाया जाएगा। यह ऐसा मेडिकल कॉलेज होगा ,जहां पर स्वास्थ्य से संबंधित हर बीमारी का इलाज यहां संभव होगा, ताकि रिम्स में मरीजों का भार काम हो सकेगा । नए रिम 2 में निर्माण दो साल में होगा। वहीं स्थानीय लोगों को हर तरह की सुविधाएं मिलेगी। इसके अलावा डॉक्टर इरफान ने यह भी कहा कि झारखंड में जितने भी स्वास्थ्य केंद्र हैं उन सब की बदहालियों को दुरुस्त किया जाएगा । जिस तरह की समस्याएं हैं उसका निराकरण कराया जाएगा, जो कमियां है उसको दूर करके बेहतर बनाया जाएगा । सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज बेहतर हो किसी तरह का किसी को समस्या ना हो यह प्राथमिकता में रहेगी। इस मौके पर स्वास्थ्य सचिव अजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## नाई महासभा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने का लिया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : नाई महासभा की बैठक मंगलवार को मेदिनीनगर के बस स्टैंड के समीप हुई। इसमें 24 जनवरी 2025 को भारत रत्न से सम्मानित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम पूर्वाह्न 9 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के तहत चैनपुर के टेम्पो स्टैंड में स्थापित भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किया जायेगा। इसके पूर्व नाई महासभा के सभी सदस्य शाहपुर के स्वामी विवेकानंद चौक से बाइक रैली के तहत चैनपुर पहुंचेंगे। बाइक रैली के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन किया जायेगा। नाई महासभा के अध्यक्ष धनंजय ठाकुर ने नाई समाज के साथ-साथ सभी लोगों से भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने हेतु संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने सभी आम व खास लोगों के साथ-साथ पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से माल्यार्पण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जननायक सभी वर्ग की बात करते थे। जयंती के अवसर पर जनभागीदारी सुनिश्चित कर जननायक के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, यह बड़े ही गर्व की बात है। बैठक में उपाध्यक्ष मंजीत ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सचिव उपेंद्र ठाकुर, अनुज कुमार ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजेश ठाकुर, बबलू ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, आदित्य ठाकुर, सत्य प्रकाश ठाकुर, दशरथ ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी**




**महाकुम्भ नगर** : प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी।

संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

## भारत, बेल्जियम ने औषधि एवं कृषि उत्पादों में व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

**नई दिल्ली** : भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए फार्मा और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को हल करने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में औषधि तथा कृषि उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं में नियामक बाधाओं पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने निरंतर बातचीत के जरिए इन चुनौतियों से निपटने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने इस बैठक के दौरान व्यापार मुद्दों के समाधान के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की।

# महाकुंभ में गौतम अडाणी ने की सेवा, संगम जाकर की पूजा

**एजेंसी**



**प्रयागराज** : प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे बिजनेसमैन और अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने वीआईपी घाट पहुंचकर पूजा-अर्चना की. वह पुजारियों के साथ नाव पर सवार होकर त्रिवेणी पहुंचे थे, जहां पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनकी पूजा करवाई और फिर उसके बाद उन्होंने सपरिवार संगम में गंगा नदी की आरती उतारी. इससे पहले अडाणी ने महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया था. गौतम अडाणी अपनी पत्नी प्रीति अडाणी और बच्चों के साथ महाकुंभ पहुंचे थे. वह पहले इस्कॉन कैंप पहुंचे थे, जहां प्रार्थना करने का बाद उन्होंने किचन में सेवा की. उसके बाद महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया. यहां से अडाणी वाईआईपी घाट पहुंचे, जहां संगम में पूजा -पाठ की. पुजारियों ने वैदिक रीति-रिवाज के साथ उनकी पूजा संपन्न कराई. इसके बाद उन्होंने क्रूज पर सवार होकर ही गंगा आरती भी की. बता दें कि प्रयागराज में इस्कॉन मंदिर और अडाणी ग्रुप मिलकर महाप्रसाद सेवा कर रहे हैं. गौतम अडाणी इसी महाप्रसाद वितरण में शामिल हुए थे और सेवा की थी.संगम में पूजा-अर्चना के बाद अडाणी अपनी फैमिली के साथ बड़े हनुमान जी के मंदिर पहुंचे, जहां सपरिवार पूजा की. मीडिया से बात करते हुए गौतम अडानी ने कहा,प्रयागराज महाकुंभ में मुझे जो अनुभव हुआ, वो अद्भुत है. यहां जो प्रबंधन है, मैं देशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं. यहां जो प्रबंधन है- वो प्रबंधन संस्थानों के लिए शोध का विषय है. मेरे लिए मां गंगा के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ नहीं है.

# जीएन कान्वेंट स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से निश्शुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर डॉक्टर ए के सिन्हा, डॉ सुप्रिया पटेल, डॉ सुमित कुमार, डॉ जय कुमार, डॉक्टर निशि, डॉक्टर शेट्टिका प्रवीण, डॉ शिवानी गुप्ता,डॉ सतनारायण मेहता, डॉ श्रेष्ठ तेजस्वी को विद्यालय की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। निदेशक एवं शिक्षाविद्य मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि स्कूल बच्चों के प्रति हमेशा संवेदनाशील रहा है। वहीं बच्चों के शिक्षा के साथ साथ उनके स्वास्थ्य पर भी अपनी पैनी नजर रखता है। इसी कड़ी में आज का निःशुल्क दन्त जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दंत चिकित्सा मुंह और दांतों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं का क्षेत्र है। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर एके सिन्हा ने कहा कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसकी देखभाल हमारे लिए आवश्यक है। दांत नहीं रहने से पसंदीदा भोजन का स्वाद नहीं मिलेगा साथ ही साथ शब्दों के उच्चारण में भी परेशानी होगी।वहीं सुप्रिया पटेल ने कहा कि दांत एक हमारे शरीर का ऐसा अंग है जो भोजन के शुरुआत वहीं से होता है। खाने,चबाने और पोषण में दांत का महत्वपूर्ण भूमिका है। चिकित्सा शिविर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के दांतों का सघन उपचार किया गया तथा निश्शुल्क पेस्ट और दवा का वितरण भी किया गया। मंच का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने करते हुए वनांचल डेंटल कॉलेज को आभार प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम,मुकेश भारती, नीराशर्मा,कृष्ण कुमार,विकास कुमार, सरिता दुबे,नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी,ज्योति तिवारी,पूजा प्रकाश, रागिनी कुमारी, ऋषभ सिन्हा की भूमिका सराहनीय रही।

## गणतंत्र दिवस को लेकर दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर चौकसी बढ़ी

**झज्जर** : गणतंत्र दिवस को लेकर जिले से सटी दिल्ली-हरियाणा की सीमाओं और बहादुरगढ़ के मेट्रो स्टेशनों पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है। राजधानी दिल्ली से सटा होने और दिल्ली में विधानसभा चुनाव के कारण बहादुरगढ़ में पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। दिल्ली-हरियाणा के सभी बॉर्डरों पर पुलिस तैनात कर दी गई है। शहर में नाके लगाए गए हैं। दिल्ली से हरियाणा और हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करने वाले हर वाहन की बारीकी से पुलिस जांच पड़ताल करने के बाद ही आगे एंट्री दे रही है। 25 जनवरी की शाम से 26 जनवरी को कार्यक्रम के समापन तक दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश भी वर्जित रहेगा।बहादुरगढ़ क्षेत्र में कानोंदा-दिल्ली बॉर्डर, बालौर से झाखौदा, मुंडेला, परनाला, निजामपुर बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर, झाखौदा बॉर्डर, ढांसा बॉर्डर, खैरपुर, लडरावण व गुभाना गांव के पास से भी दिल्ली जाने के कई रास्ते हैं। दिल्ली की सीमाओं पर पुलिस ने पहरा शुरू कर दिया है।

# उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए जरूरी है ट्रिपल इंजन की सरकार : धामी

**एजेंसी**



**देहरादून** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़कोट, पुरोला और नौगांव के पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समग्र विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री धामी ने बड़कोट बाजार में आयोजित जनसभा में बड़कोट नगर पालिका क्षेत्र से भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अतोल सिंह रावत, नगर पालिका पुरोला से पालिकाध्यक्ष उम्मीदवार प्यारे लाल हिमानी और नौगांव नगर पंचायत से पंचायत अध्यक्ष उम्मीदवार विजय कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे निकाय चुनाव में भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाएं और पार्टी के विकासात्मक एजेंडे को समर्थन दें। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के साथ-साथ उत्तराखंड सरकार भी प्रदेश के समग्र और सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदेश में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में किए गए सुधारों और नए प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि इन प्रयासों के कारण राज्य की जनता को बेहतर जीवन स्तर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से ÷डबल इंजन सरकार÷ की सफलता की ओर इशारा करते हुए कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां हेली एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। यह सेवा पर्वतीय क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा को सुलभ और सस्ता बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रदेश के सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए सरकार की ओर से किए गए निरंतर प्रयासों का भी उल्लेख किया।उन्होंने बताया कि राज्य में धर्मांतरण, दंगा रोकने और भूमि तथा थूक जिहाद पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकारों और कर्तव्यों के तहत जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठ, भ्रम और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने कभी भी उत्तराखंड के वास्तविक मुद्दों पर सही दिशा में काम नहीं किया। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे भाजपा को समर्थन दें ताकि राज्य में विकास की गति को और तेज किया जा सके और प्रदेश को समृद्धि के नए शिखर तक पहुंचाया जा सके।इस अवसर पर पुरोला के विधायक दुर्गेश्वर लाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह राणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, सत्ये सिंह राणा, मीनाक्षी, चंडी बेलवाल, पूर्व विधायक मालचंद, केदार सिंह रावत, जयवीर सिंह जायडा, गजेंद्र सिंह रावत, यशोदा राणा, भरत सिंह रावत, कृष्णा राणा, विनोद राणा, मुकेश टम्टा, हरिमोहन चंद, सूरज सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह पयाल, कल्याण चौहान, रमेश समेत कई लोग उपस्थित रहे।